# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 6 जनवरी 2026


» प्रदेश में आधारभूत संरचना का तेज़ी से हो रहा विस्तार

» मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर मध्यप्रदेश

### केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की ऐतिहासिक घोषणाएं

# मध्यप्रदेश को मिला 20,000 करोड़ रुपए की सड़क निर्माण परियोजनाओं का उपहार




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में मध्य प्रदेश लगातार विकास की नई ऊँचाइयाँ छू रहा है। उनके विजन के अनुरूप राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर का तेज़ी से विकास हो रहा है, जो प्रदेश के समग्र उत्थान में सहायक सिद्ध हो रहा है। मध्यप्रदेश की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय भूतल एवं परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी ने 19 अक्टूबर को भोपाल में हुए सेमिनार में की गई घोषणा अनुसार प्रदेश को 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की सड़क निर्माण योजनाओं की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इन परियोजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारने के लिए कार्यवाही तेज़ी से की जा रही है। आने वाले दिनों में लगभग 20 हज़ार 403 करोड़ की लागत से प्रारंभ होने वाली 27 परियोजनाओं से प्रदेश के मार्गों और सड़कों का विस्तार होगा, जिससे यातायात सुगम बनेगा साथ ही सड़क सुरक्षा में अभूतपूर्व सुधार आएगा। लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सौगात प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो राज्य के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को नई दिशा प्रदान करेगी। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्य शुरू होंगे, जिससे यातायात में सुधार के साथ आर्थिक और सामाजिक प्रगति के नये आयाम स्थापित होंगे।



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भारत मंडपम दिल्ली में नितिन गडकरी के साथ विभिन्न परियोजनाओं का शुभारम्भ किया



### स्वीकृत परियोजनाएं

- वित्तीय वर्ष 2024-25 में पहले से स्वीकृत परियोजनाएँ जो प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में प्रगतिरत है।
- अयोध्या नगर बायपास (NH-46 से NH-146): 16 कि.मी. लंबे इस बायपास की लागत 1,219 करोड़ रुपये है।
- ग्यारसपुर-राहतगढ़ (NH-146): 36 कि.मी. लंबाई की इस परियोजना पर 620 करोड़ रुपये का खर्च होगा।
- राहतगढ़-बरखेड़ी (NH-146): 11 कि.मी. की यह परियोजना 450 करोड़ रुपये में पूरी होगी।
- विदिशा-भोपाल (NH-146): 52 कि.मी. लंबाई की इस सड़क पर 1,096 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।
- विदिशा-ग्यारसपुर (NH-146): इस 32 कि.मी. लंबी परियोजना की लागत 543 करोड़ रुपये है।
- जबलपुर रिंग रोड (पैकेज-5): 18 कि.मी. लंबाई की इस रिंग रोड के लिए 620 करोड़ रुपये का बजट है।
- आगरा-ग्वालियर ग्रीनफील्ड: इस 88 कि.मी. लंबे हाईवे की लागत 4,821 करोड़ रुपये है।
- प्रदेश मे केन्द्र स्वीकृत परियोजनाओं के तहत 9,369 करोड़ रुपये के विभिन्न सड़क निर्माण कार्य प्रगतिरत है।

### एनएचएआई के अंतर्गत प्रस्तावित परियोजनाएं

- बैतूल-खंडवा सेक्शन (एनएच-347बी): बेतूल से मोहदा (90 कि.मी.) और मोहदा से बाराकुंड तक 2-लेन प्लस पावर्ड सेक्शन का निर्माण किया जाएगा, जिसकी लागत 1,200 करोड़ रुपये है।
- देशगांव-खरगोन सेक्शन (एनएच-347बी): 65 कि.मी. लंबी इस सड़क को 4 लेन में परिवर्तित करने के लिए 1,700 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है।
- खरगोन-बड़वानी सेक्शन (एनएच-347बी): 35 कि.मी. की इस परियोजना में 1,000 करोड़ रुपये का प्रावधान है।
- सलकनपुर-नसरुल्लागंज-बुधनी-बाड़ी स्ट्रेच: इस 41 कि.मी. लंबे हिस्से की लागत 650 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है।
- झाबुआ-रायपुरिया-पेटलावद सेक्शन: 50 कि.मी. लंबाई की इस परियोजना के लिए 650 करोड़ रुपये का प्रावधान है।
- बरेठा घाट (एनएच-46): इटारसी-बैतूल सेक्शन में टाइगर कॉरिडोर के इस 20 कि.मी. हिस्से को 4-लेन में परिवर्तित किया जाएगा, जिसकी लागत 550 करोड़ रुपये है।
- बेतूल-खंडवा पैकेज-4 (एनएच-347बी): यह 33 कि.मी. लंबी परियोजना 381 करोड़ रुपये में पूरी होगी।
- सागर-कानपुर (पैकेज-3): सतिया घाट से अंगोर गाँव तक 55 कि.मी. की यह सड़क 1,006 करोड़ रुपये में बनेगी।
- सागर-कानपुर (पैकेज-4): अंगोर गाँव से एमपी/यूपी सीमा तक के 44 कि.मी. हिस्से की लागत 996 करोड़ रुपये है।
- ग्वालियर सिटी बायपास: पश्चिमी क्षेत्र में 29 कि.मी. लंबे इस बायपास पर 1,005 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।
- ओरछा-झांसी ग्रीनफील्ड हाईवे लिंक: NH-26 को एनएच-76 से जोड़ने वाले इस लिंक की लंबाई 14 कि.मी. होगी और इसकी लागत 491 करोड़ रुपये है।
- सागर बायपास (सागर लिंक रोड-02): इस 26 कि.मी. लंबे बाईपास की लागत 756 करोड़ रुपये है।
- जबलपुर-दमोह (पैकेज-1 और 3): जबलपुर से दमोह तक 80 कि.मी. लंबी इस परियोजना पर 1,773 करोड़ रुपये का व्यय होगा।
- रीवा-सीधी सेक्शन (एनएच-39): 30 कि.मी. लंबे इस सेक्शन पर 1,500 करोड़ रुपये का व्यय होगा।
- एनएचएआई के तहत कुल 612 कि.मी. लंबाई की परियोजनाओं का अनुमानित बजट 13,658 करोड़ रुपये है।
- मंडला बायपास से नैनपुर बायपास (एनएच-543): इस 46 कि.मी. लंबे खंड की लागत 642 करोड़ रुपये का व्यय होगा।

### भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर

# 4-लेन में अपग्रेड करने 3589.4 करोड़ की मंजूरी

- मंडला-नैनपुर मार्ग के लिए 592 करोड़ की स्वीकृति
- मध्यप्रदेश में सड़क विकास को मिलेगी नई रफ्तार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी द्वारा मध्यप्रदेश को विकास पथ की अमूल सौंगात देने पर उनका आभार माना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में मध्यपेदश सरकार बढ़ती रोड कनेक्टिविटी के माध्यम से विकास का नया अध्याय लिख रही है। भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के 4-लेन में अपग्रेडेशन से इस क्षेत्र के आर्थिकक विकास को गति मिलेगी, यातायात सुगमता के साथ ही सड़क दुर्घटना में भी कमी आयेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को मिली इस सौंगात के लिये प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री और केन्द्रीय मंत्री का आभार माना है।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी द्वारा मध्यप्रदेश में भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर को 4-लेन में अपग्रेड करने के लिए भोपाल से विदिशा, विदिशा से ग्यारसपुर, सताईघाट से चौका और चौका से कैमाहा पैकेजों के लिए 3589.4 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। इस अपग्रेडेशन से क्षेत्र में यातायात सुगम होगा और यात्रा के समय में उल्लेखनीय कमी आएगी, जिससे व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इसी के साथ मंडला-नैनपुर मार्ग के लिए भी 592 करोड़ की स्वीकृति दी गई है।

मध्यप्रदेश सरकार ने अपने संकल्प पत्र के तहत बुंदेलखंड विकास पथ की घोषणा की थी, जो राज्य की राजधानी भोपाल को बुंदेलखंड के सागर और छतरपुर जिलों से जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण 4-लेन सड़क परियोजना है। इस परियोजना का उद्देश्य भोपाल से सागर होते हुए छतरपुर और उत्तर प्रदेश बॉर्डर तक की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना है, जिससे क्षेत्रीय व्यापार और यातायात सुगमता में वृद्धि होगी। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा इस मार्ग को 4-लेन में विस्तारित करने की प्रक्रिया पहले से जारी थी, लेकिन कुछ हिस्सों के लिए मंजूरी लंबित थी। आज नई दिल्ली में आयोजित बैठक में भोपाल से सागर और छतरपुर से उत्तर प्रदेश बॉर्डर तक इस मार्ग को 4-लेन में अपग्रेड करने की अनुमति दी गई है। इस परियोजना की कुल लागत 3589.4 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है। इस स्वीकृति से बुंदेलखंड विकास पथ के



निर्माण में तेजी आएगी और सरकार के संकल्प को सिद्धि की ओर ले जायेगी। यह पथ न केवल कनेक्टिविटी को सुधारने में सहायक होगा, बल्कि क्षेत्रीय आर्थिक विकास और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगा।

इसी के साथ मंडला से नैनपुर तक 46 किलोमीटर लंबे मार्ग को अपग्रेड करने के लिए भी 592 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। इस मार्ग के अपग्रेड होने से क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा।

इन परियोजनाओं से राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास के साथ रोजगार सृजन और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही परियोजनाओं के पूरे होने पर न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों को भी नई ऊंचाई मिलेगी।

# भोपाल से जबलपुर के बीच बनाया जाएगा 255 किमी लंबा नया ग्रीन फील्ड हाई-वे : गडकरी

मध्यप्रदेश के लिये शनिवार का दिन ऐतिहासिक रहा। इस दिन केन्द्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 4250 करोड़ से अधिक की लागत वाली 174 किलोमीटर लंबी 9 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें देश का सबसे बड़ा दमोह नाका-रानीताल-मदनमहल-मेडिकल रोड फ्लाय ओवर भी शामिल है। जबलपुर के महानद्दा में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने मध्यप्रदेश के लिये 60 हजार करोड़ से अधिक लागत की विभिन्न सड़क परियोजनाओं की घोषणाएँ भी की।

### साढ़े 4 घंटे में पहुंचेंगे ग्वालियर से दिल्ली

केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि मध्यप्रदेश के लिए 3 लाख करोड़ रुपए की सड़क परियोजनाएं स्वीकृत की हैं, जिनमें से 75 हजार करोड़ के कार्य पूरे किए हैं और 65 हजार करोड़ के कार्य प्रगति पर हैं। आगामी समय में डेढ़ लाख करोड़ रुपए लागत से करीब ढाई हजार किलोमीटर के कार्य डीपीआर के लिए रखे हैं। मध्यप्रदेश में 33 हजार करोड़ रुपए की लागत से 5 ग्रीन फील्ड इकोनॉमिक कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। इंदौर से हैदराबाद कॉरिडोर पर ओंकारेश्वर के पास नर्मदा नदी पर एक भव्य ब्रिज का निर्माण किया गया है। जल्द ही इसका उद्घाटन किया जाएगा। उज्जैन-गरोठ 4 लेन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे, भोपाल से कानपुर 440 किलोमीटर लंबा 4 लेन इकोनॉमिक कॉरिडोर बनने पर 15 घंटे की यात्रा 8 घंटे में पूरी होगी। आगरा-ग्वालियर एक्सप्रेस-वे का भूमिपूजन भी जल्द होगा। साढ़े 4 घंटे में ग्वालियर से दिल्ली पहुंचेंगे। दिल्ली से मुंबई के बीच बनाए जा रहे एक्सप्रेस वे में मध्यप्रदेश में 245 किलोमीटर का हिस्सा बनकर पूरा हो गया है। मुंबई में भी कार्य अंतिम चरण में है। केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से कहा कि भारत सरकार प्रदेश में जिला स्तर तक जल्द ड्राइविंग सेंटर आरंभ करने की इच्छुक है। इसके लिए प्रस्ताव राज्य सरकार की ओर से शीघ्रता से भेजे जाएं। केंद्र द्वारा इन्हें तत्काल स्वीकृति प्रदान की जाएगी।






### एक ही रोड से जुड़ेंगे कान्हा, बांधवगढ़, पन्ना और पेंच टाइगर रिजर्व

केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि आज जबलपुर से 15 हजार करोड़ रुपए लागत की सड़क परियोजनाओं की घोषणा की जा रही है। जबलपुर से मंडला और छत्तीसगढ़ सीमा तक 2.5 हजार करोड़ रुपए का 150 किलोमीटर का 6 लेन के चौड़ीकरण का कार्य किया जाएगा, यह कार्य 6 महीने में शुरू होगा।

सिवनी-छिंदवाड़ा-सावनेर 4 लेन चौड़ीकरण का कार्य 2.5 हजार करोड़ रुपए लागत से आगामी 6 माह में शुरू किया जाएगा। खरगोन-देशगांव-जुलवानिया मार्ग के 108 किलोमीटर 4 लेन चौड़ीकरण का कार्य 2300 करोड़ रुपए से किया जाएगा तथा महाराष्ट्र सीमा तक बैतूल-परसवाड़ा 2 लेन मार्ग को भी मंजूरी दी गई है। बालाघाट से मंडला के बीच बेहतर संपर्क के लिए सड़क बनाई जाएगी।

मध्य प्रदेश में टाइगर कॉरिडोर बनाया जाएगा। इसके अंतर्गत जबलपुर से बांधवगढ़ तक 4600 करोड़ रुपए की लागत से 4 लेन सड़क बनाई जानी थी, जिसे बढ़ाकर अब 5500 करोड़ रुपए किया गया है। यह रोड कान्हा, बांधवगढ़, पन्ना और पेंच टाइगर रिजर्व को कनेक्ट करेगी। इससे मध्यप्रदेश के टूरिज्म, आर्थिक विकास और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी होगी।

### जबलपुर के रानी दुर्गावती फ्लाई ओवर के लिए देश में पहली बार 1200 करोड़ रुपए का सेंट्रल रोड फंड मंजूर

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि देश को 2047 तक शक्तिशाली और विश्वगुरु बनाने के संकल्प के साथ कार्य जारी है। भारत अभी 22 लाख करोड़ रुपए का ईंधन आयात कर रहा है। लेकिन हाइड्रोजन हमारे भविष्य का ईंधन है। हाइड्रोजन के बल पर हम ऊर्जा का निर्यात करेंगे, हमारा अन्नदाता, ऊर्जा उत्पादक होगा और वह समृद्ध भी होगा। देश में केवल स्मार्ट शहर नहीं, स्मार्ट विलेज भी बनेंगे। गांव का युवा गांव में ही रोजगार पाए, यही हमारा सपना है। मध्यप्रदेश कृषि प्रधान राज्य है। देश में 2000 अमृत सरोवर बने हैं, जिनमें से 109 मध्य प्रदेश के हैं। इनसे निकली मिट्टी सड़कों के निर्माण में उपयोग की गई और मिट्टी निकालने से बनीं संरचनाओं को जल संचय कर आसपास के क्षेत्रों का भूजल स्तर बढ़ाने के लिए तालाब के रूप में उपयोग किया जा रहा है।

### 60 हजार करोड़ से अधिक लागत की सड़क विकास परियोजनाओं की घोषणा

केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि आज मध्यप्रदेश के लिए 60 हजार करोड़ से ज्यादा लागत की सड़क विकास परियोजनाओं की घोषणा की गई है। सतना-चित्रकूट 4 लेन, रीवा-सीधी 4 लेन, ग्वालियर-भिंड 4 लेन बनाए जाएंगे। उज्जैन-झालावाड़ मार्ग 2 हजार करोड़ रुपए, बदनावर-टिमरनी मार्ग 2 हजार करोड़ रुपए से विकसित होगा। बमीठा-पन्ना-सतना 4 लेन, खजुराहो और बांधवगड़ राष्ट्रीय उद्यानों को कनेक्ट करेगा। खंडवा-बैतूल 4 लेन 4 हजार करोड़ रुपए, इंदौर 6 लेन पूर्वी बायपास 3.5 हजार करोड़ रुपए, जबलपुर-दमोह 1700 करोड़ रुपए, संदलपुर-नसरुल्लागंज-बुधनी-शाहगंज 3.5 हजार करोड़ रुपए से जून 2027 तक पूरा होगा। जबलपुर-डिंडौरी 4 लेन 200 किलोमीटर मार्ग दिसंबर 2026 तक पूरा होगा। इंदौर से हरदा 4 लेन 3400 करोड़ रुपए, ग्वालियर में पश्चिमी बायपास 1300 करोड़ रुपए, इंदौर में 6 लेन बायपास 3 हजार करोड़ रुपए लागत की परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की जा रही है।


D-16138/25

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

13 डेजर्ट वाइपर्स ने पहली बार जीता....




विचार
06 अचंभित दुनिया, बेलगाम ट्रंप....

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 6 जनवरी 2026

## न्याय मिलने में देरी का यह 'दुर्लभतम उदाहरण'

# घड़ी, 4 रुपए और रूमाल 'चोरी' के केस में 51 साल से फरार आरोपी आखिरकार बरी

एजेंसी ▶▶ पुणे (महाराष्ट्र)

सवाल उठाती खबर

पुणे में एक कोर्ट के फैसले की चर्चा हो रही है। चोरी के एक मामले में अदालत ने एक व्यक्ति को 51 साल बाद बरी कर दिया है। यह मामला 1974 में दर्ज हुआ था। तीन आरोपियों पर कलाई घड़ी, 4 रुपए और एक रूमाल चोरी करने का आरोप लगाया गया था। कोर्ट ने 51 साल बाद सबूतों के अभाव में आरोपी को बरी कर दिया है। कोर्ट ने यह फैसला सबूतों की कमी और गवाहों के न होने के कारण सुनाया।

▶▶ 1974 में पुणे के बंडगार्डन पुलिस थाने में चोरी का केस दर्ज किया गया था

▶▶ पुराने और पेंडिंग केसों का रिव्यू करने के दौरान यह केस भी जज के सामने आया



1974 में पुणे के बंडगार्डन पुलिस थाने में चोरी का एक केस दर्ज किया गया था। इस मामले में गुलाब शाहू जाधव, मुकुंद केरबा वाघमारे और राजाराम तुकाराम काले के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। गुलाब शाहू जाधव और मुकुंद केरबा वाघमारे को 10 अप्रैल, 1975 को जुर्म कबूल करने के बाद दोषी ठहराया गया था, जबकि राजाराम काले फरार था। 51 साल से अधिक समय तक फरार रहने के बावजूद, पुख्ता सबूतों की कमी के कारण, पुणे के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट एनजे चव्हाण ने 26 दिसंबर 2025 को राजाराम काले के खिलाफ सभी वारंट रद्द करते हुए उन्हें बरी करने का आदेश दिया। पद संभालने के बाद जज चव्हाण ने पुराने और पेंडिंग केसों का रिव्यू करना शुरू किया। उसी के तहत यह केस सामने आया और इस केस में ▶▶ शेष पेज 4 पर

## राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा था- जमानत मिलने के बावजूद जेल से रिहा नहीं हो पाते हैं गरीब

2022 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस बात को लेकर चिंता जताई थी कि छोटे अपराध करने वाले आदिवासियों को कई महीनों और सालों तक जेल में रखा जाता है। जहां उनकी दुर्दशा होती है।


द्रौपदी मुर्मू

राष्ट्रपति ने 26 नवंबर को उच्चतम न्यायालय में अपने पहले संविधान दिवस संबोधन में झारखंड के अलावा अपने गृह राज्य ओडिशा के गरीब आदिवासियों की दुर्दशा पर प्रकाश डालते हुए कहा था कि जमानत राशि भरने के लिए पैसे की कमी के कारण कई आदिवासी जमानत मिलने के बावजूद जेल में हैं। अंग्रेजी में अपने लिखित भाषण से हटकर, मुर्मू ने हिंदी में बोलते हुए न्यायपालिका से गरीब आदिवासियों के लिए कुछ करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा था कि गंभीर अपराधों के आरोपी मुक्त हो जाते हैं, लेकिन इन गरीब कैदियों, जो हो सकता है किसी को थप्पड़ मारने के लिए जेल गए हों, को रिहा होने से पहले वर्षों जेल में बिताने पड़ते हैं।

## खबर संक्षेप

### एयर इंडिया के लिए नए चेहरे की तलाश

**नई दिल्ली।** टाटा समूह ने एअर इंडिया के लिए नए नेतृत्व की तलाश शुरू कर दी है, क्योंकि मौजूदा मुख्य कार्यपालक अधिकारी और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन का कार्यकाल अगले साल समाप्त होने वाला है। टाटा समूह एयर इंडिया एक्सप्रेस के लिए भी नए प्रबंध निदेशक की नियुक्ति पर विचार कर रहा है, क्योंकि वहां वर्तमान एमडी आलोक सिंह का कार्यकाल 2027 में पूरा होगा। हालांकि इसकी घोषणा नहीं हुई है।




### ईपीएफ वेतन सीमा में बदलाव करे सरकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ईपीएफ वेतन सीमा में बदलाव को लेकर केंद्र सरकार को बड़ा निर्देश दिया है। अदालत ने कहा है कि कर्मचारी भविष्य निधि योजना की मौजूदा 15,000 रुपए वेतन सीमा पर चार महीने के भीतर फैसला लिया जाए। पिछले 11 वर्षों से सीमा में कोई संशोधन नहीं हुआ है, जिससे लाखों कर्मचारी सामाजिक सुरक्षा से बाहर हैं। इस फैसले से अधिक कर्मचारियों को योजना का लाभ मिलेगा।

### महाआर्यमन सिंधिया को सीने में लगी चोट

**शिवपुरी।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महाआर्यमन सिंधिया चोटिल हो गए। वह तीन दिवसीय दौरे पर गुना-शिवपुरी आए हुए थे। चोट लगते ही उन्हें कार्यक्रम छोड़ना पड़ा। शिवपुरी जिला अस्पताल में उनका सिटी स्कैन हुआ। महाआर्यमन गाड़ी के सनरूफ से बाहर निकलकर लोगों का अभिवादन कर रहे थे। अचानक ब्रेक लगने से उन्हें जोर का झटका। इससे उनके सीने में चोट लगी।



## 2020 का दिल्ली दंगा : उमर-शरजील इमाम को जमानत नहीं, अदालत ने 5 अन्य को दी राहत

# लंबे वक्त से जेल में बंद रहने और मुकदमे के ट्रायल में देरी जमानत का आधार नहीं

*दिल्ली के पूर्वोत्तर इलाकों में हिंसा उस समय हुई थी जब 2020 में नागरिकता संशोधन कानून और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर को लेकर विरोध प्रदर्शन चल रहे थे। हिंसा और आगजनी के दौरान 53 लोगों की मौत हुई थी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली दंगों के आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत की पीठ ने इस अहम फैसले में कहा कि लंबे समय तक जेल में बंद रखे जाने के आधार पर जमानत नहीं दी जा सकती। इसके साथ ही अदालत ने कहा कि गवाहों की जांच पूरी होने पर या वर्तमान आदेश की तारीख से एक वर्ष पूरा होने पर खालिद और इमाम फिर से जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को 2020 के दिल्ली दंगा मामले में आरोपी बनाए गए उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई हुई। इन दोनों को जमानत देने से इनकार करने के अलावा कोर्ट ने मामले के अन्य आरोपियों- गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद को जमानत दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान 'भागीदारी के क्रम' का हवाला देते हुए कहा कि इस मामले में सभी आरोपी एक समान स्थिति ▶▶ शेष पेज 4 पर

**'भागीदारी के क्रम' का हवाला देते हुए कोर्ट ने कहा कि इस मामले में सभी आरोपी एक समान स्थिति में नहीं**


शरजील इमाम
उमर खालिद

**मृत्यु या विनाश ही नहीं...**

*निर्णय में कहा गया कि आतंकवादी कृत्यों से संबंधित अपराध के लिए दंडात्मक अधिनियम की धारा 15 की संकीर्ण व्याख्या केवल स्पष्ट हिंसा के कृत्यों तक सीमित नहीं की जा सकती। मृत्यु या विनाश के अलावा, यह प्रावधान उन कृत्यों को भी शामिल करता है जो सेवाओं को बाधित करते हैं और अर्थव्यवस्था को खतरे में डालते हैं।* ▶▶ पढ़ें पेज 07 भी

▶▶ **दोनों के खिलाफ यूएपीए के तहत प्रथम दृष्टया आरोप गंभीर**

▶▶ **आदेश की तारीख से एक वर्ष पूरा होने पर उमर खालिद और शरजील इमाम फिर से जमानत के लिए आवेदन कर सकेंगे**

### ट्रायल में हो रही देरी को ट्रंप कार्ड की तरह इस्तेमाल नहीं किया जा सकता

सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि दिल्ली दंगों के मामले में उमर खालिद और शरजील इमाम इस मामले के अन्य आरोपियों की तुलना में अलग स्थिति में हैं। कोर्ट ने साफ किया कि मुकदमे के ट्रायल में हो रही देरी को ट्रंप कार्ड की तरह इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। ऐसा करने से ▶▶ शेष पेज 4 पर

### उमर खालिद के पिता बोले मुझे कुछ नहीं कहना

सुप्रीम कोर्ट की ओर से जमानत रद्द किए जाने पर उमर खालिद के पिता इलियास का कहना है कि 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में जमानत न मिलने के बारे में उन्हें कुछ नहीं कहना है। उन्होंने कहा कि मुझे इस पर कुछ नहीं कहना है और फैसला आपके सामने है।

**पुलिस ने अदालत में क्या कहा?**

### हिंसा का मकसद केवल विरोध से कहीं आगे जाकर अस्थिरता पैदा करना

पुलिस ने कहा कि ये लोग फरवरी 2020 की हिंसा के मुख्य साजिशकर्ता थे, जिसमें 53 लोगों की मौत हुई थी और 700 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। पुलिस के अनुसार यह हिंसा सीएए और एनआरसी के खिलाफ चल रहे प्रदर्शनों के दौरान भड़की, लेकिन इसका ▶▶ शेष पेज 4 पर


धमाके के वक्त आग की उठती हुईं लपटें

## मरम्मत के दौरान हुआ तेज धमाका

# आंध्र प्रदेश में तेल कुए से लीक हुई गैस, घर छोड़कर भागे लोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश के कोनासीमा जिले में तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) के एक चालू तेल कुए से बड़े पैमाने पर गैस लीक हो गई। इससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई। घटना तब हुई, तब कुएं में कुछ समय के लिए प्रोडक्शन बंद होने के बाद वर्कओवर रिग का इस्तेमाल करके मरम्मत किया जा रहा था। मरम्मत के दौरान एक जोरदार धमाका हुआ और कच्चे तेल के साथ मिली हुई गैस भारी मात्रा में मिली और हवा में बहुत ऊपर तक चली गई। यह तेल का कुआं कोनासीमा के राजोल इलाके के इरुसुमंडा गांव में है। यह कुआं ओएनजीसी के प्रोडक्शन कॉन्ट्रैक्टर डीप इंडस्ट्रीज लिमिटेड की ओर से संचालित किया जा रहा है। लीक हुई गैस में तुरंत आग लग गई। ये देखकर आस-पास रहने वाले लोग और अधिकारी भी घबरा गए। गैस और धुएं का बादल सुमंडा और आसपास के इलाकों में घने कोहरे की तरह फैल गया। ▶▶ शेष पेज 4 पर

▶▶ ***तेल का कुआं कोनासीमा के राजोल इलाके के इरुसुमंडा गांव में***

### 1,402 करोड़ रुपए का ठेका

डीप इंडस्ट्रीज लिमिटेड ओएनजीसी की प्रोडक्शन एन्हांसमेंट कॉन्ट्रैक्टर कंपनी है। कंपनी को 2024 में आंध्र प्रदेश के राजामुंद्री एसेट में उत्पादन बढ़ाने के लिए 1,402 करोड़ रुपए का ठेका मिला था। कंपनी पिछले करीब एक साल से मोरी-5 कुएं का संचालन कर रही है।

## कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं

### एनएचडीसी के नए एमडी ने 'संभाला' कार्यभार

**भोपाल।** जलविद्युत उत्पादन कंपनी एनएचडीसी लिमिटेड में ओम प्रकाश ने प्रबंध निदेशक का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इससे पूर्व वे एनएचपीसी के क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत मे कार्यपालक निदेशक के पद पर कार्यरत थे। एनएचपीसी में 32 वर्ष से अधिक अपने सेवाकाल में ओम प्रकाश ने चमेरा-1 विद्युतगृह परिसंचालन व रखरखाव कार्य मे विशिष्ट भूमिका निभाई। एनएचडीसी निगम मुख्यालय एवं ▶▶ शेष पेज 4 पर


■ एनएचपीसी में 32 वर्ष का सेवाकाल

## मुस्ताफिजुर रहमान को हटाने से भड़का बांग्लादेश

# आईपीएल टेलीकास्ट पर लगाया बैन टी-20 में टीम भारत नहीं भेजेगा

एजेंसी ▶▶ ढाका


मुस्ताफिजुर रहमान

■ सरकार ने साफ किया है कि यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू होगा

बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर अपनी टीम से आउट कर दिया था। मुस्ताफिजुर को आईपीएल से बाहर किए जाने को लेकर उठे विवाद के बाद बांग्लादेशी सरकार ने बिग कॉल लिया है। बांग्लादेश सरकार ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्रसारण और प्रचार पर अनिश्चितकालीन प्रतिबंध लगाने का ▶▶ शेष पेज 4 पर

### एक और हिंदू की गोली मारकर हत्या

बांग्लादेश में एक ओर हिंदू की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक उसे सिर में गोली मारी गई है। तीन हफ्तों के भीतर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले की यह पांचवीं घटना है। यह ▶▶ शेष पेज 4 पर


राणा प्रताप

## दावा किया कि पीएम मोदी मेरी नाराजगी से परिचित थे

# रूस से तेल को लेकर भारत पर फिर से टैरिफ बढ़ाने की ट्रंप ने दी धमकी

**अभी अमेरिका ने भारत के खिलाफ 50 फीसदी टैरिफ लगा रखा है**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस से जारी कच्चे तेल की खरीद पर काफी वक्त से मुंह फुलाए बैठे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का गुस्सा कम होने के बजाय लगातार बढ़ता ही जा रहा है।

अब उन्होंने इस संबंध में भारत पर लगाए गए कुल 50 फीसदी (25 फीसदी दंडात्मक टैरिफ का भाग शामिल) को और अधिक बढ़ाने की नई धमकी दे डाली है। जिसमें उन्होंने कहा है कि अगर नई दिल्ली पहले की तरह रूस से अपनी तेल खरीद को ▶▶ शेष पेज 4 पर


डोनाल्ड ट्रंप

### अगस्त 2025 में लगाया 50% टैरिफ

गौरतलब है कि अमेरिका ने बीते वर्ष 2025 के अगस्त महीने में भारत से निर्यात किए जाने वाले सभी सामान पर कुल 50 टैरिफ लगाने की घोषणा की थी और उसके पीछे ये तर्क दिया था कि भारत रूस से निरंतर आधार पर तेल की खरीद के जरिए मास्को को यूक्रेन ▶▶ शेष पेज 4 पर

## आईओसी के कार्यकारी निदेशक ने की थी आत्महत्या

# अजय गर्ग का मिला आधे पेज का सुसाइड नोट... किसी को भी नहीं ठहराया जिम्मेदार

एजेंसी ▶▶ नोएडा

सेक्टर 39 थाना क्षेत्र के सेक्टर 104 स्थित एटीएस वन हमलेट सोसायटी की 17वीं मंजिल की बालकनी से गिरकर शनिवार को इंडियन आयल कार्पोरेशन के कार्यकारी निदेशक (गैस बिजनेस डवलपमेंट) अजय गर्ग की मौत मामले में पुलिस को आधे पेज का सुसाइड नोट मिला है।

कार्यकारी निदेशक ने बालकनी से कूदकर आत्महत्या की थी। उन्होंने अपनी मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। पुलिस सुसाइड नोट की जांच करा रही है। आत्महत्या के करने के कारण को खोजने में जुटी है। उधर, रविवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मूलरूप से कानपुर के कल्याणपुर के रहने वाले अजय गर्ग नोएडा सेक्टर 104 स्थित एटीएस वन हमलेट सोसायटी में 17वीं मंजिल के फोर बीएचके फ्लैट में पत्नी मयूरी संग रहते थे। पुलिस के मुताबिक अजय शनिवार सुबह करीब सवा दस बजे पत्नी से मोबाइल में नेटवर्क नहीं आने और पांच मिनट में आने की बात कह बालकनी की ओर गए थे। वहीं से संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिर गए थे। पुलिस ने जांच की तो उनके कमरे की मेज से आधे पेज का सुसाइड नोट मिला। उसमें लिखा हुआ है कि ▶▶ शेष पेज 4 पर

**लिखा हुआ है कि वह जिंदगी को आगे नहीं बढ़ाना चाहते**


अजय गर्ग

## 8 से 11 जनवरी चार दिवसीय 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' का आयोजन

### इस दौरान धार्मिक अनुष्ठान आध्यात्मिक प्रवचन सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी

# पीएम मोदी बोले- पं. नेहरू सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के पक्ष में नहीं थे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 जनवरी को गुजरात के प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर का दौरा करेंगे। इस दौरान वे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में भाग लेंगे, जो 8 जनवरी से 11 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इस चार दिवसीय आयोजन में आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों की श्रृंखला चलेगी।

'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के तहत साल भर चलने वाले कार्यक्रमों की शुरुआत की जाएगी। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का उद्देश्य भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत, आस्था और आत्मसम्मान के भाव को सशक्त करना है। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, आध्यात्मिक प्रवचन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सामाजिक जागरूकता से जुड़े आयोजन किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को एक पुराने प्रसंग को याद किया। उन्होंने बताया कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के पक्ष ▶▶ शेष पेज 4 पर

**11 जनवरी को गुजरात जाएंगे पीएम मोदी**


फाइल फोटो

**सोमनाथ में स्वाभिमान पर्व में लेंगे हिस्सा**

### सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि आस्था का प्रतीक

भाजपा प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि 6 जनवरी 2026 है और ठीक एक हजार साल पहले इसी दिन महमूद गजनवी द्वारा सोमनाथ मंदिर का विध्वंस किया गया था। सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि आस्था का प्रतीक है। मान्यता है कि इसके दर्शन मात्र से पापों का नाश होता है, पुण्य की प्राप्ति होती है और मनोवांछित फल मिलते हैं। यही कारण है कि सोमनाथ भारत की आत्मा और उसकी सनातन परंपरा का प्रतीक माना जाता है।

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

**प्रदेश में सबसे कम रात का पारा कल्याणपुर (शहडोल) में 3.8 डिग्री**


भागीरथी नदी का पानी जम गया, जवान उसके ऊपर से निकलते हुए

# बर्फीली सर्दी

## भोपाल- नरसिंहपुर में कोल्ड डे प्रदेशभर के तापमान में गिरावट

विदिशा में घना कोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के उत्तर पूर्वी और उत्तर पश्चिमी हिस्सों में बर्फीली हवाओं का असर बढ़ने से सर्दी और बढ़ गई है। भोपाल सहित प्रदेश के उत्तर पूर्वी, उत्तर पश्चिमी हिस्सों में कोहरे का असर भी बढ़ा है। पूरे प्रदेश में दिन और रात के तापमान में और कमी होने से सर्दी में और इजाफा रहा है। सोमवार को भोपाल और नरसिंहपुर में कोल्ड डे रहा है, जबकि 7 जिलों में रात का पारा 6 डिग्री तक पहुंच गया है। शहडोल में कोल्ड वेव चली। भोपाल में दिन का पारा दशमलव एक डिग्री गिरकर सीजन का सबसे कम अधिकतम पारा 18.4 डिग्री रहा, यह सामान्य से 5.6 डिग्री कम है। रात के तापमान में 4 डिग्री की गिरावट के साथ 6.8 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 3.4 डिग्री कम है। प्रदेश भर में दिन के तापमान में औसतन डेढ़ और रात के पारे में औसतन 2 डिग्री तक कमी आई है। सबसे ▶▶ शेष पेज 4 पर

**ये हालात हैं**

- 7 जिलों में रात का पारा 6 डिग्री तक
- पूरे प्रदेश में दिन का पारा सामान्य से औसतन 3 डिग्री कम
- भोपाल, गुना, नर्मदापुरम, रायसेन, खजुराहो, दमोह और सागर में घने से अति घना कोहरा रहा, दृश्यता शून्य तक
- आज भी एक दर्जन जिलों में रहेगा घना कोहरा और तेज सर्दी

### अलाव में जलने से 5 महीने की बच्ची की मौत

**गुना।** गुना की सीमा से लगे विदिशा जिले के निशो बर्री गांव में पांच महीने की बच्ची की जलने से मौत हो गई। रविवार रात 9 बजे परिवार के बच्चे अलाव ताप रहे थे। बच्चों के साथ पांच महीने की बेटी आराध्या भी थी। इसी दौरान बच्ची अचानक अलाव में गिर गई। इससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। परिवार वाले उसे लेकर लटेरी अस्पताल पहुंचे। वहां से डॉक्टरों ने बड़े अस्पताल ले जाने की सलाह ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अलाव के पास बैठे बुजुर्ग की मौत

**भोपाल।** जय प्रकाश अस्पताल में सोमवार सुबह एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह गार्ड के साथ बैठकर अलाव में आग ताप रहा था, तभी बेसुध होकर वहीं लेट गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। परिस्थिति देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि उनकी ठंड से मौत हुई ▶▶ शेष पेज 4 पर


पचमढ़ी में गाड़ियों के ऊपर बर्फ जमी

*माइनस 12 डिग्री तक तापमान*

### उत्तराखंड में गोमुख से गंगोत्री तक जम गई भागीरथी नदी

**उत्तरकाशी।** कड़ाके की ठंड से गंगोत्री और गोमुख ट्रैक के सभी नदी-नाले जम चुके हैं। राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कई जगह तापमान माइनस 10 डिग्री से माइनस 15 डिग्री नीचे जा चुका है। गंगोत्री में इन दिनों तापमान माइनस जीरो डिग्री से लेकर माइनस 11 से 12 डिग्री सेल्सियस जा रहा है।

**आज यहां तेज सर्दी व घना कोहरा**

मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार को ग्वालियर, भिंड, मुरैना, रीवा, मऊगंज, सतना, निवाड़ी जिलों में अति घना कोहरा रहेगा। सिंगरौली, सीधी में घना कोहरा रहने के साथ दतिया, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ जिलों में घने कोहरे के साथ कोल्ड डे भी रहेगा। भोपाल, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, हरदा, खंडवा, इंदौर, देवास, आगर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुरकलां में मध्यम तक कोहरा रहेगा। विदिशा, राजगढ़, उज्जैन, शाजापुर, शहडोल जिलों में मध्यम कोहरा और कोल्ड डे रह सकता है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

**खबर संक्षेप**

### श्रीजगन्नाथ मंदिर में मोबाइल फोन पर रोक



**भुवनेश्वर।** पुरी स्थित 12वीं शताब्दी के श्रीजगन्नाथ मंदिर में वीआईपी दर्शन और भक्तों की सुचारु व्यवस्था को लेकर श्रीजगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। मंदिर प्रशासन ने वीआईपी प्रोटोकॉल के तहत मंदिर आने वाले अतिथियों के लिए एसओपी तैयार की है। मंदिर परिसर में अब मोबाइल फोन के उपयोग को लेकर भी सख्त प्रतिबंध लगाए जाएंगे।

### मुकुंदपुर टाइगर सफारी में मादा तेंदुआ की मौत



**मैहर।** मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी में मादा तेंदुआ ने 2 जनवरी की रात करीब 3 बजे अंतिम सांस ली। तेंदुआ की उम्र 20 वर्ष थी, जो वन्यजीवों की औसत आयु के लिहाज से काफी अधिक मानी जाती है। मुकुंदपुर सफारी का अमला यह बात दो दिन तक छिपाए रहा। सफारी प्रबंधन के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों से तेंदुआ सुस्त दिखाई दे रही थी। उसकी सक्रियता कम हो गई थी और खुराक भी सामान्य से कम हो चुकी थी। टीम उसकी निगरानी कर रही थी।

### चाइनीज मांझे से पुजारी की गर्दन कटी, बची जान



**उज्जैन।** प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से उज्जैन में एक पुजारी की गर्दन कट गई। दो घंटे चले ऑपरेशन के बाद उनकी जान बचाई जा सकी। उन्हें 10 टांके आए हैं। हादसा रविवार शाम 6 बजे का है। मूलतः राजगढ़ जिले के जीरापुर निवासी 20 वर्षीय विनय तिवारी उज्जैन के जयसिंहपुरा में किराए के मकान में रहते हैं। शाम को जब वह बाइक पर घर जा रहे थे, तभी चाइनीज मांझा उनकी गर्दन में उलझ गया।

**जयपुर में राजस्थान डिजीफेस्ट-टाई ग्लोबल समिट-2026 का आयोजन**

## सीएम डॉ. यादव ने मप्र-राजस्थान के बीच जल बंटवारे पर कहा

# हम 5 नहीं 7 प्रतिशत पानी देंगे मप्र व राजस्थान भाई-भाई हैं

*सीएम डॉ. यादव ने कहा कि मप्र और राजस्थान दोनों सदियों से इतिहास विरासत और व्यापार-व्यवसाय की समझ के मामले में साझा भागीदार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र व राजस्थान के बीच चल रहे जल बंटवारे पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा पिछले 25 साल से राजस्थान के साथ झगड़ा चल रहा है कि 5 प्रतिशत पानी क्यों दें या फिर पानी नहीं देना चाहिए। कोई बोल रहा है देना चाहिए। उन्होंने कहा कि 5 प्रतिशत नहीं, हम तो 7 प्रतिशत भी दे देंगे। राजस्थान पाकिस्तान थोड़े है। राजस्थान भी हमारा ही प्रदेश है। सरकार में आते ही मैंने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल से बात की। उन्होंने कहा कि पानी को लेकर उद्योग आदि के लिए दिक्कतें है। पानी मिल जाएगा तो राजस्थान का भविष्य भी अच्छा हो जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को पिंक सिटी जयपुर पहुंचे थे। वहां उन्होंने राजस्थान डिजीफेस्ट-टाई ग्लोबल समिट-2026 के मप्र सेशन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में मप्र व राजस्थान के बीच पानी बंटवारे के विवाद को लेकर भी बात की। जबकि समिट में ▶▶ शेष पेज 4 पर

**मुख्यमंत्री ने समिट में निवेशकों से वन-टू-वन संवाद किया**


सीएम के साथ निवेशक

- *मप्र सरकार इस प्रतिष्ठित ग्लोबल समिट में स्टेट पार्टनर*
- *राजस्थान के मारवाड़ी व्यापारियों की मप्र में अपनी विशिष्ट पहचान*

### पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी का पुराना था विवाद

दरसअल, पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना यानी राम जल सेतु लिंक के लिए बांध बनाने और पानी बंटवारे को लेकर मप्र व राजस्थान के बीच विवाद चल रहा था। राजस्थान सरकार का कहना था कि 2005 में हुए समझौते के अनुसार बांध बनना था, लेकिन मप्र सरकार ने एनओसी नहीं दी। बांध बनना शुरू हुआ तो मप्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगा दी थी। मप्र सरकार का कहना था कि ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

### मप्र में निवेश हर मायने में लाभ का सौदा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्लोबल समिट में मप्र को विकास और अवसरों का केंद्र बताते हुए निवेशकों और उद्योगपतियों से कहा कि हमारा मप्र आज देश के उन चुनिंदा राज्यों में है, जहां हम प्राकृतिक संसाधन, उद्योग-अनुकूल नीतियां, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और सहयोगी सरकार सभी निवेशकों के लिए आदर्श वातावरण तैयार है। प्रदेश में 18 नई उद्योग-अनुकूल नीतियां, विस्तृत लैंड बैंक, भरपूर जल उपलब्धता, स्किल्ड मानव संसाधन, उत्कृष्ट लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी और पारदर्शी प्रशासन निवेशकों को सर्वोत्तम सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र में होटल ▶▶ शेष पेज 4 पर

### इस परियोजना की कुल लागत 72 हजार करोड़

यह परियोजना 72 हजार करोड़ रुपए की है। इस पर मप्र 35 हजार करोड़ और राजस्थान 37 हजार करोड़ रुपए खर्च करेगा। मप्र की 3.37 लाख हेक्टेयर जमीन में सिंचाई होगी। करीब 30 लाख किसानों को फायदा होगा। राजस्थान में 2.80 लाख हेक्टेयर खेत की सिंचाई होगी। 2 लाख से अधिक किसानों को फायदा ▶▶ शेष पेज 4 पर

**इंदौर में दूषित पानी सप्लाई मामला**

## 17 वीं मौत, बेटे से मिलने आए रिटायर्ड पुलिसकर्मी की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने के मामले में 17वीं मौत हो गई। रविवार तक यह संख्या 16 थी। मृतक ओमप्रकाश शर्मा (69) मूलतः शिव विहार कॉलोनी धार के रहने वाले थे। वे रिटायर्ड पुलिसकर्मी थे। अपने बेटे से मिलने इंदौर आए थे। उन्हें 1 जनवरी को उल्टी-दस्त के कारण एक प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था। जांच में उनकी किडनी का खराब होना पाया गया था। हालत और बिगड़ने पर 2 जनवरी को आईसीयू में एडमिट किया गया। दो दिन बाद वेंटिलेटर पर लिया गया। रविवार दोपहर 1 बजे उनकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि वे सिर्फ ब्लड प्रेशर के ▶▶ शेष पेज 4 पर

**20 नए मरीज मिले, एम्स-आईसीएमआर की टीम संक्रमण की कर रही जांच**


टैंकरों से पानी भरते लोग

### महामारी घोषित नहीं की गई, सिर्फ डायरिया

सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने कहा कि महामारी घोषित नहीं की गई है। सिर्फ डायरिया है, जिससे भागीरथपुरा को एपिडेमिक यानी संक्रमित माना है। प्रभावित क्षेत्र में 4 जनवरी को स्वास्थ्य विभाग ने 2354 घरों का सर्वे किया। 9416 लोगों की जांच की ▶▶ शेष पेज 4 पर

**गुना में खाकी पर फिर हमला!**

## हाईवे पर पुलिस को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, कई पुलिसकर्मी घायल

- *प्रेम विवाह विवाद ने हिंसक रूप ले लिया*
- *आरक्षक को बंधक बनाया, आंखों में मिर्ची पाउडर झोंका*


हमले में घायल पुलिसकर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिले से कानून-व्यवस्था को हिला देने वाली घटना सामने आई है। भाजपा विधायक के गांव पैंची में सोमवार को प्रेम विवाह के विवाद ने इतना हिंसक रूप ले लिया कि उग्र भीड़ ने पुलिस टीम पर ही हमला कर दिया। नेशनल हाईवे-46 पर पुलिस और एसएएफ की टीम को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया, यहां तक कि जवानों की आंखों में मिर्ची पाउडर तक झोंक दिया गया। इस हमले में कई पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए और इलाके में तनाव फैल गया।

घटना की शुरुआत 28 दिसंबर को दर्ज हुई एक गुमशुदगी रिपोर्ट से हुई। लोधा समाज की एक युवती मीना समाज के युवक के साथ गायब हो गई थी। बाद में दोनों ने 30 दिसंबर को ▶▶ शेष पेज 4 पर

**कृषि मंत्री शिवराज सिंह पर निशाना साधा**

## *दिग्विजय ने 'मनरेगा' का नाम बदलने के विरोध में सीहोर से शुरु की पदयात्रा*

**बोले- केंद्र ने नहीं रखा गरीबों और मजदूरों का ध्यान**



दिग्विजय सिंह संबोधित करते हुए

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने सीहोर में की जा रही अपनी पदयात्रा के दौरान केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने का विरोध करते हुए कहा कि इसमें केंद्र ने गरीबों और मजदूरों का ध्यान नहीं रखा। इस दौरान उन्होंने मनरेगा श्रमिकों से संवाद किया और केंद्र सरकार के नए कानून को लेकर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि देश के कृषि मंत्री चौहान ने जो नया कानून बनाया है, उसमें गरीबों और मजदूरों का ध्यान नहीं रखा गया है। दिग्विजय ने भरोसा दिलाया कि कांग्रेस हमेशा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आगे भी जारी रहेगी कांग्रेस की यह मुहिम

दिग्विजय ने कहा कि कांग्रेस की यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नए कानून के तहत ज्यादा से ज्यादा काम मिल सके, इसके लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे और मजदूरों की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा। ग्रामीणों ने पानी, सड़क, जलभराव, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और रोजगार से जुड़ी समस्याएं उनके सामने रखीं। मनरेगा की जगह नया कानून चूंकि केंद्रीय कृषि मंत्री के नाते शिवराज ने तैयार कर पास कराया है, इसलिए ▶▶ शेष पेज 4 पर

**26 वर्ष की उम्र में रचा इतिहास**

## अमित भार्गव बने प्रदेश के सबसे युवा कॉलेज प्रिंसिपल


अमित भार्गव

- *शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में नियुक्त*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ़/शिवपुरी

मध्यप्रदेश के शिक्षा जगत में एक नया अध्याय जुड़ गया है। महज़ 26 वर्ष की आयु में अमित भार्गव ने वह उपलब्धि हासिल की है, जो सामान्यतः वर्षों के अनुभव के बाद मिलती है। वे फिलहाल शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में प्रिंसिपल के रूप में कार्यरत हैं और इस समय पूरे प्रदेश के सबसे युवा कॉलेज प्रिंसिपल के रूप ▶▶ शेष पेज 4 पर

**एनेस्थीसिया का हाई डोज लेने के बाद वेंटिलेटर पर थीं**

**एम्स प्रशासन की आंतरिक जांच कमेटी की रिपोर्ट में तनाव या शोषण का कोई उदाहरण सामने नहीं आया था**

## आत्महत्या का प्रयास करने वाली एम्स की प्रो. रश्मि वर्मा की 25 दिन बाद हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल एम्स के इमरजेंसी एवं ट्रॉमा विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रश्मि वर्मा की 25 दिन बाद सोमवार को मौत हो गई। विशेषज्ञों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा था। 11 दिसंबर 2025 को आत्महत्या का प्रयास करने के बाद से वे एम्स के आईसीयू में वेंटिलेटर सपोर्ट पर थीं। उनके पति डॉ. मनमोहन शाक्य (ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ) ने उन्हें एम्स में गंभीर हालत में भर्ती कराया था। 5 जनवरी की सुबह करीब 11 बजे डॉ. रश्मि वर्मा ने अंतिम सांस ली। उनका शव परिजनों को सौंप दिया गया। मंगलवार को रश्मि के परिजनों द्वारा


एम्स की इमारत व रश्मि वर्मा

शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा। डॉ. रश्मि 11 दिसंबर को ड्यूटी पर आई थीं, यहां करीब एक घंटा रुकने के बाद वह वापस अपने घर पहुंची और सुबह 11 बजे के आसपास एनेस्थीसिया के ओवरडोज का इंजेक्शन खुद को लगा लिया था। इस मामले को लेकर एम्स प्रशासन ने एक आंतरिक जांच कमेटी का गठन किया था। जिसमें यह पता लगाना था कि क्या एम्स में काम के दौरान डॉ. रश्मि को किसी प्रकार के तनाव या शोषण का सामना करना पड़ता था। क्या उनके एचओडी उन पर किसी प्रकार का अत्याचार कर रहे थे, या अपने विभाग में अपने सीनियर के साथ काम को लेकर वह असहज थी। आंतरिक जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट एक सप्ताह में जमा कर दी है। इस रिपोर्ट में उक्त किसी भी तरह की स्थिति की पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि, कहा जा रहा था कि विभाग के एचओडी डॉ. मो. यूनुस ने छुट्टी लेकर कॉन्फ्रेंस में जाने पर सीरियस मिसकंडक्ट (गंभीर अनुशासनहीनता) का ▶▶ शेष पेज 4 पर

### एनेस्थीसिया ने पहुंचाया था ब्रेन को नुकसान

डॉ. रश्मि की मौत दिमाग में ऑक्सीजन न पहुंचने के कारण होना बताई जा रही है। डॉक्टर्स के अनुसार जब डॉ. रश्मि ने एनेस्थीसिया का ओवर डोज लिया तो उसी समय उनका ब्रेन अचेत हो गया, लगभग दस मिनट को ब्रेन को ऑक्सीजन सप्लाई बंद हो गई, जिससे डॉ. रश्मि अचेत अवस्था में चली गईं और यहां से उनकी वापसी नहीं हो सकी। धीरे धीरे शरीर के अन्य अंगों ने भी काम करना बंद दिया। एमएलसी रिपोर्ट में रश्मि के ▶▶ शेष पेज 4 पर

# अपने आइडिया को जमीन पर उतारिए, हमारी सरकार है निवेशकों के साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र विकास के सभी सेक्टर्स में लगातार आगे बढ़ रहा है। प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर कई बड़े पुरस्कार मिले हैं। पिछले दो साल में मप्र में दो नए टाइगर रिजर्व बनाए हैं। मप्र टाइगर और वल्चर स्टेट तो है ही, हमारी धरती पर चीता भी तेजी से अपना कुनबा बढ़ा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार निवेशकों और उद्योगपतियों को प्रोत्साहित करने के लिए शासकीय कामकाज को और भी सरल, सहज, पारदर्शी, आसान और सहयोगी बना रही है। उन्होंने कहा कि आप सभी आइडिया को जमीन पर उतारिए, हमारी सरकार हमेशा आपके साथ है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को पिंक सिटी जयपुर में राजस्थान डिजीफेस्ट-टाई ग्लोबल समिट 2026 में मप्र सेशन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मप्र सरकार इस प्रतिष्ठित ग्लोबल समिट में 'स्टेट पार्टनर' के रूप में सहभागिता कर रही है।

उन्होंने कहा कि मप्र, देश का सबसे युवा राज्य है। मप्र टाइगर स्टेट है, चीता स्टेट है, फारेस्ट स्टेट है, मिनरल स्टेट है, बिजली सरप्लस स्टेट है। अब देश का सबसे बेहतर इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली स्टेट भी बन गया है। उन्होंने कहा कि मप्र वर्ष 2025 में सबसे ज्यादा निवेश पाने वाला देश का तीसरा राज्य बना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र अनंत अवसर और संभावनाएं लिए हुए है। देश के मध्य में होने के कारण मप्र व्यापार, व्यवसाय, उद्योग-धंधे और स्टार्ट-अप्स लगाने से लेकर अपने उत्पाद को निर्यात करने के लिए एक अनुपम केंद्र बन रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों ने राजस्थान डिजिफेस्ट-टाई ग्लोबल समिट के मप्र सेशन का शुभारंभ किया। अपर मुख्य सचिव, विज्ञान एवं तकनीकी संजय दुबे ने मप्र की बेजोड़ खूबियों पर प्रकाश डाला।

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री ने जयपुर में निवेशकों को मप्र में निवेश के लिए किया आमंत्रित
- देश का सबसे बेहतर इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली स्टेट है मध्यप्रदेश
- देश के दिल से जुड़ें, मध्यप्रदेश है अनंत संभावनाओं का केंद्र
- हम निवेशकों के लिए स्थापित कर रहे हैं आदर्श

### निवेशकों के साथ दीर्घकालिक साझेदारी के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध


सीएम ने राजस्थान डिजीफेस्ट-टीआईई ग्लोबल समिट-2026 के मप्र राज्य सत्र को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खोलने की शुरुआत की है। इससे प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को गति मिलेगी और हमें पर्याप्त संख्या में डॉक्टर्स भी मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिन्यूएबल एनर्जी, ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, फार्मा, आईटी और पेट्रो केमिकल्स जैसे सभी प्रमुख सेक्टर्स में निवेश के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने निवेशकों को औद्योगिक सहयोग के साथ-साथ शिक्षा, अनुसंधान, संस्कृति, कौशल विकास, अवसंरचना और पर्यटन में साझेदारी के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को विश्वास दिलाया कि वे निवेशकों के साथ दीर्घकालिक साझेदारी के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

### उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ व्यक्तिगत बैठक की

सीएम ने सीईओ, निवेशकों तथा वैश्विक उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर प्रदेश में रणनीतिक निवेश के अवसरों की संभावनाओं पर चर्चा की। दुबई के टेलीकॉम ग्रुप के कार्यकारी उपाध्यक्ष अम्मार अल मलिक के साथ चर्चा संस्थागत सहयोग पर केंद्रित रही। विशेष रूप से प्रस्तावित भोपाल एआई नॉलेज सिटी के विकास तथा मध्यप्रदेश स्थित टेक्नोलॉजी कंपनियों को वैश्विक बाजारों तक पहुंच प्रदान करने पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

### निवेश और विकास के लिए अत्यंत अनुकूल वातावरण


निवेशकों व उद्योगपतियों से मिलते मुख्यमंत्री।

सीईओ इम्पेटस टेक्नोलॉजीज संजीव अग्रवाल ने कहा कि वे पिछले 32 वर्षों से मप्र में कार्यरत हैं। उस समय राज्य में आईटी इको सिस्टम की शुरुआत हो रही थी। मप्र सरकार का व्यावहारिक सहयोग, लागत-प्रभावशीलता पर जोर और गुणवत्तापूर्ण प्रतिभा पर ध्यान, ये सभी कारक मिलकर निवेश और विकास के लिए अत्यंत अनुकूल वातावरण का निर्माण करते हैं। अग्रवाल ने कहा कि आज राज्य वैश्विक ग्राहकों के साथ सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है और निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। यदि कोई निवेशक सतत विकास, सरकारी सहयोग और विश्वसनीय पारिस्थितिकी तंत्र की तलाश में है, तो मप्र इसके लिए सबसे उपयुक्त और आदर्श स्थान है।

### मप्र के तेजी से विकसित हो रहे स्टार्ट-अप

समिट में एक विशेष एमपी पेवेलियन स्थापित किया गया, जिसमे राज्य के प्रमुख स्टार्ट-अप्स एवं कंपनियों को प्रदर्शित किया गया। इस पेवेलियन में किंट्सुगी बिजनेस लैब्स प्राइवेट लिमिटेड, थ्रीवे स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड, कॉमन स्कूल एसए डिजिटल, यंगोवेटर एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड तथा ज़ांगोह सहित कई प्रदर्शक शामिल थे। प्रौद्योगिकी, शिक्षा, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और उभरते क्षेत्रों में अपने अभिनव समाधानों का प्रदर्शन किया।

---

## मध्यप्रदेश में सड़क परियोजनाओं की प्रगति के प्रयासों की केंद्रीय मंत्री ने की सराहना

# केंद्र व राज्य के बेहतर समन्वय से सड़क परियोजनाओं के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश में आई उल्लेखनीय रफ्तार

दिल्ली में हुए मंथन से सड़क नेटवर्क विस्तार को मिलेगी गति


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सिंहस्थ-2028 को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावित सड़क परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन के लिए सुदृढ़, सुरक्षित और सुगम सड़क कनेक्टिविटी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मप्र में सड़क परियोजनाओं की संतोषजनक प्रगति के लिए राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य के बेहतर समन्वय से सड़क परियोजनाओं के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय गति आई है। यह बात केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी ने मप्र देश में राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार, सुदृढ़ीकरण एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन को नई गति प्रदान करने के उद्देश्य से दिल्ली में समीक्षा बैठक में कही। बैठक में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव एवं मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर भी शामिल हुए। केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के तहत ब्यूटीफिकेशन, ब्रिज निर्माण, पुलिया निर्माण तथा ब्लैक स्पॉट रेक्टिफिकेशन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सड़कें केवल यातायात का माध्यम नहीं, बल्कि क्षेत्रीय विकास और जनसुविधा का आधार होती हैं, इसलिए इनके सौंदर्यीकरण और सुरक्षा उपायों पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर सुधारात्मक कार्य किए जाएं।

### सड़क निर्माण की गुणवत्ता को दें सर्वोच्च प्राथमिकता


केंद्रीय मंत्री से भेंट करते मुख्यमंत्री।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सड़क परियोजनाओं में वृक्ष कटाई को न्यूनतम रखते हुए आधुनिक तकनीकों के माध्यम से ट्री ट्रांसप्लांट को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जिससे विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कॉन्ट्रैक्टर्स से सीधे संवाद कर प्रत्येक परियोजना की समीक्षा की और कहा कि सभी कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप ही किए जाएं। केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने पेचवर्क सहित सड़क रख-रखाव कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि टोल टैक्स वाली सड़कों की स्थिति उत्कृष्ट होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि किसी टोल रोड पर सड़क की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाई जाती है, तो संबंधित टोल संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया।


केंद्रीय मंत्री गडकरी की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### दिल्ली में हुआ मंथन राजमार्ग परियोजनाओं के क्रियान्वयन की गति और गुणवत्ता करेंगी सुनिश्चित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह मंथन बैठक केंद्र एवं राज्य सरकार के बीच संस्थागत समन्वय को और अधिक सुदृढ़ करेगी तथा राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के क्रियान्वयन में गति और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि इस समीक्षा के माध्यम से लंबित एवं प्रगतिरत परियोजनाओं से जुड़ी व्यावहारिक चुनौतियों-जैसे भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय स्वीकृतियां, निर्माण गुणवत्ता और समयबद्धता-पर समन्वित निर्णय लिए गए हैं, जिससे कार्यों को शीघ्रता से धरातल पर उतारा जा सकेगा।

### सुरक्षित सड़क नेटवर्क प्रदेश की आर्थिक प्रगति

सीएम ने कहा कि एक मजबूत, आधुनिक और सुरक्षित सड़क नेटवर्क प्रदेश की आर्थिक प्रगति की आधारशिला है। राष्ट्रीय राजमार्गों के सुदृढ़ीकरण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि व्यापार, लॉजिस्टिक्स, कृषि विपणन और रोजगार सृजन को भी नया प्रोत्साहन मिलेगा। सीएम ने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र सरकार के सहयोग और राज्य सरकार की सक्रिय भूमिका से प्रदेश में सड़क अवसंरचना को नई दिशा मिलेगी तथा आम नागरिकों को सुरक्षित, सुगम और विश्वस्तरीय यातायात सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा।

### निर्माण कार्य तेज़ गति से प्रगति पर

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा किराज्य में सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ और आधुनिक बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का निर्माण कार्य तेज़ गति से प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं से आवागमन सुगम होगा, आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और आम नागरिकों को बेहतर परिवहन सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।

### समीक्षा बैठक में ये भी रहे प्रमुख बिन्दु

समीक्षा बैठक में अवगत कराया गया कि मप्रमें भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की कोई भी परियोजना तीन वर्ष से अधिक समय से लंबित नहीं है। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने खंडवा बायपास, जबलपुर रिंग रोड, इंदौर-हरदा, रीवा बायपास सहित प्रदेश की सभी प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि वर्तमान में मप्र में एनएचएआई के तहत 33 तथा **MoRTH**-पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत 28 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं प्रगतिरत हैं।

---

## किसानों को 10 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें

# समाधान योजना में लापरवाही पर ट्रांसफर नहीं,डिमोशन होगा


योजना की समीक्षा करते ऊर्जा मंत्री।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समाधान योजना में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार उपलब्धि नहीं प्राप्त होने तथा कार्य में लापरवाही पर अधिकारियों का ट्रांसफर नहीं डिमोशन किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह बात समाधान योजना की प्रगति की ऑनलाइन समीक्षा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि रबी सीजन में किसानों को हर हाल में 10 घंटे की विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। मंत्री तोमर ने सर्किलवार योजना की प्रगति की समीक्षा की।

### मंत्री ने की समाधान योजना की प्रगति की समीक्षा

ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि समाधान योजना में जो सर्किल सबसे अच्छी उपलब्धि अर्जित करेगा, उसके अधीक्षण यंत्री को 50 हजार रूपये का इनाम दिया जाएगा। कंपनी क्षेत्रान्तर्गत प्रथम सर्किल को 25 हजार रूपये और सर्वश्रेष्ठ सहायक यंत्री को 11 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। संबंधित के गोपनीय चरित्रावली में भी इसकी इंट्री की जाएगी।

### 2 लाख से अधिक के बकायादारों से सीई, एसई बात करें

ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के 2 लाख रुपए से अधिक के बिजली बिल बकाया हैं, उनसे मुख्य अभियंता और अधीक्षण अभियंता स्वयं बात करें। इसका डिटेल मंत्री कार्यालय को भी दें। उन्होंने कहा कि प्रथमतः बड़े बकायादारों से सख्ती से वसूली करें। कंपनी की आर्थिक स्थिति ठीक करने के लिए यह कार्य जरूरी है।

### अभी तक जमा हुए 578 करोड़

समाधान योजना में अभी तक 578 करोड़ 22 लाख जमा हुए हैं। उपभोक्ताओं के 264 करोड़ 17 लाख के सरचार्ज माफ किए गए हैं। सर्वाधिक 382 करोड़ 72 लाख मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के क्षेत्र में जमा हुए हैं। सचिव ऊर्जा विशेष गढ़पाले ने कहा कि लंबित बिजली बिल जमा नहीं करने वालों के बिजली कनेक्शन काटे जाएं। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुसार वसूली जरूरी है। इस दौरान एमडी पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अनय द्विवेदी, एमडी पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अनूप सिंह सहित सभी अधिकारी बैठक में ऑनलाइन शामिल हुए।

---

# जीरामजी पर आर-पार की लड़ाईः भाजपा का जनजागरण अभियान, कांग्रेस ने विरोध में ग्राम पंचायत तक दी दस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दो दशक पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को निरस्त करने और उसकी जगह विकसित भारत-जीरामजी (गारंटी फार रोजगार एंड आजीविका मिशन, ग्रामीण) को लेकर प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस विरोध और समर्थन में अपने-अपने स्तर पर अभियान चलाने जा रही है। भाजपा जहां हर स्तर पर जनजागरण चलाएगी, वहीं कांग्रेस इसके विरोध में व्यापक आंदोलन करने की तैयारी में हैं। भाजपा जीरामजी को लेकर सक्रिय है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज अपने बयानों में इस योजना को बेहतर बता रहे हैं।

### दिग्विजय की यात्रा आज

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भी सक्रिय हो गए हैं। सोमवार सुबह वे सीहोर जिले के इछावर के गांव खेरी के लोगों से मिले और इस अधिनियम में किए गए बदलावों की जानकारी दी। वहीं प्रदेश भाजपा जीरामजी के लिए व्यापक पैमाने पर जनजागरण चलाने की तैयारी कर रही है। जनजागरण अभियान हर एक पंचायत तक चलाने की योजना है। जिसमें वह बताएगी कि इसमें मनरेगा से बेहतर और मजदूरों के लिए क्या-क्या फायदे हैं। साथ ही यह भी बताएगी कि अब इसमें किसानों को लेबर नहीं मिलने की परेशानी नहीं होगी।

### कांग्रेस घर-घर जाकर देगी जानकारी


जीतू पटवारी

जीरामजी में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी राज्य सरकारों की कर दी है। प्रदेश सरकार हर दिन 200 करोड़ रुपए कर्ज ले रही है। मध्य प्रदेश की अर्थ व्यवस्था क्या इसका 40 प्रतिशत भार उठा पाएगी। कांग्रेस यह बात ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर बताएगी।

**- जितेंद्र जीतू पटवारी, प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस**

### राम का नाम आने से विरोध


रजनीश अग्रवाल।

इसमें भगवान राम का नाम आ गया इसलिए कांग्रेस इसका विरोध कर रही है। जबकि कांग्रेस के नेता जानते हैं कि अब यह योजना और प्रभावी होगी। भाजपा भी जनजागरण करेगी और गांव-गांव में जाकर बताएगी कि यह योजना पहले से कितनी प्रभावी है।

**रजनीश अग्रवाल, प्रदेश मंत्री भाजपा**

---

## भाजपा प्रदेश प्रभारी ने दतिया एवं ग्वालियर में की बैठकें

# बूथ की मजबूती से संगठन सशक्त और चुनावी विजय सुनिश्चितः डॉ. महेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने सोमवार को दतिया में दतिया, भाण्डेर, सेवढ़ा एवं ग्वालियर ग्रामीण जिले के डबरा में भितरवार, डबरा व ग्वालियर ग्रामीण विधानसभाओं की अलग-अलग संयुक्त बैठके की। प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक वैचारिक और सामाजिक आंदोलन है। इस आंदोलन की आत्मा उसका समर्पित कार्यकर्ता है, जो अनुशासन, सेवा और संगठन के मूल मंत्र को लेकर समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचता है। कार्यकर्ता को भाजपा की विचारधारा का संवाहक बनकर सरकार की योजनाओं, संगठन के संदेश और राष्ट्रहित के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना होगा। बूथ की मजबूती और संगठन की शक्ति से ही चुनावों में ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित होती है, इसलिए आप सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों में संगठन को और मजबूती देने के लिए कार्य करें।

### भाजपा की सबसे बड़ी ताकत अनुशासन, आपसी समन्वय

भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने बूथ स्तर की भूमिका को संगठन की सबसे मजबूत कड़ी बताते हुए कहा कि मजबूत बूथ ही मजबूत संगठन की पहचान है और वही चुनावी विजय की आधारशिला भी है। प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ, शक्ति केंद्र, मंडल और विधानसभा स्तर पर नियमित संपर्क, बैठक, संवाद और सेवा गतिविधियों के माध्यम से संगठन को और अधिक मजबूत बनाना होगा। भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि संगठनात्मक अनुशासन और आपसी समन्वय के साथ कार्य करना ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है।

---

# महिला क्रिकेटर क्रांति गौड़ के पिता की नौकरी हुई बहाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने क्रांति गौड़ से किया वादा निभाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक बार फिर संवेदनशील, मानवीय और प्रतिबद्ध नेतृत्व का परिचय देते हुए अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेटर व मध्यप्रदेश की प्रतिभावान खिलाड़ी क्रांति गौड़ से किए वादे को निभाते हुए उनके पिता मुन्ना सिंह की वर्षों से निलंबित नौकरी को सोमवार को पुनः बहाल करवा दिया है। यह निर्णय न केवल एक परिवार के लिए राहत लेकर आया है बल्कि सरकार की संवेदनशीलता, खिलाड़ियों के प्रति सम्मान और न्यायप्रिय दृष्टिकोण का स्पष्ट उदाहरण है।

गौरतलब है कि विगत दिनों महिला वनडे वर्ल्ड कप में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत के बाद आयोजित सम्मान समारोह के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रदेश की प्रतिभाशाली क्रिकेटर क्रांति गौड़ से उनके पिता की नौकरी बहाल करने का आश्वासन दिया था, जिसे उन्होंने नियमों के तहत निभाया है।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशानुसार पुलिस मुख्यालय ने मुन्ना सिंह को पुनः सेवा में बहाल कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि मुन्ना सिंह, जो मध्य प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे, वर्ष 2012 में चुनावी ड्यूटी के दौरान कथित लापरवाही के कारण निलंबित कर दिए गए थे। बीते 13 वर्षों से लंबित यह मामला अब मुख्यमंत्री की पहल से सकारात्मक समाधान तक पहुंचा है।

### क्रांति गौड़ का सपना हुआ साकार


क्रांति को सम्मानित करते सीएम (फाइल फोटो)

इस निर्णय से गौड़ परिवार को न केवल आर्थिक और सामाजिक संबल मिला है बल्कि क्रांति गौड़ का वह सपना भी साकार हुआ है, जिसमें वे अपने पिता को सम्मानपूर्वक पुलिस वर्दी में सेवानिवृत्त होते देखना चाहती थीं।

---

## ई-कैबिनेट एप्लीकेशन, मंत्री एवं भारसाधक सचिवों को मिलेंगे टेबलेट

# कैबिनेट की बैठक आज, दो दर्जन से अधिक मुद्दों को मिलेगी मंजूरी, पहली बार ई-कैबिनेट के माध्यम से होगी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कैबिनेट की बैठक मंगलवार को शाम 4 बजे से रखी गई है। बैठक में दो दर्जन से अधिक मुद्दों को मंजूरी दिए जाने के आसार हैं। इसमें श्रम, स्कूल शिक्षा समेत अन्य विभागों के प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। पहली बार मुख्य सचिव सचिवालय ने एक नवाचार किया है। इसके तहत कैबिनेट की बैठक को डिजिटली करने का निर्णय लिया गया है। इसमें मंत्री यदि चाहें तो वर्चुअली जुड़ सकते हैं। आवश्यक नहीं है कि वे बैठक में मौजूद रहें। गोपनीयता के लिए वे भारत नेट का उपयोग करते हुए कैबिनेट में शामिल होंगे। इसका एक्सेस सभी मंत्रियों के पास रहेगा।

इस नवाचार के लिए पिछले काफी समय से तैयारी की जा रही थी। पिछले 1960 के बाद से लेकर अब तक के सभी कैबिनेट की बैठकों के निर्णयों को ई-कैबिनेट एप्लीकेशन में स्टोर किया गया है। राज्य सरकार की ओर से महत्वपूर्ण डिजिटल पहल करते हुए कैबिनेट की 6 जनवरी को आयोजित होने वाली बैठक में समस्त मंत्री एवं भारसाधक सचिव को टेबलेट प्रदाय किए जा रहे हैं। बैठक में कैबिनेट सदस्य एवं भारसाधक सचिव को ई-कैबिनेट एप्लीकेशन के संबंध में प्रस्तुतीकरण एवं प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे डिजिटल प्रणाली का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा सकें।

### बैठक का एजेंडा भौतिक एवं डिजिटल दोनों फार्मेट में


डॉ. यादव, मुख्यमंत्री (फाइल फोटो)

प्रारंभिक चरण में कुछ कैबिनेट बैठक का एजेंडा भौतिक एवं डिजिटल-दोनों फार्मेट में उपलब्ध कराया जाएगा। इसके उपरांत यह पूर्णतः डिजिटल रूप में भेजा जाएगा। ई-कैबिनेट एप्लीकेशन एक आधुनिक तकनीक, कागज रहित, सुरक्षित और गोपनीय प्रणाली है, जिससे सभी मंत्री कभी भी कहीं भी अपनी सुविधा अनुसार कैबिनेट की कार्यसूची देख सकेंगे। ई-कैबिनेट एप्लीकेशन शुरू होने से भौतिक रूप से होने वाले फोल्डर वितरण, कागज एवं समय की भी बचत होगी। साथ ही ई-कैबिनेट एप्लीकेशन के माध्यम से पूर्व की बैठकों में लिए गए निर्णयों का पालन प्रतिवेदन भी देखा जा सकेगा।

### पहली बार इस नवाचार में पिछले 65 साल के कैबिनेट के निर्णय उपलब्ध

राज्य सरकार की ओर से वर्ष 1960 से अभी तक के सभी कैबिनेट निर्णयों को डिजिटलीकरण किया जा चुका है। कोई भी संबंधित अधिकारी जरूरत पड़ने पर इन निर्णयों को कभी भी प्राप्त कर सकता है। मुख्य सचिव सचिवालय के सामने 65 साल के कैबिनेट के निर्णयों को ई-कैबिनेट एप्लीकेशन पर अपलोड करने की बड़ी चुनौती सामने थी। इसे काफी मशक्कत के बाद एप्लीकेशन पर अपलोड किया गया। इसके बाद ही इसे मंगलवार की कैबिनेट की बैठक के लिए तैयार किया गया।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 6 जनवरी 2026





# जेपी अस्पताल में टेबलेट में फंगस के बाद, माउथवॉश में तैर रही थी गंदगी

## राजधानी के मॉडल अस्पताल में मरीजों की सेहत से हो रहा खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





प्रदेश में कफ सीरप का मामला अब पूरी तरह से थमा भी नहीं है कि राजधानी के सरकारी जेपी अस्पताल में अभी दो दिन पहले ही फंगस लगी टेबलेट मिलने और माउथवॉश में गंदगी निकलने का मामला सामने आया है। इससे अस्पताल के सप्लाई सिस्टम के साथ दवाओं के भंडारण और गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। दरअसल, यह किसी आम मरीज के साथ नहीं बल्कि खुद हरिभूमि के रिपोर्टर को यह दवाएं अस्पताल में डॉक्टर द्वारा लिखने पर दी गई हैं।

इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि अब तक कितने मरीजों को इस तरह की दवाएं दी जा चुकी होंगी और वे चुपचाप घर बैठ गए होंगे। दरअसल, यह मामला सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे का है जब हरिभूमि रिपोर्टर अपने गले के दर्द का इलाज लेने अस्पताल पहुंचे।

*फिर सवालों के घेरे में अस्पताल के सप्लाई सिस्टम के साथ भंडारण और गुणवत्ता*

*शिकायत के बाद सीएस जैन ने झाड़ा पल्ला, सीएमएचओ ने दिया जांच का भरोसा*

### माउथवॉश की शीशी में तैर रही थी गंदगी


यह लिखा था प्रिस्किप्रशन।

अस्पताल में नाक, कान, गला विशेषज्ञ को अपनी तकलीफ बताने के बाद उन्होंने पर्चे पर दवा लिख दी। दवा काउंटर से दवा लेने के बाद जब रिपोर्टर ने शीशी देखी तो उसमें गंदगी तैरती नजर आई। इससे वे हैरत में पड़ गए। यही हाल दवा का था जिसमें फंगस नजर आई।

### सीएस जैन बोले- जांच के बाद ही लेते हैं दवाएं

मामले की शिकायत तुरंत अस्पताल के सिविल सर्जन संजय जैन से की, उनका कहना था कि इस तरह का मामला हमारे पास आ ही नहीं सकता है, क्योंकि हम दवाओं को जांच के बाद ही लेते हैं।

### सीएमएचओ बोले- मामले की गहनता से कराएंगे जांच

वहीं, अस्पताल के सीएमएचओ मनीष शर्मा का कहना है कि हम इसकी जल्दी जांच करवाएंगे क्योंकि अस्पताल में इस तरह का यह दूसरा मामला है, इसकी जांच गहनता से कराई जाएगी।

### आजमगढ़-एलटीटी एक्स. 9 घंटे तो भोपाल एक्सप्रेस आई 4 घंटे लेट



**भोपाल।** दो दिन की थोड़ी सी राहत के बाद एक बार फिर ट्रेनों की चाल बिगड़ गई है। सोमवार को घने कोहरे के कारण भोपाल आने वाली ट्रेनें 9 घंटे तक की देरी से पहुंची।

**प्रमुख ट्रेनें**

| ट्रेन का नाम | देरी |
|---|---|
| केरल एक्सप्रेस | 6.30 घंटे |
| अमृतसर एक्सप्रेस | 4.30 घंटे |
| ग्वालियर-भोपाल इंटरसिटी | 3.05 घंटे |
| पंजाब मेल | 1.55 घंटे |
| शताब्दी एक्सप्रेस | 1.50 घंटे |
| भोपाल एक्सप्रेस | 4 घंटे |
| सचखंड एक्सप्रेस | 2.15 घंटे |
| छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस | 1॥ 15 घंटे |
| पातालकोट एक्सप्रेस | 1.10 घंटे |
| आजमगढ़-एलटीटी | 9 घंटे |

### पुणे कैंसिल, दिल्ली और अहमदाबाद सहित तीन उड़ानें लेट आईं

**संतनगर।** भोपाल में लगे केट-टू सिस्टम से कोहरे का असर विमानों की आवाजाही पर नहीं पड़ा रहा है लेकिन ख़राब मौसम के चलते एयर इंडिया की दिल्ली और इंडिगो एयरवेज़ की अहमदाबाद व दिल्ली उड़ान देरी से भोपाल पहुंची। वहीं देर रात की पुणे फ्लाइट भी कैंसिल रही। आज सोमवार को इंडिगो एयरवेज़ की अहमदाबाद और दिल्ली उड़ान दो से ढाई घंटा देरी से भोपाल आई। वहीं इंडिगो की पुणे उड़ान जो रात को तीन बजे राजा भोज एयरपोर्ट पर आती है वह आज नहीं आ सकी।

### राजधानी में एक्यूआई 300 के पार, आयोग ने दिए जांच के निर्देश

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने राजधानी में एक्यूआई 300 के पार होने और सांस के रोगियों की पीड़ा बढ़ने पर संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही की रिपोर्ट भी तलब की है। आयोग के संज्ञान में आया है कि भोपाल शहर में हवा में बढ़ता प्रदूषण लोगों को सांस लेने में परेशानी दे रहा है। शहर में एक्यूआई 300 के पार पहुंच गया है। बढ़ते प्रदूषण के कारण सांस के रोगियों को कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## जानकारी के अभाव में कई अभिभावक समय पर ही बच्चों को लेकर स्टॉप पर पहुंचे

# आदेश बेअसर...सुबह 7 बजे से ही घने कोहरे में दौड़ीं स्कूल बसें, सर्दी से कांपते हुए स्कूल पहुंचे नौनिहाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अभिभावक बस स्टॉप पर लगाते रहे वाहन चालकों को फोन

अधिकतर स्कूलों में सुबह 9 बजे के बाद शुरू हुई कक्षाएं, समय परिवर्तन के नोटिस भी नहीं किए चस्पा

इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर सहित करीब 20 जिलों में अवकाश घोषित, लेकिन भोपाल में सिर्फ समय बढ़ा

प्रदेश में बढ़ती भीषण सर्दी और कोहरे के कारण स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर सहित करीब 20 जिलों में अवकाश घोषित कर दिए गए हैं। हालांकि राजधानी में स्कूलों के समय में बदलाव करते हुए 9:30 बजे से कक्षाएं लगाने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन आदेश जारी होने के बाद पहले दिन ही राजधानी में आदेश बेअसर नजर आया। सोमवार सुबह 10 बजे तक कोहरा छाया और सर्द हवाएं चलती रही। जबकि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सुबह 7 बजे से ही स्कूली वाहन सड़क पर दौड़ते नजर आए। ऐसे में बच्चों को ठिठुरते हुए ही स्कूल जाना पड़ा। बता दें कि जारी आदेश के अनुसार, नर्सरी से 8वीं तक के स्कूल सुबह 9.30 बजे के बाद खुलने की बात कही गई है।

### कहीं देर रात, तो कहीं सुबह मिली समय बदलाव की सूचना:



*सुबह सुबह हाड़ कंपा देने वाली सर्दी में साइकिल से सिल्वर वेल्स स्कूल पहुंचा एक बच्चा।*

रविवार देर शाम स्कूलों के समय परिवर्तन के आदेश जारी किए गए। ऐसे में कुछ स्कूलों द्वारा देर रात तक अभिभावकों को समय बदलाव की सूचना मैसेज पर दे दी गई थी, लेकिन कई स्कूलों द्वारा सुबह इसकी जानकारी दी गई। ऐसे में अभिभावक सुबह पूर्व के समय पर ही बच्चों को लेकर स्कूल और बस स्टॉप पर पहुंचे। हालांकि कड़ाके की ठंड का अलर्ट होने से परिजनों का उम्मीद थी कि छुट्टी का आदेश आ जाएगा। सोमवार को दिनभर वे इंतजार भी करते रहे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

### घने कोहरे में दुर्घटना का खतरा

स्कूली बसें घने कोहरे में भी सुबह से सड़कों पर दौड़ रही हैं, जबकि इस दौरान 50 मीटर दूर का भी नजर नहीं आ रहा था। इसमें कुछ बसें ऐसी भी नजर आई जिनमें न ब्रेक लाइट थी और न ही वार्निंग रिफलेक्टर रेडियम लगाए गए हैं। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के साथ सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों के जीवन के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है।



### बागसेवनिया क्षेत्र स्थित माउंट कार्मेल स्कूल

राजधानी के बागसेवनिया क्षेत्र स्थित माउंट कार्मेल स्कूल में सुबह 7:20 से स्कूली वाहन बच्चों को लेने के लिए रवाना हो रहे थे। स्कूल के एंट्रीगेट पर समय बदलाव का कोई नोटिस नजर नहीं आया। मौजूद स्टाफ ने कहा कि स्कूल 9 बजे के बाद ही शुरू होगा।

### अरविंद विहार स्थित सिल्वर बेल्स कॉन्वेंट स्कूल

शहर के अरविंद विहार के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित सिल्वर बेल्स कॉन्वेंट स्कूल में सुबह 8 बजे से बच्चे पहुंचना शुरू हो गए थे। स्कूल के एंट्रीगेट पर पुराने समय का ही नोटिस लगा हुआ है। हरिभूमि की टीम और कैमरा देखने के बाद मौजूद स्टाफ बच्चों को लेकर पहुंचने वाले अभिभावकों को समय बदलाव की समझाइश देते और मैसेज नहीं मिलने की बात कहते नजर आया। हालांकि अभिभावकों ने जानकारी नहीं होने की बात कही।

### समय बदलाव का निर्णय सही



मेरी बेटी कक्षा छठवीं में पढ़ती है। स्कूल का समय 9:30 हो गया है, हालांकि स्कूल बस सुबह 8 बजे ही आएगी। बढ़ती सर्दी को देखते हुए समय बदलाव का निर्णय सही है। **रामबाबू साहू, अभिभावक**

### अवकाश घोषित करना चाहिए

प्रदेश के करीब 20 जिलों में भीषण सर्दी के चलते स्कूलों के अवकाश घोषित किए गए हैं, परंतु राजधानी में ऐसे कोई आदेश जारी नहीं हुए हैं। स्कूलों को समय एक घंटे की अवधि बढ़ाकर सुबह 9:30 बजे कर दिया गया है। इसमें भी कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बच्चों को कोई राहत नहीं है। स्कूली वाहन घने कोहरे में सुबह 7 बजे ही बच्चों को लेने के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में इस लापरवाही के चलते बच्चों का स्वास्थ्य खराब होने अथवा स्कूली वाहनों की दुर्घटना की जिम्मेदारी कौन लेगा। शासन-प्रशासन को बच्चों के हित में कुछ दिन का अवकाश घोषित करना चाहिए।

**प्रबोद्य पंडया, महासचिव पालक महासंघ**

**अयोध्या नगर**

### सुबह-सुबह सर्दी से कांपते हुए अभिभावक बोले-आज तो छुट्टी होनी थी...


मनीष पाल और उनका बेटा इवान

राजधानी के विभिन्न इलाकों में सुबह 7 से 8 बजे के बीच बच्चे और उनके अभिभावक स्कूल के लिए बस स्टॉप पर कोहरे और कंपकंपाती सर्दी में पहुंचे। अयोध्यानगर, करोंद इलाके में सुबह स्कूली बसों के इंतजार में स्कूली बच्चे और उनके अभिभावक दिखे। बागसेवनिया स्थित एक स्कूल तक पहुंचने सुबह 7:30 बजे अयोध्यानगर बस स्टॉप पर पहुंचे कक्षा 5वीं के छात्र ईवान और उनके अभिभावक मनीष पाल ने बताया कि वे स्कूल के लिए स्कूल बस का इंतजार कर रहे हैं। आज एक घंटे लेट स्कूल है, इस लिए बस भी लेट आ रही है। आज अन्य दिनों से सर्दी और कोहरा अधिक है, आज अवकाश होता तो बेहतर रहता।

### अभी पेपर चल रहे, बस देर से आएगी


मनीष गुप्ता


काव्य गुप्ता

अयोध्यानगर चौराहे पर सुबह 7:40 बजे कक्षा 10वीं के छात्र काव्य गुप्ता और उनके पिता मनीष गुप्ता ने बताया कि आज स्कूलों का समय बदला गया है। इसलिए स्कूल बस भी लेट है। काव्य के अनुसार उनके अभी पेपर चल रहे हैं। सर्दी और कोहरे से स्कूलों का टाइम लेट किया है, अवकाश नहीं किया गया। इसलिए हम भी बस स्टॉप पर कुछ लेट आए हैं।

### विपक्ष भी रहेगा हमलावर

## निगम परिषद की बैठक 13 को, इस बार छाया रहेगा पानी का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम परिषद की बैठक 13 जनवरी को आईएसबीटी स्थित निगम मुख्यालय के सभागार में होगी। इसमें पानी का मुद्दा छाया रहेगा। इसके लिए विपक्ष पूरी तरह से तैयार है।

यह बैठक पूर्व में 7 जनवरी को होना थी, लेकिन इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद इस बैठक की तिथि को आगे बढ़ा दिया गया। नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने बताया कि बैठक की तारीख तय हो गई है, लेकिन अभी एजेंडा नहीं मिला जो एक-दो दिन में मिल जाएगा।




## चार इमली के एकांत पार्क में स्ट्रीट डॉग वॉक करने वालों के लिए बने खतरा

### उद्यान संरक्षक मंडल के सदस्यों ने कहा- रोकथाम के उपाय हों, वॉक करने वालों के साथ हो सकता है हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के चार इमली जैसे पॉश इलाके के एकांत पार्क में इन दिनों स्ट्रीट डॉग वाक करने आने वाले लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं। इनकी संख्या दिनोंदिन बढ़ रही है। उद्यान संरक्षण मंडल के सदस्यों का कहना है कि पार्क में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन सहित प्रदेश सरकार के अहम विभागों के अधिकारी और उनके परिजन आते हैं। स्ट्रीट डॉग का झुंड सक्रिय रहता है। जो लोगों को देखकर लपक भी रहे हैं। इसकी रोकथाम की जाना चाहिए।




चार इमली क्षेत्र में 50 एकड़ में फैले एकांत पार्क को पर्यावरण वानिकी वन मंडल संचालित कर रहा है। यहां रोज अफसरों समेत 500 से ज्यादा लोग व्यायाम और ध्यान के लिए भी आते हैं।

### पार्क में स्ट्रीट डॉग की रोकथाम होना चाहिए

उदयान संरक्षक मंडल के सदस्य विजय खंडेलवाल ने बताया कि पार्क परिसर में बडी संख्या में स्ट्रीट डॉग हैं। यह लोगों पर लपकते हैं। बीते दिनों एक महिला पर लपकने की घटना हो चुकी है। यहां आने वाले उनके लिए फूड आदि सामग्री भी लाते हैं। इस पर भी रोक लगना चाहिए। नगर निगम को चाहिए कि वे पार्क में स्ट्रीट डॉग के प्रवेश करने से रोकने के लिए कदम उठाए।

### पार्क की टूटी सुरक्षा दीवार से दिक्कत

लोगों का कहना है कि पार्क परिसर में कई जगह सुरक्षा दीवार टूट गई है। यहां से स्ट्रीट डॉग की आवाजाही होती है। इस दीवार का भी निर्माण होना चाहिए।

### सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन हो रहा है

स्ट्रीट डॉग को लेकर सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन हो रहा है। स्कूल, कॉलेज, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर निगरानी की जा रही है। **संस्कृति जैन**, आयुक्त नगर निगम

## 14 फरवरी तक 1 लाख 16 हजार 925 मतदाताओं की होगी सुनवाई, 5 हजार के दस्तावेज अपलोड

# प. बंगाल की महिला नहीं दिखा पाई दस्तावेज, नो मैपिंग वालों ने दिखाए पेपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दूसरे चरण का काम शुरु कर दिया गयाा है। सोमवार को नगर निगम क्षेत्र के 85 वार्ड, हुजूर और बैरसिया तहसील में नो मैपिंग वाले मतदाताओं की सुनवाई शुरु कर दी गई है। जिसके तहत मतदाताओं को खुद के और माता-पिता के जन्म का प्रमाण पेश करना पड़ रहा है। हालांकि सुनवाई शुरू होने के पहले ही करीब पांच हजार मतदाताओं ने अपने दस्तावेज बीएलओ एप पर अपलोड करा दिए थे। लेकिन सोमवार को नोटिस वाले मतदाताओं की सुनवाई शुरु की गई। जिसमें वार्ड-78 में सुनवाई करने वाले एईआरओ धर्मेंद्र अग्रवाल के पास 13 लोगों की सुनवाई की गई। इस दौरान नो मैपिंग वाली एक महिला अपने दस्तावेज पेश नहीं कर सही। महिला ने बताया कि वह पश्चिम बंगाल की रहने वाली है। ऐसे में उसे दस्तावेज मंगवाने समय चाहिए। सुनवाई के दौरान करोंद निवासी सरकार नामक महिला ने बताया कि वर्ष-2003 में उसका नाम मतदाता सूची में नहीं था। जिसकी वजह से उसका लिंक नहीं मिला। महिला को दस्तावेज पेश करने के लिए दूसरा मौका दिया गया है। पहले दिन जिन लोगों को सुनवाई के लिए आना था, उनमें से अधिकतर लोगों ने पहले ही दस्तावेज अपलोड करा दिए थे। ऐसे में यह लोग सुनवाई के लिए नहीं आए। सुनवाई करने वाले एईआरओ से कहा गया है कि वह जन्म और निवासी की पुष्टि करने वाले दस्तावेज लेंगे। जिसमें निर्वाचन आयोग द्वारा तय किए गए 12 दस्तावेजों के साथ अन्य दस्तावेज जिनसे जन्म और निवास की पुष्टि होती है, उन्हें भी मान्य किया जाएगा। भोपाल में वर्ष-1983 में हुए गैस त्रासदी को लेकर कोर्ट द्वारा जारी किया गया अंतिम आदेश भी मान्य किया जाएगा। अब 14 फरवरी तक छुट्टी वाले दिन छोड़कर रोजाना दोपहर 3 से 5 बजे तक सुनवाई की जाएगी।




### 17 हजार ने दिए नए आवेदन

जिले की सात विस में 4 लाख 38 हजार 317 मतदाताओं के नाम काटे जाने के बाद 23 दिसंबर से मतदान केंद्रों पर बैठने वाले बीएलओ को 17 हजार 152 नए मतदाताओं ने आवेदन पेश किए हैं। इन लोगों के आवेदन में माता, पिता, दादा-दादी का वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नाम का सत्यापन भी किया जा रहा है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता का कहना है कि अब मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने का आधार माता, पिता, दादा, दादी का लिंक रहेगा। इसके साथ मतदाता जन्म और निवास का प्रमाण देकर भी नाम जुड़वा सकते हैं।

## *जनवरी में निपटा लें पिछले साल के पेंडिंग केस एसआईआर के काम पर निगरानी की हिदायत*

नया साल शुरु हो गया है, लेकिन पिछले साल के पेंडिंग केसों अभी तक चल रहे हैं, इसलिए जनवरी माह में पिछले साल के पेंडिंग केसों को निपटा लिया जाए। सीएम हेल्पलाइन की पेंडेंसी भी अब 20 हजार के पार हो गई है। इसे भी रोजाना के हिसाब से कम किया जाए। प्रदेश में हमारी स्थिति सुधर नहीं रही है। यह बात सोमवार को टाइम लिमिट बैठक में जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने कही। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पर 50 व 100 दिन से पुरानी शिकायतों का निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि कलेक्टर-कमिश्नर के पालन प्रतिवेदन में सभी विभाग टॉरगेट के हिसाब से नियमित मानिटरिंग करें। इसके अलावा नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और फार्मर रजिस्ट्री का काम तेज करने की हिदायत भी अफसरों को दी।

### 50 दिन से ज्यादा पुरानी 9 हजार शिकायतें

सीएम हेल्पलाइन पर जिले की स्थिति खराब बनी हुई है। अब तक 20 हजार 72 लंबित हैं, तो वहीं 50 दिन से अधिक समय से नौ हजार 450 शिकायतें पेंडिंग चल रही हैं। वहीं दिसंबर महीने में 15 हजार 236 शिकायतें दर्ज हुईं थी, जिनमें से सात हजार 170 को निपटा दिया गया है, जबकि आठ हजार 66 शिकायतें अब भी पेंडिंग हैं।



## जैकेट का शेष...

### घड़ी, 4 रुपए ...

शिकायत करने वालों और गवाहों को फिर से नोटिस और वारंट जारी किए गए। लेकिन, कोई भी कोर्ट में पेश नहीं हुआ। आखिरकार 50 साल से अधिक समय तक फरार रहने के बावजूद, पुख्ता सबूतों की कमी के कारण, कोर्ट ने राजाराम काले के खिलाफ सभी वारंट रद्द करते हुए उन्हें बरी करने का आदेश दिया।

### लंबे वक्त से...

में नहीं हैं। इसी को आधार बनाकर अदालत ने शरजील इमाम और उमर खालिद की जमानत की याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि खालिद और इमाम के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत प्रथम दृष्टया मामला बनता है। गौर हो कि 10 दिसंबर, 2025 को सभी आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद शीर्ष अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने 18 दिसंबर तक दोनों पक्षों को अपनी दलीलों के समर्थन में तमाम दस्तावेज जमा कराने को भी कहा था।

### ट्रायल में हो ...

वैधानिक सुरक्षा उपाय स्वतः ही निरस्त होने का खतरा है। हालांकि, अदालत ने कहा कि गवाहों की जांच पूरी होने पर या वर्तमान आदेश की तारीख से एक वर्ष पूरा होने पर उमर खालिद और शरजील इमाम फिर से जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं। अदालत ने कहा कि दोनों के खिलाफ यूएपीए के तहत प्रथम दृष्टया आरोप गंभीर हैं, इसलिए इस स्तर पर दोनों को राहत नहीं दी जा सकती।

### हिंसा का मकसद....

मकसद केवल विरोध से कहीं आगे जाकर अस्थिरता पैदा करना था।

### आंध्र प्रदेश में ....

स्थानीय प्रशासन ने तुरंत पास के गांव खाली करवा लिए। कई लोग पहले ही घरों से भाग गए। वे अपने मवेशियों को भी सुरक्षित जगह पर ले गए। लोगों से बिजली का इस्तेमाल न करने, बिजली के उपकरण चालू न करने और चूल्हा न जलाने को कहा गया है। ओएनजीसी की टीम के साथ फायर ब्रिगेड और पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया।

### एनएचडीसी के नए....

इंदिरासागर परियोजना मे महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रहते हुए एनएचडीसी की दोनों परियोजनाओ की कमीशनिंग मे महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। वर्ष 2022 मे तीस्ता-5 पावर स्टेशन मे प्रभारी के रूप मे बाढ़ आपदा से नुकसान के उपरांत पुर्ननिर्माण कार्य का सक्षम नेतृत्व किया।

### आईपीएल टेलीकास्ट पर...

आदेश दिया है। सरकार ने साफ किया है कि यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू होगा और अगले आदेश तक जारी रहेगा। जारी एक आधिकारिक आदेश में पुष्टि की गई कि बांग्लादेश में आईपीएल से जुड़ा कोई भी प्रसारण, प्रमोशन या इवेंट कवरेज नहीं दिखाया जाएगा। सरकारी बयान में कहा गया कि इस निर्णय ने बांग्लादेश की जनता को दुखी, आहत और आक्रोशित किया है। इसी जनभावना को ध्यान में रखते हुए संबंधित प्राधिकरण के निर्देश पर यह फैसला लिया गया है कि आईपीएल से जुड़े सभी मैचों और कार्यक्रमों का प्रसारण अनिश्चितकाल के लिए निलंबित रहेगा।

### एक और हिंदू...

घटना जाशोर जिले में हुई है। घटना को लेकर इलाके में काफी ज्यादा तनाव है। जानकारी के मुताबिक घटना मणिरामपुर उपजिला के कोपलिया बाजार स्थित वार्ड नंबर 7 में शाम 5 बजकर 45 मिनट पर हुई। मारे गए युवक की पहचान 45 वर्षीय राणा प्रताप के रूप में हुई है। पड़ोसी देश में चुनाव करीब हैं, लेकिन हिंदुओं पर अत्याचार की खबरें रुकने का नाम नहीं ले रही हैं।

### रूस से तेल....

बनाए रखती है। तो वह (वाशिंगटन डीसी) उस पर लगाए गए टैरिफ को जल्द ही और बढ़ा देंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहुत अच्छा व्यक्ति और इंसान बताते हुए यह दावा भी किया वह मेरी नाराजगी से भली-भांति परिचित थे और मुझे खुश करना बेहद जरूरी था। वह व्यापार करते हैं और हम बहुत जल्द उन पर लगाए गए टैरिफ को और बढ़ा सकते हैं। जो उनके लिए बिलकुल अच्छा नहीं होगा। वेनेजुएला पर हमले और राष्ट्रपति मादुरो की गिरफ्तारी के घटनाक्रम के बीच रविवार को फ्लोरिडा से वाशिंगटन डीसी की उड़ान के दौरान एयरफोर्स वन विमान में अमेरिका के भावी कदमों को लेकर मीडिया से बातचीत में राष्ट्रपति ट्रंप ने यह जानकारी दी है। उनके साथ सांसद लिंडसे ग्राहम भी मौजूद थे। दक्षिण अमेरिकी देश पर हमले के तुरंत बाद उन्होंने भारत पर टैरिफ बढ़ाने की इस नई चेतावनी की घोषणा की है।

### अगस्त 2025 में ....

युद्ध को और अधिक भड़काने या बढ़ावा देने के लिए वित्तीय मदद प्रदान कर रहा है।

### अजय गर्ग का ....

वह जिंदगी को आगे नहीं बढ़ाना चाहते हैं। इसमें किसी का कोई दोष नहीं है। इसके लिए कोई जिम्मेदार भी नहीं है।

### पीएम मोदी बोले-....

में नहीं थे। उनका मानना था कि सरकार और बड़े संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों को इस काम से नहीं जुड़ना चाहिए। अपने ब्लॉग में पीएम मोदी ने लिखा कि स्वतंत्रता के बाद सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण की जिम्मेदारी सरदार वल्लभभाई पटेल पर आई। यह वही मंदिर है, जिस पर साल 1026 में आक्रमण हुआ था। उन्होंने बताया कि दीपावली 1947 में सरदार पटेल जब सोमनाथ पहुंचे, तो वहां की स्थिति देखकर वे बहुत भावुक हो गए। इसी यात्रा के बाद उसी स्थान पर मंदिर को दोबारा बनाने का फैसला हुआ। पीएम मोदी ने लिखा कि 11 मई 1951 को सोमनाथ मंदिर भक्तों के लिए खोला गया। उस समय देश के राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद इस अवसर पर मौजूद थे।

## पेज एक का शेष...

### बर्फीली सर्दी...

अधिक कमी भोपाल, रायसेन और दमोह में 4-4 डिग्री तक रही। इससे सर्दी और कोहरे का असर बढ़ा है।

**7 जिलों में दृश्यता शून्यः** -प्रदेश में सबसे कम रात का पारा कल्याणपुर (शहडोल) 3.8 डिग्री रहा। दतिया 4.4, राजगढ़, खजुराहो (छतरपुर) 5.4, मुरैना, मलाजखंड (बालाघाट) 5.5 और उमरिया में न्यूनतम तापमान 5.7 डिग्री तक रहा है।

इस बीच भोपाल, गुना, नर्मदापुरम, रायसेन, खजुराहो, दमोह और सागर में घने से अति घना कोहरा रहा।

यहां सुबह दृश्यता 50 से 100 मीटर तक (शून्य) तक रही है।

नौगांव, जबलपुर सहित आधा दर्जन जिलों में 200 से 500 मीटर तक बिजिविलिटी से आवागमन प्रभावित रहा।

### अलाव में जलने ....

दी। परिवार वाले उसे लेकर गुना जिला अस्पताल पहुंचे। यहां इलाज के दौरान सोमवार सुबह लगभग 7:30 बजे बच्ची ने दम तोड़ दिया।

### अलाव के पास....

है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

### हम 5 नहीं ...

उन्होंने कहा कि मप्र और राजस्थान दोनों सदियों से इतिहास, विरासत और व्यापार-व्यवसाय की समझ के मामले में साझा भागीदार रहे हैं। राजस्थान के मारवाड़ी व्यापारी मप्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। डॉ. यादव ने कहा कि राजस्थान और मप्र साझी विरासतें हैं। नदियों के मामले में मप्र थोड़ा भाग्यशाली है। मप्र नदियों का मायका है। मप्र में 250 से ज्यादा नदियां हैं। बहते पानी को कोई नहीं रोक सकता।

राजस्थान वैसे भी हमारा सहोदर भाई है। उन्होंने कहा कि उत्तर भारत के राज्यों में आईटी सेक्टर से जुड़े स्टार्टअप्स भी आएंगे। मप्र और राजस्थान की सरकार साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है। समिट में राजस्थान के उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा मौजूद थे। मप्र सरकार इस प्रतिष्ठित ग्लोबल समिट में स्टेट पार्टनर के रूप में हिस्सा ले रही है।

### पार्वती-कालीसिंध-...

राजस्थान सरकार दोनों राज्यों के बीच हुए समझौते का पालन नहीं कर रही है। इसके बाद 2024 में दिल्ली में जल शक्ति मंत्रालय में बैठक हुई। इसमें दोनों राज्यों के बीच सहमति बन गई। दिल्ली में ही राजस्थान के मुख्यमंत्री और मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एमओयू साइन किया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जयपुर में पार्वती-कालीसिंध-चंबल-ईआरसीपी परियोजना का शिलान्यास किया।

### इस परियोजना की ...

होगा। इस परियोजना में 17 बांध बनेंगे। इसमें जल भराव क्षमता 1477.62 मिलियन घन मीटर होगी।

### मप्र में निवेश...

हास्पिटल, एआई, ड्रोन, सेमी कंडक्टर निर्माण एवं अन्य कई व्यवसाय स्थापित करने पर अनुदान दिया जा रहा है। मप्र में निवेश हर मायने में लाभ का सौदा है।

### 17 वीं मौत, ...

मरीज थे। दूषित पानी से उनकी किडनी खराब हो गई थी। बॉम्बे हॉस्पिटल में 11 मरीज आईसीयू में भर्ती थे, जिनमें से 4 मरीजों को वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। रविवार रात तक की स्थिति में 7 मरीजों का आईसीयू में इलाज चल रहा है। अब तक कुल 398 मरीज अस्पतालों में भर्ती किए गए, जिनमें से 256 को डिस्चार्ज किया जा चुका है। अलग-अलग अस्पतालों में 142 मरीजों का इलाज जारी है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने सोमवार को कहा कि एपिडेमिक (एक क्षेत्र में संक्रमण) कैसे फैला, इसकी जांच एम्स भोपाल और आईसीएमआर की टीम कर रही है। नगर निगम ने जंग और काई लगे टैंकरों को जल प्रदाय कार्य से हटा लिया है।

### महामारी घोषित नहीं ....

गई, जिनमें 20 नए मरीज मिले हैं। 429 पुराने मरीजों का फॉलोअप लिया गया।

### हाईवे पर पुलिस....

प्रेम विवाह कर लिया। युवती बालिग थी और उसने अपनी मर्जी से शादी करने की बात कही। पुलिस ने उसके बयान दर्ज कर उसे वन स्टॉप सेंटर भेज दिया। इसी बात से नाराज होकर परिजन और समाज के लोग उग्र हो गए। सोमवार को लौटते समय भीड़ ने पैंची गांव के पास हाईवे पर चक्काजाम करने की कोशिश की। इसी दौरान आरक्षक नरेंद्र ओझा ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों ने उसे पकड़कर बंधक बना लिया और बेरहमी से मारपीट की। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी और एसएएफ के जवान मौके पर पहुंचे लेकिन वहां पहले से तैयार भीड़ ने पुलिस पर धावा बोल दिया।

### अमित भार्गव बने ...

में सुर्खियों में हैं। भार्गव ने एमपीपीएससी सहायक प्राध्यापक परीक्षा को पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण कर प्रदेश भर में 27वां स्थान प्राप्त किया था। प्रिंसिपल के रूप में अमित का लक्ष्य कॉलेज में नवाचारपूर्ण शिक्षण, डिजिटल सुविधा, शोध संस्कृति और विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान देना है। वे मानते हैं कि शिक्षा का असली उद्देश्य केवल परीक्षा पास कराना नहीं, बल्कि समाज को जागरुक और जिम्मेदार नागरिक देना है।

### दिग्विजय ने 'मनरेगा' ....

मजदूर और किसानों की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी लड़ती रहेगी। वे खेरी गांव में रात्रि विश्राम के बाद सोमवार की सुबह पैदल गांव की गलियों में निकले और घर-घर जाकर ग्रामीणों से बातचीत की।

### आगे भी जारी...

दिग्विजय उनके गृह जिले से यह पद यात्रा कर रहे हैं। इसे कांग्रेस के जमीनी स्तर पर संपर्क और संगठन को मजबूत करने की पहल के तौर पर भी देखा जा रहा है।

### आत्महत्या का प्रयास...

नोटिस दिया था। इस नोटिस की वजह से डॉ. राश्मि मानसिक रूप से परेशान थी। इसके बाद मामले के तीसरे दिन एम्स प्रबंधन ने ट्रॉमा और इमरजेंसी मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ. मोसमट यूनुस को पद से हटा दिया था।

### एनेस्थीसिया ने पहुंचाया....

चेहरे पर हल्की चोट के निशान का उल्लेख किया गया है। यह चोट किसी चांटे या चेहरे को जोर से पकड़े की तरफ इशारा करती है।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2, भोपाल

निविदा सूचना 32 वर्ष 2025-26 // निविदा सूचना // भोपाल, दिनांक 31/12/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | 2025_PWDRB_472151_1 | दौलतपुर केरवा डेम पहुंच मार्ग लंबाई-0.80 कि.मी. का निर्माण कार्य । | द्वितीय | 144.88 |
| 2. | 2025_PWDRB_472152_1 | देवलखेड़ा निदानपुर चांदसलोई मार्ग के कि.मी. 5/8 पहुंच मार्ग पर पुलियों के विशेष मरम्मत कार्य । | प्रथम | 80.66 |
| 3. | 2025_PWDRB_472153_1 | सर्वेक्षण एवं निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रं.-02 के अंतर्गत बंगला क्रं. डी-18, डी- 4/10, डी- 2/19, डी- 2/22 में लघुमूल गौण कार्य | प्रथम | 41.21 |
| 4. | 2025_PWDRB_472155_1 | सर्वेक्षण एवं निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्र.-02 के अंतर्गत बंगला क्रं. डी-3/22, सी- 2/9 में लघुमूल गौण कार्य । | प्रथम | 28.73 |
| 5. | 2025_PWDRB_472156_1 | सर्वेक्षण एवं निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्र.-02 के अंतर्गत बंगला क्रं. डी-2/8, डी- 3/8, डी-4/8 में लघुमूल गौण कार्य । | प्रथम | 46.67 |
| 6. | 2025_PWDRB_472157_1 | सर्वेक्षण एवं निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्र.-02 के अंतर्गत विभिन्न बी एवं सी टाईप बंगलों की क्षतिग्रस्त बाउंड्री वॉल की मरम्मत का कार्य । | प्रथम | 67.48 |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय एवं जमा करने की अंतिम तिथि 16/01/2026 जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

G-23960/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2, भोपाल

## कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर

AN ISO 9001: 2015 CERTIFIED OFFICE
इंदिरा गांधी मार्ग, साउथ सिविल लाईन, जबलपुर, (म.प्र.) पिन-482001
Phone No. 0761-2621541 E-mail:- cepwdcentral@nic.in

निविदा सूचना क्रमांक 17/सा/2025-26 // निविदा आमंत्रण सूचना // जबलपुर, दिनांक 01.01.2026

जबलपुर परिक्षेत्र अंतर्गत निम्नलिखित मार्गों के उन्नयन हेतु व्यवहार्यता अध्ययन / विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने हेतु पात्र कंसलटेंट से ई-टेण्डरिंग के द्वारा प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| सं क्रं | टेन्डर आई.डी. | जिला/ लो.नि.वि. संभाग | कार्य का नाम | आमंत्रण | अमानत राशि रू. | निविदा प्रपत्र का रू. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025_PWDRB_471241_1 | जबलपुर | महगवां चरगवां शहपुरा पाटन पोडी कटंगी मझौली मार्ग लं. 104.74 कि.मी. | प्रथम | 10,00,000 | 50,000/- |
| | | जबलपुर | पनागर सिंगलद्वीप मझौली अभाना बचैया रानीताल रूपनाथ बहोरीबंद मार्ग लं. 99.40 कि.मी. | | | |
| | | जबलपुर | बरगी नगर भेड़ाघाट उडना सकरा मार्ग लं. 73.70 कि.मी. | | | |
| | | कटनी | बहोरीबंद अमगवां मवई चरगवां मतवारी पडुआ पिपरौंध निवार देवरी हटाई बड़वारा बसाड़ी अमाड़ी विजयराघवगढ़ कैमोर मार्ग लं. 116.40 कि.मी. | | | |
| | | नरसिंहपुर | सरसला नरसिंहपुर लिंगा पुरगुवा मार्ग लं. 75.00 कि.मी. | | | |
| | | डिण्डौरी | करंजिया-चौरादादर-गोपालपुर-चाडा-गौराकन्हारी-हल्दी करेली-मौहारी से एस.एच. 43 तक मार्ग लं. 157.00 कि.मी. | | | |
| | | बालाघाट | रजेगांव किरनापुर लांजी आमगांव मार्ग लं. 57.40 कि.मी. | | | |
| | | | कुल लं. 683.64 कि.मी. | | | |

टीपः- निविदा का विस्तृत विवरण, आमंत्रण पत्र (LOI) एवं संदर्भ की शर्तें (ToR), जिसमें RFP भी सम्मिलित है, म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 19.01.2026 समय 5:30 PM तक है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

G-23965/25 " स्वच्छता ही सेवा "

मुख्य अभियंता. लो.नि.वि.
जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर

## कार्यालय नगर पालिक निगम (यांत्रिकी शाखा), भोपाल

क्रमांक. 163/याँ.वि./26 निविदा आमंत्रण सूचना भोपाल, दिनांक- 5/1/2026

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू.में) | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_472696_1 | CONST. OF CC ROAD FROM SAINGAR SAHAB HOUSE TO COMMUNITY HALL AT NARIYAL KHEDA WARD-12, ZONE-03 | 4,14,892/- | 19-JAN-2026 | 05:30 PM |
| 2. | 2026_UAD_472674_1 | DEVELOPMENT WORK OF NARIYAL KHEDA SQUARE AT NARIYAL KHEDA WARD-12, ZONE-03 | 21,02,156/- | 02-FEB-2026 | 05:30 PM |

नोट - संशोधन केवल वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।

नि.क्र. 2920/025/026

कार्यपालन यंत्री (सिविल)
नगर पालिक निगम, भोपाल




छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330
R- 04/12/25 to 17/01/26

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6100



**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

### शब्द पहेली- 6099 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | सो | नि | या | गां | धी | ■ | म | हा | न | ता |
| खा | ना | ■ | प | ■ | र | क्ष | क | ■ | म | ल |
| ना | ■ | म | न | सि | ज | ■ | र | ग | ■ | मे |
| ब | ला | त | ■ | ■ | वा | दा | ■ | म | ह | ल |
| दो | ■ | दा | ■ | क | ला | ■ | आ | ■ | व | ■ |
| श | य | न | क | क्ष | ■ | दि | शा | ही | न | ता |
| ■ | म | ■ | प | ■ | ह | ल | ■ | न | ■ | क |
| का | ज | ल | ■ | शा | म | ■ | ■ | त | ह | त |
| म | ■ | त | य | ■ | व | फा | दा | र | ■ | व |
| चो | र | ■ | की | म | त | ■ | म | ■ | का | र |
| र | म | जा | न | ■ | न | य | न | ज | ल | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6110

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6109 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## खबर संक्षेप

### अमेजन की 'गेट फिट डेज' के साथ जर्नी की शुरुआत

**बेंगलुरु।** इस नए साल पर अमेजन के 'गेट फिट डेज' के साथ अपनी फिटनेस संकल्पों की ओर एक कदम और बढ़ाएं। यहां व्हूप के लेटेस्ट लांच के साथ-साथ स्पोर्ट्स और फिटनेस से जुड़ी जरूरी चीजों की बड़ी रेंज उपलब्ध है। चाहे आप घर पर वर्कआउट शुरू करना चाहते हों, योनेक्स, लाईफ लॉन्ग समेत कई भरोसेमंद ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स यहां देखे जा सकते हैं। इस इवेंट के दौरान ग्राहकों को डेबिट और क्रेडिट कार्ड पर आकर्षक ऑफर्स का भी लाभ मिलेगा।

### रसेंस प्राइवेट का राजस्व 200 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** रसेंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में 4,000 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं और संस्थागत संचालन, समावेशी नेतृत्व और पर्यावरणीय जिम्मेदारी पर केंद्रित रसेन्स भारत भर के बड़े प्रतिष्ठित औद्योगिक केंद्रों, शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों को अपनी सेवाएं प्रदान करती है। उक्त जानकारी रस्सेंस प्राइवेट लिमिटेड सदस्य बोर्ड और मुख्य व्यवसाय अधिकारी, स्वर्णा राजामणि ने दी। इस मौके रामकुमार राजाराम, ईवीपी संचालन भी मौजूद रहे।

### मानकसिया ने विस्तार का कार्य किया शुरू

**मुंबई।** मानकसिया कोटेड मेटल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने प्रौद्योगिकी उन्नयन और क्षमता विस्तार को लागू करने के लिए अपनी कंटीन्यूअस गैल्वनाइजिंग लाइन का एक नियोजित शटडाउन किया है। मानकसिया कोटेड मेटल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के होल-टाइम डायरेक्टर करण अग्रवाल ने कहाकि यह उन्नयन उस दिशा को दर्शाता है, जिसमें हम अपने कोटेड स्टील व्यवसाय को आगे बढ़ाना चाहते हैं।

### मॉडर्न डायग्नोस्टिक का आईपीओ खुला

**मुंबई।** मॉडर्न डायग्नोस्टिक एंड रिसर्च सेंटर लिमिटेड अपना इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग खोलने जा रही है। कंपनी इस आईपीओ के जरिए 40,99,200 इक्विटी शेयरों के फ्रेश इश्यू के माध्यम से 36.89 करोड़ जुटाने का लक्ष्य रखती है। इस इश्यू का कुल आकार 10 रुपए अंकित मूल्य वाले 40,99,200 इक्विटी शेयर हैं, जिनका प्राइस बैंड 85 से 90 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है।

### जेके आर्किटेक्ट ईयर अवॉर्ड से रुचिर सम्मानित

**मुंबई।** प्रकृति संरक्षण की सोच पर आधारित मन मथ प्रोजेक्ट के लिए शहर के ख्यात आर्किटेक्ट रुचिर तिवारी को दिल्ली में जेके आर्किटेक्ट ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह होटल प्रोजेक्ट उदयपुर की अरावली पहाड़ियों में स्थित है, जहां पत्थर और चूने जैसी पारंपरिक भवन सामग्री का उपयोग कर प्राकृतिक रूप से ठंडा और पर्यावरण के अनुकूल ढांचा तैयार किया गया है।

### रामराज ने किया प्रीमियम कलेक्शन का विस्तार

**नई दिल्ली।** रामराज कॉटन ने न केवल कपड़ों की गुणवत्ता, बल्कि परंपरा, शुद्धता और प्रीमियम आकर्षण का प्रतीक बन चुका है। रामराज व्हा इट अपनी ब्राइटनेस के लिए मशहूर है और इसका सिग्नेचर ब्राइट व्हाइटन केवल आंखों को सुकून देता है, बल्कि यह अब ब्रांड की अपनी एक अनूठी पहचान बन गया है। ब्रांड उद्योग में एक सबसे व्यापक व्हाइट फैब्रिक पोर्टफोलियो प्रदान करता है, जिसमें 500 से अधिक वैरायटीज हैं।

### यजुर फाइबर्स का आईपीओ कल खुलेगा

**मुंबई।** यजुर फाइबर्स लिमिटेड अपना इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) बुधवार 7 जनवरी, 2026 को खोलने जा रही है। कंपनी इस निर्गम के माध्यम से 120.41 करोड़ जुटाने का लक्ष्य रखती है, जबकि इसके शेयर बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होंगे। 10 अंकित मूल्य वाले 69,20,000 इक्विटी शेयरों के इस निर्गम के लिए मूल्य बैंड 168 से 174 प्रति शेयर तय किया गया है।

भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के चुनाव

शहर के व्यापारियों में बढ़ी चुनावी सरगर्मी

# संगठनों के व्यापारिक प्रतिनिधियों ने कहा- चेंबर की कमान वही संभालने के योग्य है जो संस्था को समय दे

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के व्यापारिक संगठनों की शीर्ष व्यापारिक संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चुनावी समर का आगाज हो चुका है। चुनाव अधिकारी प्रदीप कुमार तिवारी और पर्यवेक्षक डॉ. पीसी कोठारी द्वारा अधिसूचना (चुनाव कार्यक्रम) जारी किए जाने के बाद शहर व्यापार जगत में चुनावी सरगर्मी बढ़ गई है। इतना ही नहीं जैसे-जैसे नामांकन भरने की तारीख नजदीक आती जा रही है वैसे ही बैठकों का दौर भी बढ़ गया है। चेंबर के इस चुनाव में बतौर प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की मंशा रखने वाले लोग अपने-अपने समर्थकों के साथ बैठक कर सदस्यों की नब्ज पकड़ने का प्रयास कर रहे है।

चेंबर के चुनाव को लेकर भोपाल के प्रमुख व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं व्यापारियों से हुई चर्चा में यूं तो अलग-अलग दृष्टिकोण सामने आए, लेकिन एक बात लोगों ने स्पष्ट कहा कि चेंबर की कमान वहीं संभालने के योग्य है जो संस्था में समय दें, इसके अलावा आर्थिक पारदर्शिता प्रदर्शित करें। व्यापारियों के समस्या के समाधान के लिए सदैव तत्पर हो और संपूर्ण कार्यकाल में संस्था के प्रति समर्पित हो और राजनीति से परे हो।

## पद पर आसीन तो हो जाते हैं, लेकिन फिर छिपाते हैं व्यापारियों से मुंह

व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के कुछ पदाधिकारी वर्षों से इस संगठन के चुनाव लड़कर विभिन्न पदों पर आसीन तो हो जाते हैं परंतु ऐसे सदस्यों की बैठकों में उपस्थित 10 से 20 फीसदी ही रहती है और व्यापारिक विषयों में शासन -प्रशासन से बात करने का अवसर आता हो तो फिर ऐसे व्यापारी मुंह छुपाते दिखते हैं।

### राजनीतिक बैठकों और मंच में माला के समय दिखते हैं आगे

प्रबुद्ध व्यापारियों ने कहा कि भोपाल चेंबर के बैनर तले जब कोई कार्यक्रम या फिर कोई महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होती है तो सिर्फ पद पर आसीन होने के वाली लालची प्रदाधिकारी राजनीतिक बैठकों और मंच माला के समय सबसे आगे दिखते हैं।



व्यापारियों ने कहा कि इस बार ऐसे पदासीन व्यापारियों का समूचा व्यापारिक जगत भर्त्सना कर दरकिनार करेगा जो सिर्फ अवसरवादी प्रवृत्ति के लोग है। ऐसा करने से संगठन के कार्यों में नई ऊर्जा का संचार होगा। संस्था के व्यापारिक सदस्यां ने कहा कि व्यापारिक संगठन में गतिविधि शुल्क सदस्यों की सहभागिता बढ़ाने में एक बड़े रोड़े की तरह काम कर रहा है। अब तो संगठन के पास बड़ा भारी रिजर्व फंड भी है और अन्य माध्यम से भी संगठन के लिए फंड की व्यवस्था की जा सकती है तो ऐसे में क्यों न गतिविधि शुल्क को शून्य किया जाए या न्यूनतम किया जाए और सभी आजीवन सदस्यों को जो गतिविधि शुल्क के कारण मताधिकार से वंचित हो गए उनको पुनः मुख्य धारा में लाने का चुनावी एजेंडा बनाया जाए। एक अन्य व्यापारिक प्रतिनिधि का कहना है कि इस बार चुनावी घमासान काफी ज्यादा बढ़ जाएगा, क्योंकि अब कार्यकारिणी के सदस्यों की संख्या और पदाधिकारी की संख्या में बढ़ोतरी होने से इस प्रतिष्ठित व्यापारिक संगठन में चुनावी प्रतिस्पर्धा अंतिम दौर में व्यक्तिगत होगा।

### वजन तोलते दिख रहे लोग कि इधर जाऊं या उधर जाऊं?

उल्लेखनीय है कि इस चुनाव में वर्तमान परिदृश्य में दो पैनल आमने-सामने अपनी टीम बनाती हुई दिख रही है परंतु अभी दोनों ही ओर से नाम सामने नहीं आए हैं ऐसे में चुनाव लड़ने के इच्छुक व्यापारी दोनों पैनलों का वजन तोलते दिख रहे है कि इधर जाऊं या उधर जाऊं।

पतंजलि के कारण एफएमसीजी कंपनियों को मजबूरन बेतहाशा मूल्य वृद्धि रोकनी पड़ी : आचार्य बालकृष्ण

## पतंजलि योगपीठ का 32वां स्थापना दिवस संपन्न

# सनातन पद्धति ही विश्व जीवन पद्धति बनेगी, योग-आयुर्वेद और नेचुरोपैथी विश्व चिकित्सा पद्धति बनेंगी : बाबा रामदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

### पतंजलि विश्व का सबसे पावन संस्थान व मानवता के लिए शुभ बन गया

पतंजलि के 32वें स्थापना दिवस पर पतंजलि योगपीठ के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रामदेव व महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने योग, आयुर्वेद, स्वदेशी, सनातन धर्म, सनातन शिक्षा, सनातन चिकित्सा, सनातन अनुसंधान, सनातन कृषि, गौमाता एवं भारत माता की सेवा करते हुए परम वैभवशाली विकसित भारत के निर्माण हेतु समस्त ऋषि-ऋषिकाओं के वंशधरों से आह्वान किया। इस अवसर पर स्वामी महाराज ने कहा कि पतंजलि पतंजलि विश्व का सबसे पावन संस्थान व मानवता के लिए शुभ बन गया है। उन्होंने कहा कि पतंजलि की आत्मा सनातन की आत्मा है। उन्होंने पतंजलि के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों से आह्वान किया किया कि योग, आयुर्वेद, स्वदेशी, सनातन धर्म, सनातन शिक्षा, सनातन चिकित्सा, सनातन कृषि व्यवस्था व सनातन जीवन पद्धति को जीवन में गौरव दें और इसके द्वारा अपने भीतर असीम ज्ञान, अनंत-असीम भक्ति, अनंत-असीम प्रचंड सामर्थ्य को जागृत करें।




स्वामी ने कहा कि जिस दिन पतंजलि गुरुकुलम आचार्यकुलम, विश्वविद्यालय और भारतीय शिक्षा बोर्ड की फसल पूरी तैयार हो जाएगी, उस दिन हमारा रुपया डॉलर, पौंड, यूरो से ऊपर जाएगी। हमारी करेंसी की वैल्यू भारतीय जीवन पद्धति व भारतीय मानदंडों की वैल्यू, भारतीय संस्कृति-पर्व की वैल्यू और भारतीय पासपोर्ट की वैल्यू पूरी दुनिया में बढ़ जाएगी। दुनिया के 200 देश हमसे वीजा नहीं मांगेंगे। सनातन जीवन मूल्यों में श्रद्धा रखने वाले पूरी दुनिया के 200-250 करोड़ से ज्यादा लोग तैयार हो रहे हैं और धीरे-धीरे पूरी दुनिया के 80-90 फीसदी लोग सनातन को फॉलो करेंगे।

### मेरा सौभाग्य है कि मैं इस यात्रा का सहभागी रहा: आचार्य बालकृष्ण

कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण ने ट्रस्ट की स्थापना से लेकर, विभिन्न चुनौतियों, संघर्षों, झंझावातों से लड़ते हुए सेवा कार्यों के संचालन तक पतंजलि की यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। आचार्य ने स्वामी रामदेवके अखंड-प्रचंड पुरुषार्थ का जिक्र करते हुए कहा कि इस विशाल सेवा संकल्प के पीछे स्वामी रामदेव की ही दृष्टि थी। उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मैं इस यात्रा का सहभागी रहा। उन्होंने बताया कि बिना सरकारी सहयोग के पतंजलि में देश में कई ऐतिहासिक कार्य किया। कृषि के क्षेत्र में पतंजलि के सेवा कार्यों को बताते हुए उन्होंने कहा कि 19 राज्यों में सबसे पहले आर्गेनिक फार्मर ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाने वाला पतंजलि ही एकमात्र संस्थान था। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब 22 समृद्धशाली किसानों का चयन किया तो उनमें पांच किसान पतंजलि की ओर से प्रशिक्षित किए हुए थे। आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि पतंजलि की मौजूदगी से देश में किस तरह का परिवर्तन आया है।

# जेईसीआरसी विवि ने डॉ. अच्युत सामंत को 70वीं मानद डॉक्टरेट की उपाधि से किया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भुवनेश्वर

शिक्षा, समाजसेवा और मानव सेवा के क्षेत्र में उनके अथक प्रयास और योगदान के लिए कीट-कीस एवं कीम्स के संस्थापक प्रोफेसर डॉ. अच्युत सामंत को जेईसीआरसी विश्वविद्यालय, जयपुर (राजस्थान) द्वारा मानद डॉक्टर ऑफ साइंस की उपाधि दी गयी। यह सम्मान विश्वविद्यालय के 9वें वार्षिक दीक्षांत समारोह के अवसर पर प्रदान किया गया। जेईसीआरसी विश्वविद्यालय के चेयरमैन ओपी अग्रवाल ने अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में प्रोफेसर डॉ. समंत को यह मानद उपाधि प्रदान की। इस अवसर पर डॉ. सामंत ने मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत भाषण भी दिया। 25 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय जेईसीआरसी फाउंडेशन एक द्वि- शाखीय शैक्षणिक संस्थान है जिसमें 25,000 से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं।

यह प्रतिष्ठित सम्मान डॉ. अच्युत सामंत को देश-विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदान की गई 70वीं मानद डॉक्टरेट है, जो शिक्षा के माध्यम से वंचित वर्गों के सशक्तिकरण में उनके अतुलनीय योगदान को पुनः रेखांकित करता है। प्रोफेसर डॉ. अच्युत सामंत ने इस सम्मान के लिए जेईसीआरसी विश्वविद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया और इसे समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करने की प्रेरणा बताया।

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी समूह अचीवर्स अवॉर्ड्स 2026 का हुआ आयोजन



**भोपाल।** एलएनसीटी समूह स्थित आर्यभट्ट ऑडिटोरियम में अचीवर्स अवार्ड्स 2026 का आयोजन हुआ, जिसमें एलएनसीटी समूह की भोपाल, इंदौर, जबलपुर स्थित विभिन्न संस्थाओं के शिक्षकों, डॉक्टर, कर्मचारीयों और अधिकारियों का एलएनसीटी समूह की उपलब्धियों में योगदान देने के लिए अभिनंदन किया गया, उत्साह और गरिमापूर्ण कार्यक्रम में जेएन चौकसे, चेयरमैन एलएनसीटी समूह एवं चांसलर एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, श्रीमती पूनम चौकसे, वाइस चेयरपर्सन, डॉ. अनुपम चौकसे, सचिव, धर्मेंद्र गुप्ता , डॉयरेक्टर, श्रीमती श्वेता चौकसे, पूजा चौकसे ने प्रशस्ति पत्र और डिजिटल माध्यम से हेंडसम अमाउंट ट्रांसफर कर सम्मान किया। जेएन चौकसे ने कहा कि जो भी कार्य करें पूरी निष्ठा, लगन और मेहनत से करें, सफलता निश्चित मिलेगी। श्रीमती पूनम चौकसे ने सभी को बधाई दी। डॉ. अनुपम चौकसे ने कहा कि ग्रुप की उपलब्धियों में सभी का योगदान रहता हैं, जिन्होंने कड़ी मेहनत कर संस्था के लिए अचीव किया है उन्हें सम्मानित करने से सभी प्रेरित होते है और उत्कृष्टता हेतु सजग रहते हैं। इस अवसर पर सभी संस्थाओं के प्राचार्य, डॉयरेक्टर, विभागाध्यक्ष, बड़ी संख्या में शिक्षक और कर्मचारी गण उपस्थित रहे। इस अवसर पर एलएनसीटी परिवार के सदस्यों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### सैमसंग सीईएस करेगा एआई-कनेक्टेड लिविंग लाइनअप का प्रदर्शन

**भोपाल।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने सीईएस 2026 में होने वाले अपने आगामी शोकेस की घोषणा की। सीईएस 2026 का आयोजन 6 से 9 जनवरी तक लास वेगास, नेवाडा में होगा। सीईएस में कंपनी घरेलू जीवन (होम लिविंग) को बेहतर बनाने वाले कई नए प्रोडक्ट्स दिखाएगी, जो एआई से चलने वाली विशिष्ट देखभाल और ताकतवर हार्डवेयर की मदद से काम करेंगे। कंपनी अपने बीस्पोक एआई लिविंग अप्लायंस लाइनअप को और स्मार्ट फैब्रिक केयर, सहज टेम्परेचर कंट्रोल और ज्यादा सुविधाजनक क्लीनिंग एक्सपीरियंस से और बेहतर बना रही है।

### एलएंडटी फाइनेंस ने सैशे विद सैशे नामक साइबर सुरक्षा पहल शुरू की

**नई दिल्ली।** एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड (एलटीएफ) ने सैशे विद सैशे नामक साइबर सुरक्षा पहल शुरू करने की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को डिजिटल वित्तीय परिदृश्य में सही जानकारी और उपकरण उपलब्ध कराना है। एलटीएफ के वित्तीय जागरूकता शुभंकर, सैशे कुमार के एनिमेटेड अवतार के साथ यह पहल इंटरैक्टिव तकनीक और गेम आधारित शिक्षण को जोड़ती है, ताकि नए साल 2026 के लिए सुरक्षित डिजिटल आदतें विकसित की जा सकें। एलटीएफ की मुख्य विपणन अधिकारी (सीएमओ) कविता जगतानी ने कहा कि आजकल लगभग हर स्मार्टफोन उपयोगकर्ता किसी न किसी तरह से धोखाधड़ी का शिकार हो चुका है।

### एनडीडीबी भारत सरकार ने चेयरमैन डॉ. मीनेश के कार्यकाल की अवधि बढ़ाई



**भोपाल।** एनडीडीबी भारत सरकार द्वारा डॉ. मीनेश सी शाह (चेयरमैन, एनडीडीबी) के कार्यकाल को 3.5 वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाए जाने पर एमपी स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड भोपाल, मध्यप्रदेश एवं संबद्ध सभी सहकारी दुग्ध संघ तथा सांची परिवार के साथ भोपाल दुग्ध संघ के सीईओ प्रीतेश जोशी ने बधाईयां दी।

### मास्टर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के तीसरे बैच के लिए एडमिशन शुरू

**भोपाल।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट इंदौर ने काम करने वाले लोगों के लिए अपने दो साल के खास मास्टर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज प्रोग्राम के तीसरे बैच के लिए आवेदन शुरू कर दिए हैं। आईआईएम इंदौर दुनिया के उन गिने-चुने संस्थानों में से है जिसे तीन बड़ी अंतर्राष्ट्रीय मान्यताएं-ई क्यू यूआईएस, एएसीएसबी, और एएमबीए का ट्रिपल क्राउन मिला हुआ है। यह प्रोग्राम मार्च 2026 से मार्च 2028 तक चलेगा और यह लाइव ऑनलाइन डिग्री प्रोग्राम है, जिसमें 900 घंटे की पढ़ाई होगी।

### पीएनजी ज्वेलर्स ने बनाया सारा तेंदुलकर को ब्रांड एंबेसडर

**पुणे।** पीएनजी ज्वेलर्स के समकालीन हल्के वजन वाले उत्तम आभूषण ब्रांड लाइटस्टाइल बाय पीएनजी ने सारा तेंदुलकर को अपना ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। यह कदम भारत के भविष्य के ज्वेलरी उपभोक्ताओं से ब्रांड के जुड़ाव को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह साझेदारी पीएनजी ज्वेलर्स के पुराने ग्राहकों और भविष्य के ग्राहकों के बीच एक धोरणात्मक सेतु के रूप में लाइटस्टाइल की भूमिका को और मजबूत करती है। पीएनजी ज्वेलर्स के अध्यक्ष और व्यवस्थापकीय संचालक डॉ. सौरभ गाडगील ने कहा कि लाइफस्टाइल बाय पीएनजी हमारे मौजूदा ग्राहकों और भविष्य के ग्राहकों के जोड़ने का एक अच्छा और दीर्घकालिक प्रयास है।

### मुख्यमंत्री ने किया हेरिटेज स्टेपवेल संग्रहालय का उद्घाटन

**अहमदाबाद।** प्रावेग लिमिटेड ने घोषणा है कि गुजरात की प्रसिद्ध बावड़ी (स्टेपवेल) वास्तुकला से प्रेरित, अपनी तरह का पहला सांस्कृतिक एवं अनुभवात्मक स्थल प्रावेग अडालज थीम-आधारित डेस्टिनेशन पार्क एवं हेरिटेज स्टेपवेल म्यूज़ियम का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में गुजरात के माननीय उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी की गरिमामयी उपस्थिति रही, जो इस परियोजना के राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय महत्व को रेखांकित करती है।

### भोपाल लिटरेचर फेस्टिवल में एसबी दिव्या का उपन्यास 'लोका' के लिए चयन

**भोपाल।** रतनलाल फाउंडेशन ने प्रतिष्ठित सुशीला देवी पुरस्कार के लिए भारतीय-अमेरिकी लेखिका एसबी दिव्या के नाम की घोषणा की है। यह पुरस्कार वर्ष 2024 में महिला लेखिका द्वारा लिखी गई सर्वश्रेष्ठ कथा-पुस्तक के लिए प्रदान किया जा रहा है। सुश्री दिव्या को यह पुरुस्कार भोपाल लिटरेचर फेस्टिवल 2026 के दौरान दिया जाएगा।

# बीमा क्षेत्र में लैंडमार्क ग्राहक केंद्रित सुधारों का साक्षी: राव

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

इस वर्ष की शुरुआत 'सरेंडर वैल्यू' नियमों में हुए सकारात्मक बदलावों से हुई, जिसके बाद जीएसटी छूट और 'बीमा सुगम' पोर्टल की शुरुआत जैसे कदमों ने इस क्षेत्र के विकास पथ को और अधिक सुदृढ़ बनाया है। यह कहना हैं कमलेश राव, चेयरपर्सन - इंश्योरेंस अवेयरनेस कमेटी का। वर्तमान में जीवन बीमा की मांग मुख्य रूप से सुरक्षा, एन्यूटी और बचत उत्पादों के इर्द-गिर्द केंद्रित है। जैसे-जैसे भारतीय परिवार अपनी वित्तीय प्राथमिकताओं में सुरक्षा और रिटायरमेंट समाधानों को ऊपर रख रहे हैं, वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने में इन उत्पादों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जाएगी। इसी का परिणाम है कि वर्ष 2026 में हम बीमा कंपनियों द्वारा और भी सशक्त और नवोन्मेषी उत्पाद पेश किए जाने की उम्मीद कर सकते हैं। कमलेश राव, चेयरपर्सन - इंश्योरेंस अवेयरनेस कमेटी ने कहा अगले वर्ष, एफडीआई नियमों में दी गई ढील के बाद भारतीय बाजार में अधिक अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के प्रवेश की प्रबल संभावना है। नए खिलाड़ियों के आने से उद्योग में आपसी तालमेल बढ़ेगा और जीवन बीमा समाधानों की पहुँच और दक्षता में सुधार होगा। अनुकूल नियामक परिवेश, डिजिटल तकनीक की बढ़ती रफ्तार और उपभोक्ताओं में बढ़ती जागरूकता के मेल से 2026 में जीवन बीमा क्षेत्र में निरंतर और स्वस्थ विकास के एक नए दौर की शुरुआत होगी।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार वृत्त-2, तहसील हुजूर जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 6818/अ-6/2025-26
दिनांक 31/12/2025
ग्राम कानासैया प.ह.न. 37

:: ईश्तहार ::

सर्वसाधरण आवेदक श्री मनोज यादव आ. श्री पतिराम यादव निवासी- 146 सीटीओ बैरागढ़ अयप्पा मंदिर के पास जिला भोपाल (म.प्र.), ने म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्रमांक एम.पी. 059712015ए1100300 दिनांक 30.09.2015 के आधार पर क्रय की गई भूमि खसरा क्रमांक 417, 425, 415/2/1 के अंश भाग मे से रकबा 1000 वर्गफिट भूमि स्थित ग्राम कानासैया प.ह.न. 37 तहसील हुजूर, जिला भोपाल का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया है। आवेदक ने आवेदन पत्र के साथ, रजिस्टर्ड विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचारधीन है।

उक्त संबंध मे किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा। प्रकरण मे आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 16/01/2026 नियत है। उक्त उदघोषणा मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 31/12/2025 को जारी किया गया है।

**नायब तहसीलदार**
**तहसीला हुजूर भोपाल**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै, रमेश कुमार चंदेवाल RAMESH KUMAR CHANDEWAL पता बी- 64, रामायण साउथ एवेन्यू फेज-2, कटारा हिल्स, पोस्ट बागमुगालिया तहसील हुजूर जिला भोपाल मध्यप्रदेश पिन 462043 का निवासी हूँ। किन्ही किन्ही दस्तावेजो मे मेरा नाम रमेश चंदेवाल RAMESH CHANDEWAL भी अंकित है वर्तमान में मेरा मध्य नाम कुमार KUMAR हटाया जाकर रमेश चंदेवाल RAMESH CHANDEWAL होगा भविष्य में मुझे रमेश चंदेवाल RAMESH CHANDEWAL के नाम से जाना व पहचाना जावे।

**आवेदक रमेश कुमार चंदेवाल**
बी- 64, रामयण साउथ एवेन्यू फेज-2, कटारा हिल्स, पोस्ट बागमुगालिया तहसील हुजूर जिला भोपाल मध्यप्रदेश पिन 462043

**कार्यालय नगर पंचायत मगरलोड-भैंसमुण्डी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

Phone No. 07705-296600, E-mail- cmo_magarlod@rediffmail.com, panchayat.magarlode.cg@nic.in

क्रमांक/1221/न.पं./ लो.नि.वि./ 2025-26 मगरलोड, दिनांक 02/01/2026

// द्वितीय (2nd) ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

कार्यालय नगर पंचायत मगरलोड-भैंसमुण्डी द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म / ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है :-

| क्रं. | सिस्टम टेंडर नम्बर | कार्य का नाम | निविदा लागत राशि (लाख रु. में) | अमानत राशि (लाख रू. मे) | बिड सबमिशन शुल्क (रूपयें में) | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | पंजीकृत डाक के माध्यम से फीजिकल दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 182986 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Magarlod under SBM 2.0 | 184.39 | 1.50 | 10000.00 | 22.01.2026 05:00 PM | 27.01.2026 05:00 PM |

उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के तकनीकी शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in, अथवा विभागीय वेबसाइट https://www.uad.cg.gov.in से देखी व डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत मगरलोड-भैंसमुण्डी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

**FORM NO.14**
[See Regulation 33(2)]
For Publication.

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BSNL Building), Near Head Post Office Residency Road, Jabalpur -482001, MP.

**NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993,**

**RC/373/2020** **16-12-2025**

**UNITED BANK OF INDIA (PNB)**
**Versus**
**JAI MAA BHAWANI TRADERS**

To,
**(CD 1)** JAI MAA BHAWANI TRADERS
GBH-298, NAVEEN MANDI PARISAR, BERASIA ROAD, BHOPAL, MP-462601
**(CD 2)** MAHESH ALIAS MAHESH KUMAR SAHU
HOUSE NO.100, DEVKI NAGAR, BERASIA ROAD, BHOPAL M.P.-462037

Whereas you the was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated 15/05/2020 in **OA/1199/2018** to pay to the Applicant Bank(s) Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs 2871824.00 (Rupees Twenty Eight Lakhs Seventy One Thousands Eight Hundred Twenty Four Only)** along with pendentellite and future interest@**12% w.e.f. 24/09/2028** till realization and costs of **Rs 31000 (Rupees Thirty One Thousands Only )**, and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable Immoveable property.

2. You are hereby informed that the **05/02/2026** at 10.30 A.M. has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

**Specification of property**

Single Storied Commercial Building on leasehold Plot No. 298-G.B.H. measuring 20x50=100 sq.ft., situated at Grain Yard Naveen Mandi Campus, Karond, Tehsil-Huzur, District- Bhopal (M.P.) belonging to M/s Jai Maa Bhawani Traders

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date : 16/12/2025.

**Ms Priti Desai**
**Recovery Officer-I, Debts Recovery Tribunal**
**Govt. of India, Ministry of Finance**
**Jabalpur (M.P. & C.G. State)**

**FORM NO.14**
[See Regulation 33(2)]
For Publication.

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BSNL Building), Near Head Post Office Residency Road, Jabalpur -482001, MP.

**NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993,**

**RC/57/2023** **08-12-2025**

**PUNJAB NATIONAL BANK**
**Versus**
**SMT. SAVITA SINGH**

To,
**(CD 1)** SMT SAVITA SINGH
H NO.411, SARVDHARM COLONY C SECTOR, KOLAR ROAD , BHOPAL (MP)-462042
**(CD 2)** NITIN YADAV SO SHRI UMESH YADAV
H NO. 411, SARDHARM COLONY, C SECTOR, KOLAR ROAD, BHOPAL (MP)-462042

Whereas you the **SMT. SAVITA SINGH** was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated 03/03/2023 in **OA/120/2022** to pay to the Applicant Bank(s) Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs 2167218.36 (Rupees Twenty One Lakhs Sixty Seven Thousands Two Hundred Eighteen And Paise Thirty Six Only)** along with pendentellite and future interest@**12% w.e.f. 17/01/2022** till realization and costs of **Rs 24000 (Rupees Twenty Four Thousands Only )**, and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable Immoveable property.

2. You are hereby informed that the **04/02/2026** at 10.30 A.M. has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

**Specification of property**

Flat No.-309 A, Third Floor, Block-A, Shashi Hitech City, Bhopal, area admeasuring about 63.27 sq.mtr. or 680.78 sq.ft, which is part of Khasra No.-310, 314, 316/2, situated at Gram- Nayapura, PH. No.-38, RNM-4, Vikaskhand - Phana, Ward No. 83, Tehsil - Huzur, District- Bhopal (MP)

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: 08/12/2025.

**Recovery Officer**
**Debts Recovery Tribunal**

## चिंतन

# बहकावे में आकर देशविरोधी साजिश रचना गंभीर मसला

आखिरकार सुप्रीम कोर्ट ने भी दिल्ली दंगा मामले में आरोपित उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत नहीं देकर दिल्ली पुलिस की मजबूत चार्जशीट और सरकार की आतंक विरोधी नीति पर अपनी मुहर लगा दी। यह फैसला आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ सरकार की नीति को और मजबूत करता है। अदालत ने कहा कि आतंकी कृत्यों को केवल हिंसा तक सीमित नहीं किया जा सकता, बल्कि इसमें आवश्यक सेवाओं में व्यवधान और अर्थव्यवस्था के लिए खतरा भी शामिल है। यह फैसला दर्शाता है कि किसी के बहकावे में आकर देशविरोधी गतिविधियां चलाने और साजिश रचने के कितने गंभीर परिणाम हो सकते हैं। 'आतंकवादी कृत्य' केवल अंतिम परिणाम नहीं है, बल्कि इसमें साजिश और उकसावे की पूरी प्रक्रिया भी शामिल होती है। इससे आर्थिक असुरक्षा और नागरिक जीवन में अस्थिरता पैदा होती है, भले ही इस प्रक्रिया में हिंसा न की गई हो। शीर्ष कोर्ट ने दिल्ली दंगों 'बड़े षड्यंत्र' मामले में आरोपियों द्वारा दायर जमानत याचिकाओं पर अपने फैसले में, 1967 अधिनियम की धारा 15(1) (ए) का उल्लेख करते हुए किसी अन्य माध्यम से वाक्यांश के अवशिष्ट अर्थ को रेखांकित किया और बम, डायनामाइट, विस्फोटक पदार्थों, ज्वलनशील पदार्थों, आग्नेयास्त्रों, अन्य घातक हथियारों, जहरीली, हानिकारक गैसों, अन्य रसायनों या किसी अन्य पदार्थ (चाहे जैविक, रेडियोधर्मी, परमाणु या अन्यथा) के उपयोग से किए गए आतंकी कृत्यों को परिभाषित किया है। हालांकि अदालत ने पांच अन्य आरोपितों को 12 शर्तों के साथ जमानत भी दी है। इनमें गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद शामिल हैं। उमर और शरजील मामले में कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा, सभी आरोपितों के साथ एक जैसा व्यवहार नहीं किया जा सकता। दोनों एक साल तक इस मामले में जमानत याचिका भी दाखिल नहीं कर पाएंगे। यह फैसला दिल्ली दंगों से जुड़े बड़े साजिश के मामले में आया है, जिसमें दोनों पर यूएपीए के तहत मामला दर्ज है। कोर्ट ने कहा, उमर खालिद और शरजील इमाम की भूमिका अन्य आरोपियों से अलग और अधिक गंभीर प्रकृति की है। उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया आरोप स्थापित होते हैं। लंबे समय तक हिरासत में रहना अपने आप में जमानत का आधार नहीं बन सकता। यह फैसला कई मायनों में महत्वपूर्ण है। पहला, यह यूएपीए के तहत दर्ज मामलों में जमानत के मानकों को स्पष्ट करता है। यूएपीए की धारा 43डी(5) जमानत देने के सामान्य प्रावधानों से अलग है। इसमें न्यायिक जांच की आवश्यकता होती है। दूसरा, यह फैसला आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ सरकार की नीति को मजबूत करता है। आतंकी कृत्यों को केवल हिंसा तक सीमित नहीं किया जा सकता, बल्कि इसमें आवश्यक सेवाओं में व्यवधान व अर्थव्यवस्था के लिए खतरा भी शामिल है। हालांकि, यह फैसला कई सवाल भी खड़े करता है। क्या खालिद व शरजील को जमानत नहीं मिलने से उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है? क्या यूएपीए का इस्तेमाल सरकार द्वारा विरोधियों को चुप कराने के लिए किया जा रहा है? इन सवालों का जवाब देना हालांकि मुश्किल है, लेकिन यह स्पष्ट है कि यह फैसला कई मायनों में महत्वपूर्ण है। बहकावे में आकर देशविरोधी साजिश रचना एक गंभीर मसला है। देश की सुरक्षा और एकता को खतरा पहुंचाने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।



**वेनेजुएला घटनाक्रम**
डॉ घनश्याम बादल

# अचंभित दुनिया, बेलगाम ट्रंप

> जिस तरह ट्रंप ने अमेरिका में बैठकर कोलंबिया और मेक्सिको के राष्ट्रपतियों को भी धमकी दी वह और भी ज्यादा चिंताजनक परिस्थितियों की ओर संकेत करता है। ट्रंप का यह अभियान उसी 'रूल्स-बेस्ड ऑर्डर' का शव परीक्षण है, जिसकी दुहाई पश्चिम दशकों से देता आया है। भले ही ट्रंप मादुरो पर ड्रग तस्करी एवं आतंक को बढ़ावा देने का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन सच कुछ और ही है। यदि ऐसे आरोप के आधार पर अमेरिका यह कार्रवाई करता है तो फिर उसका पहला टारगेट पाकिस्तान होना चाहिए था, लेकिन आतंकिस्तान का नाम पा चुके इस देश को वह गोद में बैठाकर रखता है। वहां के सेना अध्यक्ष को लोकतांत्रिक सरकार को एक तरफ करते हुए लंच पर बुलाता है। ऐसे में वह दोहरी नीति क्यों अपनाता है।

लोकतंत्र के स्वयं भू ठेकेदार और दुनियाभर में थानेदारी करने वाले अमेरिका ने जिस तरीके से वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनकी पत्नी सिलविया फ्लोरेस के साथ बेडरूम से घसीट कर, बंधक बनाकर हाथों में हथकड़ियां और पैरों में बेड़ियां डालकर डिटेंशन सेंटर में रखा है वह एक तानाशाह, वैध या अवैध राष्ट्रपति का अपहरण मात्र नहीं बल्कि वेनेजुएला के प्रतीक रूप में दुनिया भर के लोकतंत्र की आत्मा का अपहरण एवं प्रताड़ना है। इसके अलावा वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति को धमकी देना और समर्थन करने वाले राष्ट्रों को धमकाना भी ट्रंप की तानाशाही को दर्शाता है। बेलगाम ट्रंप के इन कदमों से पूरी दुनिया अचंभित है।

जब किसी संप्रभु देश का राष्ट्रपति खुले तौर पर यह कहता है कि उसने दूसरे संप्रभु देश में सैन्य या अर्धसैन्य अभियान चलाकर वहां के राष्ट्राध्यक्ष को बंधक बनाया, तो यह केवल एक देश की कार्रवाई नहीं अपितु अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और वैश्विक व्यवस्था की सामूहिक अवहेलना बन जाती है। यह वही अमेरिका है जो दुनिया को लोकतंत्र, मानवाधिकार और कानून का पाठ पढ़ाता रहा है। वैसे यह पहली बार नहीं हुआ है। इससे पहले भी अमेरिका का ताकत प्रदर्शन का यह चेहरा पहले भी कई बार सामने आ चुका है। चिली, पनामा, ग्वाटेमाला, अफगानिस्तान, वियतनाम, ईरान व इराक जैसे कितने ही देश में अमेरिका ने मनमाने आरोप लगाकर वहां के शासकों को सत्ता से बेदखल किया।

एब्सोल्यूट रेजोल्यूशन नाम के इस अभियान के बाद जिस तरह ट्रंप ने अमेरिका में बैठकर कोलंबिया और मेक्सिको की राष्ट्रपतियों को भी धमकी दी वह और भी ज्यादा चिंताजनक परिस्थितियों की ओर संकेत करता है। ट्रंप का यह अभियान उसी 'रूल्स-बेस्ड ऑर्डर' का शव परीक्षण है, जिसकी दुहाई पश्चिम दशकों से देता आया है। भले ही डोनाल्ड ट्रंप मादूरो पर ड्रग तस्करी एवं आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन सच कुछ और ही है। यदि ऐसे आरोप के आधार पर अमेरिका यह कार्रवाई करता है तो फिर उसका पहला टारगेट पाकिस्तान होना चाहिए था, लेकिन आतंकिस्तान का नाम पा चुके इस देश को वह गोद में बैठाकर रखता है। वहां के सेना अध्यक्ष को एक तरफ करते हुए लंच पर बुलाता है। अमेरिका की कथनी करनी में यह फर्क कोई पहली बार परिलक्षित नहीं हुआ है यह उसकी बहुत पुरानी फितरत रही है। यदि गहराई में जाया जाए तो इस अभियान का मूल राजनीतिक कारण है अपनी मनमाफिक सत्ता-परिवर्तन की ज़िद। और साथ ही साथ पेट्रोलियम, सोने एवं हीरे जैसे बहुमूल्य खनिजों की संपदा से मालामाल इस देश पर कब्जा करने की उसकी गिद्ध दृष्टि है।

वैसे वेनेजुएला के साथ अमेरिका का संघर्ष कोई एक दिन का नहीं है। ह्यूगो चावेज़ के समय से ही वाशिंगटन की असहजता जगज़ाहिर रही है। निकोलस मादुरो उस असहजता की निरंतरता हैं। अमेरिका को समस्या केवल मादुरो से नहीं, बल्कि उस राजनीतिक मॉडल से है जो अमेरिकी प्रभाव से बाहर निकलकर संसाधनों पर राष्ट्रीय नियंत्रण और सामाजिक राज्य की बात करता है।




ट्रंप के कृत्य से साफ है कि लोकतंत्र का सवाल केवल एक औज़ार था, असली लक्ष्य सत्ता-परिवर्तन। जब चुनाव, प्रतिबंध और कूटनीति काम नहीं आए, तो सीधा हस्तक्षेप ही अमेरिकी राजनीति का नंगा सच है।

इस घटनाका आर्थिक पक्ष तेल, डॉलर और सत्ता पर नियंत्रण है। वेनेजुएला दुनिया के सबसे बड़े प्रमाणित तेल भंडारों में से एक है। यह तथ्य इस पूरे घटनाक्रम की चाबी है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था और उसकी वैश्विक हैसियत तेल, डॉलर और नियंत्रण के त्रिकोण पर टिकी है। वेनेजुएला का अपने तेल संसाधनों पर संप्रभु नियंत्रण और चीन-रूस जैसे देशों से बढ़ता सहयोग, अमेरिका के लिए रणनीतिक चुनौती था। ट्रंप का अभियान दुनिया भर के देशों को खुला धमकी भरा संदेश है कि ऊर्जा संसाधनों पर स्वतंत्र नीति अपनाने की कीमत चुकानी पड़ती है। यह संदेश केवल वेनेजुएला के लिए नहीं, बल्कि उन तमाम देशों के लिए है जो वैश्विक आर्थिक ढांचे में अपनी शर्तों पर जीना चाहते हैं। अमेरिकी हस्तक्षेप के पीछे केवल राजनीति और अर्थशास्त्र नहीं, एक गहरी सांस्कृतिक मानसिकता भी है। उसके पीछे की धारणा है कि अमेरिका को जो उचित लगे, वही वैश्विक नैतिकता है और जो उसे चुनौती दे उसे नेस्तनाबूद करना उसके लिए अनैतिक नहीं है। लैटिन अमेरिका का इतिहास इस मानसिकता का शिकार रहा है चिली, ग्वाटेमाला, पनामा, निकारागुआ और अब वेनेजुएला। हो सकता है इसके बाद कोलंबिया और मैक्सिको की भी बारी आए। जिसकी झलक ट्रंप के उस अभियान भरे बयान के बाद मिल रही है, जिसमें उन्होंने मेक्सिको के राष्ट्रपति को अपनी जान की परवाह करने की खुली धमकी दी है। ख़ैर कल जो होगा सो होगा। अभी तो वेनेजुएला के घटनाक्रम का विश्व पर क्या प्रभाव पड़ेगा है इसका आकलन करना ज़रूरी है

राष्ट्रपति को बंधक बनाना केवल एक व्यक्ति का अपहरण नहीं, पूरे राष्ट्र की संप्रभुता का अपहरण है। इससे वेनेजुएला के भीतर राजनीतिक अस्थिरता बढ़ेगी, सामाजिक ध्रुवीकरण गहराएगा और हिंसा की आशंका प्रबल होगी। वहां का आम नागरिक जो पहले ही प्रतिबंधों, महंगाई और अभावों से जूझ रहा है अब और असुरक्षित महसूस करेगा। लोकतंत्र का दावा करने वाली ताक़तों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि आम जनता उनके एजेंडे में सबसे आख़िर में आती है। भले ही तात्कालिक रूप से रूस चीन ब्रिटेन व यूरोपीय यूनियन के देश ने इस घटनाक्रम की आलोचना की है, लेकिन सच यह भी है कि यह आलोचना केवल शाब्दिक निंदा तक ही सीमित रहने वाली है। इस घटनाक्रम ने भारत के सामने भी गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। भारत परंपरागत रूप से संप्रभुता, गैर-हस्तक्षेप और बहुध्रुवीय विश्व का पक्षधर रहा है। वेनेजुएला के साथ भारत के ऊर्जा संबंध भी रहे हैं। नैतिकता की दृष्टि से भारत के लिए चुप रहना आसान नहीं होगा, लेकिन किसी पक्ष का अंध समर्थन भी भारत की गुटनिरपेक्ष रणनीति के ख़िलाफ़ होगा, लेकिन यह सोचकर कि वेनेजुएला हमसे बहुत दूर का देश है इस मुद्दे पर चुप्पी खींच लेने से भारत की इमर्जिंग वर्ल्ड पावर की छवि पर भी एक बड़ा निशान खड़ा होगा। अमेरिका के इस दबंग कृत्य से संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय कानून और कूटनीति सब हाशिये पर जाते दिखाई दे रहे हैं। इसमें दो राय नहीं कि वेनेजुएला की घटना केवल एक देश की त्रासदी नहीं, वैश्विक लोकतंत्र की परीक्षा की घड़ी है। जब सेना हथियार और आर्थिक ताक़त को नीति और अपहरण को कूटनीति बना दिया जाए, तो दुनिया अराजकता की ओर बढ़ती है। आज वेनेजुएला है, कल कोई और होगा। सवाल यह नहीं कि अगला कौन, सवाल यह है कि क्या दुनिया इसे रोकने का साहस दिखाएगी?

*( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

**इंदौर की चेतावनी**
सुनील कुमार महला




# प्रदूषित जल से जन-जीवन पर गहराता जा रहा संकट

कहा गया है कि 'जल ही जीवन है।' लेकिन जल किसी की जान ले लें तो यह बहुत दुःखद ही कहा जाएगा। हाल ही में देश के सबसे साफ शहर माने जाने वाले इंदौर में गंदा पानी पीने से अब तक करीब 17 लोगों की मौत हो चुकी है। मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार फिलहाल शहर के 41 अस्पतालों में कुल 203 मरीजों का इलाज चल रहा है और इनमें से 34 लोगों को आईसीयू में रखा गया है। अच्छी बात यह है कि गंदे पानी पीने से उल्टी-दस्त फैलने के बाद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और मरीजों को जरूरी मेडिकल सुविधा दी जा रही है। हालांकि, लोकल लोगों का दावा है कि गंदे पानी से छह महीने के एक बच्चे समेत कुल 17 लोगों की जान गई है। यह घटना मुख्यतः शहर के कुछ इलाकों में हुई, जहां सीवर लाइन और जलापूर्ति पाइपलाइन में लीकेज/क्रॉस-कनेक्शन के कारण दूषित पानी घरों तक पहुंचा। इस पानी के सेवन से लोगों को तेज दस्त, उल्टी, बुखार और डिहाइड्रेशन जैसी गंभीर समस्याएं हुईं तथा जांच में पानी में हानिकारक बैक्टीरिया (जैसे ई-कोलाई) पाए गए, जो मानव मल से फैलते हैं। भारत ही नहीं, आज विश्व स्तर पर दूषित जल एक गंभीर मानव-स्वास्थ्य और विकास समस्या बना हुआ है। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि विश्व तथा भारत-दोनों स्तरों पर दूषित जल (वाटर पोल्यूशन) के कारण लगभग समान हैं, हालांकि जनसंख्या घनत्व, औद्योगिकीकरण और प्रबंधन की कमी के कारण भारत में इनका प्रभाव अधिक गंभीर रूप में दिखाई देता है। प्रमुख कारणों में प्रमुख रूप से औद्योगिक अपशिष्टों, घरेलू सीवेज और मलजल,कृषि रसायनों का अत्यधिक उपयोग,ठोस कचरा और प्लास्टिक प्रदूषण,धार्मिक और सामाजिक गतिविधियां, खनन और निर्माण गतिविधियां तथा भूजल का प्राकृतिक व मानवजनित प्रदूषण आदि को शामिल किया जा सकता। यह बहुत ही दुखद है कि आज विभिन्न कल-कारखानों से निकलने वाला रासायनिक कचरा, भारी धातुएं (सीसा, पारा, आर्सेनिक), रंग, एसिड और विषैले तत्व बिना पर्याप्त शोधन के नदियों, झीलों और भूजल में छोड़ दिए जाते हैं। इससे जल न केवल पीने योग्य नहीं रहता, बल्कि जलीय जीवन भी नष्ट होता है।

जल प्रदूषण का एक सबसे बड़ा और गंभीर कारण प्लास्टिक माना जा रहा है। आधुनिक जीवनशैली में प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग किया जा रहा है जैसे पॉलीथिन बैग, बोतलें, पैकेजिंग सामग्री और डिस्पोज़ेबल वस्तुएं आदि। जिसके परिणामस्वरूप आज हमारी नदियों, झीलों और समुद्रों में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक पहुंच रहा है। पाठक जानते हैं कि प्लास्टिक जैव-अपघटित नहीं होता, बल्कि सैकड़ों वर्षों तक जल में बना रहता है। धीरे-धीरे माइक्रोप्लास्टिक में बदल जाता है। ये सूक्ष्म कण जलीय जीवों द्वारा निगल लिए जाते हैं, जिससे उनकी मृत्यु होती है और अंततः यही विषैले कण खाद्य श्रृंखला के माध्यम से मानव शरीर तक पहुंचते हैं। इसके अलावा प्लास्टिक जल प्रवाह को बाधित करता है, नालों को जाम करता है और जल स्त्रोतों की प्राकृतिक शुद्धता को नष्ट करता है। इसलिए प्लास्टिक प्रदूषण न केवल पर्यावरण बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी एक गंभीर खतरा बन चुका है। आज दूषित जल की समस्या वैश्विक है, लेकिन भारत में कचरा प्रबंधन की कमजोरी इसे और गंभीर बनाती है। हमारा देश एक धार्मिक देश है और हमारे यहां नदियों, झीलों, पानी के विभिन्न स्त्रोतों आदि में मूर्तियों का विसर्जन, पूजा सामग्री, अस्थि विसर्जन और सामूहिक स्नान जैसी गतिविधियां जल में रसायन, रंग और जैविक कचरा बढ़ाती हैं, जिससे जल की गुणवत्ता प्रभावित होती है। निष्कर्षतः, हम यहां यह बात कही सकते हैं कि आज विश्व और भारत दोनों में दूषित जल की समस्या मानव गतिविधियों का ही परिणाम है। यदि समय रहते प्रभावी जल प्रबंधन, अपशिष्ट शोधन और जन-जागरूकता नहीं बढ़ाई गई, तो यह समस्या भविष्य में और भी भयावह रूप ले सकती है। यदि हम यहां जल से संबंधित आंकड़ों की बात करें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ के अनुसार आज भी दुनिया में लगभग 2.2 अरब लोग सुरक्षित रूप से प्रबंधित पेयजल सेवा से वंचित हैं, यानी उन्हें ऐसा पानी नहीं मिल पाता जो घर पर उपलब्ध, निरंतर और दूषण-मुक्त हो। इनमें से करीब 1.7 अरब लोग ऐसे जल स्त्रोतों का उपयोग करते हैं, जिनमें मल-जनित प्रदूषण का जोखिम रहता है, जबकि लगभग 115 मिलियन लोग सीधे नदियों, तालाबों और झीलों जैसे सतही जल पर निर्भर हैं। आंकड़े बताते हैं कि दूषित पानी के सेवन से हर वर्ष लगभग 5 लाख से अधिक लोगों की मौत होती है, जो एक गंभीर समस्या है।

*(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*


## मन को स्थिर रखना ही जीवन का सूत्र



संकलित
**दर्शन**

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्र में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

## कोयल अपनी वाणी को मधुर बना लेना



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार वसंत ऋतु में एक कोयल वृक्ष पर बैठी कूक रही थी। आते-जाते लोग उसकी कूक को सुनते और उसकी सुरीली आवाज का आनंद लेते हुए उसकी तारीफ के पुल बांधते। कुछ देर बाद कोयल के सामने एक कौआ तेज गति से आया। कोयल ने उससे पूछाः इतनी तेज गति से कहां जा रहे हो? कुछ देर बैठो, बातें करते हैं। कौए ने उत्तर दियाः कि वह जरा जल्दी में है और देश को छोड़कर परदेस जा रहा है। कोयल ने इसका कारण पूछा तो कौआ बोलाः यहां के लोग बहुत खराब हैं। सब तुम्हें ही चाहते हैं। सभी लोग सिर्फ तुम्हारा आदर करते हैं। वह यही चाहते हैं कि तुम हमेशा की तरह इसी प्रकार से उनके क्षेत्र में गाती रहो। वहीं जहां तक मेरी बात है तो मुझे कोई देखना तक नहीं चाहता। यहां तक कि मैं किसी की मुंडेर पर बैठता हूं तो मुझे कंकड़ मारकर वहां से भगा दिया जाता है। मेरी आवाज भी कोई नहीं सुनना चाहता। जहां मेरा अपमान हो, मैं ऐसे स्थान पर एक क्षण भी नहीं रहना चाहता। ज्ञानियों ने भी हमें यही शिक्षा दी है कि अपमान की जगह पर नहीं रहना चाहिए। यह सुनकर कोयल बोली, परदेस जाना चाहते हो तो बड़े शौक से जाओ। यह पूरी तरह से तुम्हारी इच्छा पर निर्भर है। लेकिन एक बात का सदैव ध्यान रखना कि वहां जाने से पहले अपनी आवाज को बदल लेना। अपनी वाणी को मधुर बना लेना। यदि तुम्हारी वाणी ठीक वैसी ही कठोर रही, जैसी यहां पर है तो परदेस में भी लोग तुम्हारे साथ वही व्यवहार करेंगे जो अभी हो रहा है। संसार जो है, जैसा भी है, उसे बदला नहीं जा सकता।

## सटाका




## आज की पाती

### पानी में भी भ्रष्टाचार का जहर तो नहीं मिल गया?

प्राणी जाति के लिए साफ-सथुरा पानी अमृत है तो दूषित पानी जहर होता है, इसका सेवन करने से बचें। अक्सर देश के विभिन्न राज्यों में दूषित पानी लोगों की सेहत का दुश्मन बन जाता है। आजकल वो शहर इंदौर जिसे स्वच्छ भारत अभियान में नंबर वन का खिताब मिला है, वहां दूषित पानी से लोगों की मौत सुर्खियां बनी हुई हैं। अगर सबसे स्वच्छ स्थान का ही यही हाल बेहाल है तो बाकी राज्यों का क्या हाल होगा? लेकिन सवाल तो यह है कि आखिर पानी दूषित कैसे हो जाता है? क्या पानी की सप्लाई के लिए जो व्यवस्था है, उसकी समय-समय पर जांच नहीं की जाती? या फिर संबंधित विभाग के बाबुओं को मोटी सैलरी से ही मतलब है? कहीं इसमें भी भ्रष्टाचार तो नहीं हो रहा है? *- विवेक पटनायक, रायगढ़*

## ट्रेंड

### हमारी महान संस्कृति



हमारी महान संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत अनगिनत हमलों की भी साक्षी रही है। यह देशवासियों की सामूहिक शक्ति ही है, जिसने हमारी सांस्कृतिक धरोहर को हमेशा अक्षुण्ण रखा है।
वनानि दहतो वह्नेः सखा भवति मारुतः।
स एव दीपनाशाय कृशे कस्यास्ति सौहृदम॥
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### समुद्र सुरक्षित



एक सुरक्षित और स्वच्छ समुद्र ही सुरक्षित व्यापार, सुरक्षित जीवन और सुरक्षित पर्यावरण की गारंटी देता है। ऐसे में 'समुद्र प्रताप' जैसे प्लेटफॉर्म समुद्री सुरक्षा को प्रभावी रूप से सुनिश्चित करते हैं।
**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### जनता की पैरवी करूंगी



चुनाव आयोग व्हाट्सएप पर चलाया जा रहा है। जब से एसआईआर शुरू हुई है, डर के मारे 70 लोगों की मौत हो चुकी है। जरूरत पड़ने पर मैं सुप्रीम कोर्ट जाऊंगी और जनता के लिए पैरवी करूंगी। जनता की आवाज उठाउंगी।
**-ममता बेनर्जी, सीएम पश्चिम बंगाल**


### यह हमारा निजी मामला



धर्मेंद्र के निधन के बाद मेरे परिवार द्वारा दो अलग-अलग प्रार्थना सभाएं आयोजित करने का निर्णय निजी मामला था। हमने आपस में बात की थी। मैंने अपने घर पर एक प्रार्थना सभा रखी, क्योंकि मेरे करीबी लोग अलग हैं और उनके अलग।
**-हेमा मालिनी, अभिनेत्री व सांसद**

## करंट अफेयर


# इमरान से जुड़ा गाना गाने पर गायक के खिलाफ मामला दर्ज



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पुलिस ने एक कार्यक्रम के दौरान जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से जुड़ा गाना गाने के आरोप में एक पेशेवर गायक और उसकी टीम के खिलाफ मामला दर्ज किया। पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने सोमवार को बताया, 'शनिवार रात लाहौर के शालीमार गार्डन में सरकार द्वारा प्रायोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान 'कैदी नंबर 804' गाना गाने के आरोप में जाने-माने कव्वाल फराज अमजद खान और उनकी टीम के सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।' उन्होंने बताया कि गायक और उनकी टीम ने सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम को राजनीतिक रंग देकर 'जनता को भड़काने' की कोशिश की क्योंकि यह गाना जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान खान से जुड़ा है। प्राथमिकी के मुताबिक, "विवादित गीत से अशांति और हिंसा भड़कने का खतरा था। संगीत और सांस्कृतिक संध्या 'चांदनी रातें' का आयोजन लाहौर प्राधिकरण द्वारा किया गया था। दूसरी ओर, गायक फराज अमजद खान ने पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज से उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया और कहा कि उन्हें इस 'इमरान समर्थक गीत' को गाने के लिए धमकाया गया था।

## ऑफ बीट

# कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक



अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

दिल्ली दंगों के साजिशकर्ता उमर और शरजील जेल में रहेंगे

# भाजपा बोली- 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' का समर्थन करने के लिए कांग्रेस मांगे माफी

भाजपा ने शीर्ष अदालत के फैसले को राहुल गांधी और कांग्रेस के परिवेशी तंत्र के चेहरे पर 'करारा तमाचा' बताते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने 'टुकड़े-टुकड़े के 'पोस्टर ब्वॉय' उमर खालिद और शरजील इमाम को निर्दोष पीड़ित' के रूप में पेश किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शीर्ष अदालत ने फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश से जुड़े मामले के आरोपियों उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत अर्जी सोमवार को ठुकरा दी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने शीर्ष अदालत के फैसले को राहुल गांधी और कांग्रेस के परिवेशी तंत्र के चेहरे पर 'करारा तमाचा' बताते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने 'टुकड़े-टुकड़े के 'पोस्टर ब्वॉय' उमर खालिद और शरजील इमाम को निर्दोष पीड़ित' के रूप में पेश किया। उन्होंने आरोप लगाया कि जनमत की अदालत और कानून की अदालत में गांधी के 'अर्बन नक्सली' पराजित हुए हैं। भंडारी ने कहा कि क्या कांग्रेस भारत के लिए शत्रुतापूर्ण टुकड़े-टुकड़े ताकतों को पीड़ित के रूप में पेश करने के लिए देश से माफी मांगेगी? भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने फैसले पर कहा कि 'सत्यमेव जयते।'

**कानून की अदालत में गांधी के 'अर्बन नक्सली'**



सुप्रीम कोर्ट

### कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए सीएम रेखा गुप्ता बोलीं



दिल्ली की सीएम मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि शहर को दंगों की आग में धकेलने के लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। दंगों में शामिल लोगों का समर्थन करने वाली राजनीतिक पार्टियों के लिए कड़ा संदेश जाना चाहिए जो 'अपराध में भागीदार' थीं। दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि फैसले ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि दंगे एक ''सुनियोजित साजिश' का नतीजा थे।

### अब जेल ही मेरी जिंदगी उमर खालिद ने कहा



जमानत हासिल करने में विफल रहे उमर खालिद ने अपनी दोस्त बनोज्योत्सना लाहिड़ी से कहा कि मैं बाकी लोगों के लिए बहुत खुश हूं, जिन्हें जमानत मिल गई! राहत महसूस हो रही है। उन्होंने कहा कि मिलने आते रहना, अब जेल ही मेरी जिंदगी है।

### फैसले का सम्मान करता हूं: शरजील के चाचा

शरजील के चाचा अरशद इमाम ने कहा कि फैसले से मैं बेहद आहत हूं। मुझे पूरी उम्मीद थी कि इस बार अदालत जमानत देगी, क्योंकि बहस के दौरान हर बिंदु से यही संकेत मिल रहा था कि शरजील निर्दोष है। फिर भी, एक भारतीय नागरिक के रूप में मैं अदालत के फैसले का सम्मान करता हूं। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि मेरा भतीजा निर्दोष है।

विपक्षी नेताओं ने कहा

## उमर, शरजील को जमानत नहीं राम रहीम को 15वीं बार पैरोल

### ...और कितनी कैद सहनी होगी: सांसद झा



राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद मनोज झा ने कहा कि जेल में पहले ही बिताया गया समय अभी भी पर्याप्त लंबा नहीं है और मुकदमे में देरी अभी भी चौंकाने वाली या असंवैधानिक नहीं है। अब पहले कितनी कैद सहनी होगी।

### ये न्याय का मखौल महबूबा मुफ्ती बोलीं



महबूबा मुफ्ती ने कहा कि न्याय का कैसा मखौल है! एक तरफ गुरमीत सिंह, जिसे रेप और हत्या का दोषी ठहराया गया है, उसको पैरोल मिल रही है। दूसरी तरफ उमर खालिद, जो केवल आरोपी है अभी तक मुकदमा शुरू नहीं हुआ।

---


## खबर संक्षेप

### भाजपा नेता सोम को बांग्लादेश से धमकी



**मेरठ।** पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता ठाकुर संगीत सोम को बांग्लादेश से धमकी मिलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। धमकी भरे फोन कॉल, मैसेज और वीडियो कॉल मिलने के बाद उन्होंने सरधना थाने में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है।

### लालू यादव की याचिका पर सीबीआई से मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** आईआरसीटीसी घोटाला मामले में आरोप तय करने के निर्णय के खिलाफ पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव की अपील याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने सीबीआई से जवाब मांगा है। कोर्ट ने सीबीआई को नोटिस जारी कर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। इस मामले पर अगली सुनवाई 14 जनवरी को होगी।

### प्रतिका की ग्रोक से फोटो एडिट न करने की अपील



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने सोशल मीडिया पर खास अपील करते हुए अपनी प्राइवेसी को बनाए रखने की बात की है। प्रतिका ने ये अपील एलन मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के एआई ग्रोक से की है। प्रतिका की बात पर ग्रोक ने कहा कि मैं समझ गया प्रतिका।

### सड़क हादसों में 6 लोगों की मौत, 14 घायल



**जयपुर।** राजस्थान में दो अलग-अलग सड़क हादसों में छह लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार रविवार देर रात जालोर जिले में राजमार्ग पर स्लीपर बस पलटने से एक बुजुर्ग दंपत्ति समेत तीन लोगों की मौत हो गई।

---

किसानों को महंगाई से बचाने मोदी सरकार ने दी बड़ी राहत

# रबी सीजन के लिए उर्वरक सब्सिडी बढ़ाकर 37952 करोड़ की, डीएपी पर विशेष ध्यान

केंद्र सरकार का यह कदम न केवल बुवाई के आगामी सीजन में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा, बल्कि मृदा स्वास्थ्य को संतुलित बनाए रखने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण नीतिगत पहल है

## सब्सिडी खरीफ सीजन के मुकाबले 736 करोड़ रुपए अधिक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक बाजार में कच्चे माल की कीमतों में अनिश्चितता और किसानों को महंगाई से बचाने के उद्देश्य से पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने रबी सीजन 2025-26 के लिए उर्वरक सब्सिडी में बढ़ोतरी की है। सरकार ने इस सीजन के लिए 37,952 करोड़ रुपए की अनुमानित उर्वरक आवश्यकता तय की है, जो खरीफ 2025 सीजन के मुकाबले करीब 736 करोड़ रुपए अधिक है। यह कदम न केवल बुवाई के आगामी सीजन में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा, बल्कि मृदा स्वास्थ्य को संतुलित बनाए रखने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण नीतिगत पहल है। सरकार ने रबी सीजन 2025-26 के लिए पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरों को मंजूरी दे दी है, जो 1 अक्टूबर, 2025 से 31 मार्च, 2026 तक प्रभावी रहेंगी और इसमें फॉस्फेटिक और पोटैशिक (पी और के) उर्वरक शामिल हैं, जिनमें डीएपी और एनपीकेएस ग्रेड भी शामिल हैं।

सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उर्वरकों और कच्चे माल की अस्थिर कीमतों को देखते हुए की गई है। किसानों पर लागत का बोझ न पड़े, इसके लिए सरकार ने पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) योजना के तहत सब्सिडी दरों में, विशेषकर डाय-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) के लिए, भारी वृद्धि की है।

### डीएपी सब्सिडी में भारी बढ़ोतरी



अमृतसर में किसान अपने खेत में उर्वरक का छिड़काव करता हुआ

**डीएपी सब्सिडी बढ़ाकर 29,805 रुपए प्रति टन कर दी गई**

डीएपी पर सब्सिडी पिछले वर्ष के 21,911 रुपए प्रति टन से बढ़ाकर 29,805 रुपए प्रति टन कर दी गई है। इस निर्णय का सीधा लाभ गेहूं, तिलहन और दालों की खेती करने वाले किसानों को मिलेगा, क्योंकि रबी सीजन इन फसलों की बुवाई का मुख्य समय होता है। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पीक सीजन के दौरान किसानों को किफायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध होते रहें।

### अधिक उर्वरक से मिट्टी की सेहत बिगड़ती है

वर्षों तक नाइट्रोजन युक्त उर्वरकों के असंतुलित प्रयोग ने कई क्षेत्रों में मिट्टी की सेहत को खराब किया है और उपज में वृद्धि को सीमित कर दिया है। एनबीएस योजना द्वितीयक और सूक्ष्म पोषक तत्वों (माइक्रोन्यूट्रिएंट्स) के उपयोग को बढ़ावा देकर मृदा क्षरण और पोषक तत्वों के असंतुलन की समस्या का समाधान करती है।

## एनबीएस योजना: संतुलित खेती की ओर बड़ा कदम

पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एबीएस) योजना, जिसे भारत सरकार ने 1 अप्रैल 2010 से लागू किया था। एनबीएस ढांचा उर्वरकों में मौजूद पोषक तत्वों- नाइट्रोजन (एन), फॉस्फोरस (पी), पोटाश (के) और सल्फर (एस)- के आधार पर सब्सिडी तय करता है। इस नीति का मुख्य उद्देश्य किसानों को संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग करने के लिए प्रेरित करना है।

**उत्पादकता में वृद्धि हुई**

सरकार के अनुसार एनबीएस योजना के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। देश में खाद्यान्न उत्पादकता, जो 2010-11 में 1,930 किलोग प्रति हेक्टेयर थी, वह 2024-25 में बढ़कर 2,578 किलोग प्रति हेक्टेयर हो गई है। यह वृद्धि मोटे तौर पर एनबीएस योजना के विस्तार की अवधि के साथ मेल खाती है। दूसरी ओर घरेलू उत्पादन के मोर्चे पर भी भारत ने महत्वपूर्ण प्रगति की है।

### तीन वर्षों में सब्सिडी 2.04 लाख करोड़ रुपए

केंद्र सरकार ने 2022-23 और 2024-25 के बीच राष्ट्रीय उर्वरक प्रणाली (एनबीएस) सब्सिडी के लिए 2.04 लाख करोड़ रुपए से अधिक का आवंटन किया गया है, जिससे किसानों को किफायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध हो सके हैं। उच्च पैदावार, बेहतर मृदा स्वास्थ्य और आयात पर कम होती निर्भरता इस खर्च को उचित ठहराती है। रबी सीजन के लिए बढ़ी हुई सब्सिडी न केवल किसानों को वैश्विक महंगाई से राहत देगी, बल्कि यह भारतीय कृषि को वैज्ञानिक और संतुलित खेती की ओर ले जाने की सरकार की दीर्घकालिक रणनीति का भी हिस्सा है।

---

मेनका गांधी का विवादित बयान

# पटाखों का इस्तेमाल करने वाले देशद्रोही, दिवाली से ही प्रदूषण

**पूछा, भगवान राम और सीता की वापसी पर क्या आतिशबाजी की गई थी?**



पूर्व मंत्री मेनका गांधी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने दिल्ली में वायु प्रदूषण को लेकर बहुत ही विवादास्पद बयान दिया है। उन्होंने पटाखा जलाने वालों को देशद्रोही कह दिया है और साथ ही इस समस्या के लिए सुप्रीम कोर्ट को दोषी ठहरा दिया है। मेनका गांधी ने कहा कि पराली या गाड़ियों से प्रदूषण की बात झूठी है, क्योंकि दिवाली के तीन दिन पहले तक हवा साफ थी। उन्होंने ग्रीन पटाखों की इजाजत देने को लेकर सुप्रीम कोर्ट की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि ग्रीन पटाखे नाम की कोई चीज नहीं होती है। भाजपा नेता सवाल किया कि क्या जब भगवान राम और सीता वनवास से वापस आए थे तब क्या आतिशबाजी की गई थी? मेनका गांधी ने दिवाली पर होने वाली आतिबाजी को दिल्ली के प्रदूषण के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार बताया।

### दिवाली से पहले तक साफ थी हवा

मेनका गांधी ने कहा कि दिवाली के दिन, दशहरे के दिन, शादियों पर, नए साल पर, क्रिकेट मैच के दौरान या किसी अन्य दिन वे लोग पटाखे जलाते हैं नतीजतन हम सांस नहीं ले पाते हैं। उन्होंने कहा कि देश में हम अन्य चीजों पर दोष डालते हैं कि कोई खेतों को जला रहा है, गाड़ियों की समस्या है लेकिन ये सब झूठ है। क्योंकि दिवाली के तीन दिन पहले तक हवा एक दम साफ होती है और दिवाली से लेकर नए साल तक हम सांस नहीं ले पाते हैं... सिर्फ दिवाली के दिन यदि 800 करोड़ के पटाखे केवल दिल्ली में उड़ाए जाएं तो उसका नतीजा क्या होगा? उन्होंने कहा कि जब तक बारिश नहीं होती तब तक यह जहरीली हवा नहीं जाएगी। बारिश आएगी भी तो क्या होगा वह सारा जहरीला रसायन जमीन में चला जाएगा। जमीन जहरीली हो जाएगी।

### सुप्रीम कोर्ट ने गलत आदेश दिया

मेनका गांधी ने सर्वोच्च अदालत से भी नाराजगी जाहिर की और कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने फिर एक गलत आदेश दिया। आदत सी बन गई है उनकी मनमाने आदेश की। उन्होंने कह दिया कि ग्रीन पटाखे उड़ाओ। ग्रीन पटाखा नाम की कोई चीज नहीं होती है। या तो बैन करो या कहो कि सब लोग मर जाओ या हायहाय करते रहो। जो लोग सबसे ज्यादा पटाखों का इस्तेमाल करते हैं वही कहते हैं कि सरकार क्या कर रही है। मेनका गांधी ने कहा कि भगवान राम सीता के वक्त फटाखे होते थे? जब आए तो दीए ही जल रहे थे न। वह भी मालूम नहीं जल रहे थे या पता नहीं तेल होता था या नहीं। लेकिन पटाखे तो नहीं थे।

---

# शिवराज ने हल्दी की टेस्टिंग लैब खोलने का किया ऐलान

## केंद्रीय कृषि मंत्री ने तमिलनाडु के ईरोड में किसानों-कामगारों से किया संवाद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ईरोड की प्रसिद्ध हल्दी मंडी का दौरा किया और हल्दी उत्पादक किसानों व व्यापारियों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने हल्दी शहर के रूप में चर्चित ईरोड में टेस्टिंग लैब स्थापित करने की घोषणा करते हुए आईसीएआर को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इससे हल्दी की गुणवत्ता जांच, प्रमाणीकरण और बेहतर विपणन में किसानों को सहायता मिलेगी। चौहान ने कहा कि विकसित भारत–जी राम जी कानून स्वावलंबी गांवों के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ईरोड में कामगारों और श्रमिकों से संवाद के दौरान केंद्रीय मंत्री ने इस महत्वाकांक्षी योजना के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने ईरोड में हल्दी बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना के विषय में भी आश्वासन दिया।



हल्दी की फसल का अवलोकन करते केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान

### निर्यात के नए अवसर प्राप्त होंगे

मंत्री चौहान ने कहा कि यह विषय वाणिज्य मंत्रालय से संबंधित है, लेकिन कृषि मंत्री होने के नाते वह स्वयं इस संबंध में पहल करेंगे। उन्होंने बताया कि इससे हल्दी किसानों को नीतिगत सहयोग, बाजार तक बेहतर पहुंच और निर्यात के नए अवसर प्राप्त होंगे। चौहान ने कहा कि ईरोड क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत कोल्ड स्टोरेज स्थापित किया जा सकता है।

### तस्करी से लाई जा रही हल्दी पर लगाएंगे रोक

मंत्री ने तस्करी के जरिए लाई जा रही हल्दी पर रोक लगाने का भी आश्वासन दिया और कहा कि इन सभी विषयों पर दिल्ली में बैठक कर ठोस समाधान निकाला जाएगा। उन्होंने अच्छी गुणवत्ता के बीज को कृषि की बुनियाद बताते हुए आईसीएआर के माध्यम से आवश्यक बीज विकास पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री ने कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कृषि उत्पादों के 100 से अधिक स्टॉलों का निरीक्षण किया।

## गृह मंत्री शाह ने अरंगनाथ मंदिर में की पूजा



**तिरुचिरापल्ली।** तमिलनाडु की अपनी दो दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के तमिलनाडु चुनाव प्रभारी पीयूष गोयल के साथ तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले के श्रीरंगम में अरुलमिगु अरंगनाथ स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने तिरुवनैकवल स्थित प्राचीन श्री जंबुकेश्वर-अकिलन्देश्वरी मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने मन्नारपुरम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महिला मोर्चा द्वारा आयोजित भव्य पोंगल उत्सव में भाग लिया। चावल, दाल, गुड़ और घी से तैयार मीठा व्यंजन पोंगल 1,008 सजे बर्तनों में पकाया गया था।

---

पश्चिम बंगाल की सीएम बेनर्जी की दो टूक

# एसआईआर के दौरान 'अमानवीय' आचरण के खिलाफ अब मैं अदालत का रुख करूंगी

एजेंसी ▶▶ कोलकता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने सोमवार को कहा कि वह राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान किए गए 'अमानवीय' आचरण के खिलाफ अदालत का रुख करेंगी। दक्षिण 24 परगना जिले के सागर द्वीप में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया से जुड़े भय, उत्पीड़न और प्रशासनिक मनमानी के कारण कई लोगों की मौत हुई है और कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है।



सीएम ममता बेनर्जी

### नामों को मनमाने ढंग से हटाया

सीमए बेनर्जी ने आरोप लगाया कि बिना वैध कारणों के मतदाता सूची से नामों को 'मनमाने ढंग से' हटाया जा रहा है, जिससे विधानसभा चुनावों से पहले एक नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया डर पैदा करने वाली प्रक्रिया बन गई है। गंभीर रोग से ग्रसित लोगों और बुजुर्ग नागरिकों को यह साबित करने के लिए लंबी कतारों में खड़े होने के लिए मजबूर किया।

### एसआईआर आशा की किरण: शुभेंदु

पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर मतदाता सूची के एसआईआर को 'निडरतापूर्वक' जारी रखने का आग्रह किया। पश्चिम बंगाल की जनता ने एसआईआर को आशा की किरण के रूप में देखा है।

---

भारत में साइबर ठगी: आम जनता की गाढ़ी पसीने की कमाई स्वाह

# 6 साल में 52,976 करोड़ से ज्यादा की धोखाधड़ी, निवेश स्कैम बड़ा खतरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में साइबर अपराध और ठगी के मामलों ने बीते कुछ वर्षों में खतरनाक रफ्तार पकड़ ली है। गृह मंत्रालय के अधीन भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, पिछले छह वर्षों में देशभर में अलग-अलग तरह की धोखाधड़ी और ठगी से 52,976 करोड़ से अधिक की रकम का नुकसान हुआ है। इसमें निवेश स्कैम, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन ठगी, बैंकिंग फ्रॉड और साइबर फिशिंग जैसे मामले शामिल हैं। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के आंकड़ों के मुताबिक, सिर्फ 2025 में ही लोगों ने करीब 19,812.96 करोड़ गंवाए और 21,77,524 से ज्यादा ठगी से जुड़े मामले दर्ज किए गए। इससे पहले 2024 में 22,849.49 करोड़ का नुकसान हुआ था।

## महाराष्ट्र राज्य में सर्वाधिक 3,203 करोड़ का नुकसान

**2025 में करीब 21 करोड़ साइबर फ्रॉड शिकायतें दर्ज**

### शहरी इलाकों में अधिक ठगी हो रही



साइबर ठग

शहरी और डिजिटल रूप से जुड़े इलाकों में ठगों की गतिविधियां ज्यादा देखने को मिल रही हैं। कुल 19,812 करोड़ में से 77% रकम फर्जी निवेश योजनाओं के नाम पर गंवाई गई। इसके अलावा 8% डिजिटल अरेस्ट स्कैम, 7% क्रेडिट कार्ड फ्रॉड, 4% सेक्सटॉर्शन, 3% ई-कॉमर्स फ्रॉड और 1% एप या मालवेयर आधारित ठगी से जुड़ी रही।

### विदेशों से जुड़े ठगी के तार

सिटिजन फाइनेंशियल साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम के अनुसार, 2025 में करीब 21 करोड़ साइबर फ्रॉड शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 45% शिकायतें दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों- कंबोडिया, म्यांमार और लाओस से जुड़ी पाई गईं। 36% निवेश धोखाधड़ी, 27% क्रेडिट कार्ड फ्रॉड, 18% सेक्सटॉर्शन से जुड़ी हैं।

### 5 राज्यों में हुए सबसे ज्यादा साइबर फ्रॉड

राज्यवार विश्लेषण में महाराष्ट्र साइबर ठगी से सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। राज्य में 3,203 करोड़ का नुकसान हुआ और 28,33,20 शिकायतें दर्ज की गईं। इसके बाद कर्नाटक में 2,413 करोड़ और 21,32,28 शिकायतें, तमिलनाडु में 1,897 करोड़ और 12,32,90 शिकायतें सामने आईं। यूपी में 1,443 करोड़ की ठगी और 27,52,64 शिकायतें दर्ज हुईं, जबकि तेलंगाना में 1,372 करोड़ के नुकसान के साथ करीब 95,000 मामले सामने आए।

## अब तक का सबसे बड़ा पोत है समुद्री प्रताप, देश का गौरव है

# तटरक्षक बल के बेड़े में शामिल हुआ स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत समुद्र प्रताप, दुनिया की बड़ी से बड़ी चुनौती से निपटना होगा आसान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और बड़ी सफलता हासिल कर ली है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को भारतीय तटरक्षक बल के बेड़े में 60 प्रतिशत से ज्यादा स्वदेशी सामग्री से बना प्रदूषण नियंत्रण पोत ' समुद्र प्रताप ' को शामिल किया। आपको बता दें कि वैसे तो समुद्र प्रताप को प्रदूषण कंट्रोल के लिए डिजाइन किया गया है। लेकिन यह सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन में भी उतना ही सक्षम है, तटीय गश्त में भी उतना ही प्रभावी है, और समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने में भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इस शिप में एक ही प्लेटफार्म पर कई क्षमताओं को इंटीग्रेट किया गया है। रक्षामंत्री के अनुसार यही आधुनिक अप्रोच आज की समुद्री चुनौतियों की मांग है, जहां लचीलापन और तैयारी दोनों एक समान महत्वपूर्ण हैं। 'समुद्र प्रताप' का निर्माण गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा किया गया है। प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप' 115 मीटर लंबा और लगभग 4,200 टन वजनी है। यह शक्तिशाली पोत 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी तकनीक से बनाया गया है।

समुद्र प्रताप की गति 22 नॉट से अधिक है। ये क्षमताएं इसे लंबी दूरी के परिचालन के लिए बेहद सक्षम बनाती हैं। रक्षामंत्री ने कहा कि इस शिप की एक और खास बात है कि इसमें 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग हुआ है। यह अपने आप में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ता हुआ एक मजबूत कदम है।

आत्म निर्भर भारतः 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री से निर्मित

*बड़े से बड़े संकट का कर सकता है मुकाबला, ज्यादा वक्त नहीं लगेगा*

**खास**

लंबाई
**115 मीटर**
वजन
**4,200 टन**
गति
**22 नॉट**



समुद्री प्रताप

## मेच्योर हो चुका डिफेंस इंडस्ट्रियल ईकोसिस्टम

रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी मेक इन इंडिया पहल का असली अर्थ ऐसे ही प्रोजेक्ट में दिखाई देता है। इतने जटिल प्लेटफार्म में भी, इस स्तर की स्वदेशी सामग्री यह दिखाती है कि हमारा डिफेंस इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम अब काफी मेच्योर हो चुका है। हमने रक्षा निर्माण में कम से कम इतनी क्षमता तो हासिल कर ही ली है कि हम निर्माण से संबंधित जटिल चुनौतियों को भी हैंडल करने में सक्षम हैं। जाहिर सी बात है, जब समुद्री प्रदूषण बढ़ेगा, तो मछुआरों की आजीविका, तटीय समुदायों का भविष्य, और हमारी आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा, सब पर प्रभाव पड़ेगा। इसलिए हमारे तटरक्षक बल द्वारा चलाए गए तटीय स्वच्छता अभियान, प्रदूषण रिस्पांस अभियान और बहु एजेंसी समन्वय वास्तव में सराहनीय हैं। आपने यह दिखाया है, कि जब निश्चय स्पष्ट हो और समन्वय मजबूत हो, तो बड़े से बड़े संकट का भी सामना किया जा सकता है।

### किसानों के अंदर पैदा किया भरोसा

रक्षा मंत्री ने कहा कि तटरक्षक बल ने, देशवासियों के अंदर जो भरोसा पैदा किया है, वह निश्चित रूप से सराहनीय है। इसने हमारे किसानों के अंदर भरोसा पैदा किया है। हमारे मछुवारों के अंदर भरोसा पैदा किया है। सब निश्चिन्त होकर अपना काम करते रहते हैं, कि जो भी होगा तटरक्षक बल देख लेगा।

---

**खबर संक्षेप**

### रूसी तेल पर भारत को लेना होगा दो-टूक फैसला



**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा आयात शुल्क (इंपोर्ट टैरिफ) बढ़ाए जाने का खतरा एक बार फिर भारत पर मंडरा रहा है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, अमेरिका द्वारा भारत पर रूसी तेल आयात के मामले में स्पष्ट और निर्णायक फैसला लेने का दबाव बनाया जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि अगर भारत रूस से तेल खरीद बंद नहीं करता है तो यूएस टैरिफ बढ़ाया जा सकता है।

### क्रिप्टोः एफयूआई के रडार पर 49 एक्सचेंज



**नई दिल्ली।** भारत में क्रिप्टोकरेंसी का बाजार जितनी तेजी से पैर पसार रहा है, सरकार की निगरानी भी उतनी ही सख्त होती जा रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) के पास 49 क्रिप्टो एक्सचेंजों ने पंजीकरण कराया है, लेकिन इन प्लेटफार्मों पर संदिग्ध लेनदेन की जांच ने हवाला, जुआ और यहां तक कि टेरर फंडिंग जैसे 'गंभीर' अपराधों की पोल खोल दी है। मार्च 2025 तक कुल 49 वर्चुअल डिजिटल एसेट ने पंजीकरण किया।

---

## मादुरो के बेटे गुएरा ने ट्रंप और अमेरिका को जमकर सुनाई खरी-खोटी

# चेतावनी देते हुए बोले- मां कसम... इतिहास बताएगा 'गद्दार' कौन था? बेनकाब करेंगे

एजेंसी ▶▶ काराकस

वेनेजुएला में सत्ता परिवर्तन के बाद अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के बेटे निकोलस मादुरो गुएरा का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने वेनेजुएला को धोखा दिया है और आने वाले समय में उन चेहरों को बेनकाब किया जाएगा। सोशल मीडिया पर जारी ऑडियो रिकॉर्डिंग में उन्होंने कहा कि इतिहास बताएगा कि गद्दार कौन था, इतिहास इसका खुलासा करेगा। मादुरो गुएरा ने कहा, वे हमें कमजोर देखना चाहते हैं। हम सम्मान और गरिमा के झंडे बुलंद करेंगे। क्या इससे हमें दुख होता है? बिल्कुल दुख होता है, हमें गुस्सा आता है, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाएंगे, धिक्कार है। मैं अपनी जिंदगी, अपनी मां, सिलिया की कसम खाता हूं वह ऐसा नहीं कर पाएंगे। निकोलस मादुरो के बेटे गुएरा ने अपने समर्थकों को सार्वजनिक आंदोलनों में हिस्सा लेने का आह्वान किया ताकि वे लीडरशिप के इर्द-गिर्द जमा हो और एकता को मजबूत कर सकें। मादुरो गुएरा वेनेजुएला की सत्ताधारी यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी (पीएसयूवी) के सदस्य हैं। अमेरिकी फेडरल प्रॉसिक्यूटर का आरोप हे कि गुएरा एक बड़े ड्रग्स नेटवर्क का मुख्य सरगना है, जिसने वेनेजुएला से अमेरिका तक नशीले पदार्थों को पहुंचाने के लिए सरकारी संपत्तियों, मिलिट्री, और राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल किया। निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस इस समय अमेरिका में हिरासत में हैं। उन्हें सोमवार को न्यूयॉर्क के एक फेडरल कोर्ट में पेश किया जाएगा। उन पर अमेरिका नारको-टेररिज्म और ड्रग्स तस्करी की साजिश के आरोप लगाए हैं।

*गुएरा ने कहा- हम वेनेजुएला के सम्मान वाले झंडे को बुलंद करेंगे*

*उधर अमेरिका ने कहा- ड्रग्स नेटवर्क का सरगना है गुएरा*

### कोर्ट में नार्को-टेररिज्म के आरोपों से मादुरो का इनकार


लाल कैप में गुएरा, पिता मादुरो, इंसेट में ट्रंप

*वेनेजुएला के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिका लाकर न्यूयॉर्क के मैनहैटन स्थित फेडरल कोर्ट में पेश किया गया। हथकड़ियों में अदालत पहुंचे मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस पर ड्रग तस्करी और अवैध हथियारों से जुड़े गंभीर आरोप लगाए गए हैं। वहीं मादुरो ने खुद को निर्दोष बताते हुए अब भी वेनेजुएला का राष्ट्रपति होने का दावा किया है। मादुरो के वकील बैरी पोलक ने उनकी गिरफ्तारी को मिलिट्री एबडक्शन यानी सैन्य अपहरण करार दिया और कहा कि इस मामले में लंबी और जटिल कानूनी लड़ाई होगी। वहीं मादुरो की पत्नी सिलिया फ्लोरेस के वकील ने गंभीर चोटों का हवाला देते हुए मेडिकल जांच की मांग की। अदालत ने वेनेजुएला के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अगली सुनवाई के लिए 17 मार्च को कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया है। जज एल्विन हेलरस्टीन ने यह आदेश आरोप तय होने की प्रक्रिया के बाद दिया।*

### भड़का चीनः नहीं चलने देंगे अमेरिकी दादागीरी



चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सख्त लहजे में कहा कि कोई भी देश दुनिया का पुलिसकर्मी या अंतराष्ट्रीय न्यायाधीश बनने का हकदार नहीं है। उन्होंने इस हमला को लेकर कहा कि यह अंतराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन है और वेनेजुएला की संप्रुभता पर हमला है। चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि एकतरफा दादागीरी नहीं चलेगी। जिनपिंग ने वैश्विक मामलों में 'एकतरफा और दादागिरी भरे कृत्यों' की आलोचना करते हुए प्रमुख शक्तियों से अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों का सम्मान करने का आग्रह किया।

### किम जोंग ने अमेरिका को दी खुली धमकी



उत्तर कोरिया ने वेनेजुएला में अमेरिका की कार्रवाई को गुंडागर्दी बताया है। उत्तर कोरियाई विदेश मंत्रालय का कहना है कि अमेरिका की यह कार्रवाई किसी भी देश की आजादी और संप्रभुता पर किया गया सबसे गंभीर हमला है। उत्तर कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग-उन ने अमेरिका को खुली चेतावनी देते हुए कहा है कि यह कार्रवाई दुनिया को विश्व युद्ध की ओर ले जा सकती है। किम जोंग-उन ने डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिकी नेतृत्व से मांग की कि वे तुरंत मादुरो की स्थिति सार्वजनिक करें।

---

## परिवार के समेत 20 लोग छोड़ेंगे देश

# डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के बाद ईरान छोड़ने की तैयारी कर रहे हैं खामेनेई?

एजेंसी ▶▶ तेहरान



ईरान में विरोध प्रदर्शन की आग उग्र होने और कई प्रदर्शनकारियों की मौत पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्तक्षेप की धमकी के बाद अब एक रिपोर्ट में बड़ा दावा किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि आर्थिक संकट के खिलाफ ईरान में बड़े पैमाने पर हो रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच, ईरान के अयातुल्ला अली खामेनेई के देश से भागने की योजना बना रहे हैं। खामेनेई के पास इसे लेकर एक बैक-अप प्लान है। रिपोर्ट में एक इंटेलिजेंस रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया है कि खामेनेई अपने 20 करीबी सहयोगियों और परिवार के साथ ईरान से भागने की योजना बना रहे हैं।

दावा किया गया है कि खामेनेई सीरिया के बशर अल-असद की तरह रूस में शरण ले सकते हैं। इसकी वजह यह बताई गई है कि खामेनेई को मॉस्को भागना होगा क्योंकि उनके लिए कोई दूसरी जगह नहीं है। इससे पहले ईरान की डूबती अर्थव्यवस्था के कारण भड़के विरोध-प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में कम से कम 15 लोगों की मौत हो चुकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान के 31 प्रांतों में से 25 प्रांतों में 170 से अधिक स्थानों पर प्रदर्शन हुए हैं। उसने बताया कि मरने वालों की संख्या कम से कम 15 हो गई है और 580 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं ईरान के सर्वोच्च नेता ने देश में अशांति उत्पन्न करने वाले विरोध प्रदर्शनों को लेकर कहा कि दंगाइयों पर सख्ती करनी होगी। विरोध-प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा के संबंध में 86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई की यह पहली टिप्पणी है।

### बेटे मोजतबा को भी साथ ले जाएंगे खामेनेई

ब्रिटिश अखबार ने खुफिया सूत्रों के हवाले से कहा कि 'प्लान बी' अयातुल्ला खामेनेई और उनके बेहद करीबी सहयोगियों व परिवार के लिए तैयार किया गया है। इसमें उनके बेटे और नॉमिनेटेड उत्तराधिकारी मोजतबा खामेनेई भी शामिल हैं। पूर्व इजराइली खुफिया अधिकारी बेनी साबती के अनुसार, खामेनेई रूस के लिए रवाना होंगे, क्योंकि उनके पास भागने के लिए और कोई जगह नहीं है।रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि खामेनेई पहले भी यह भरोसा जता चुके हैं कि वो रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की 'सराहना करते हैं' और उनका मानना है कि ईरानी संस्कृति, रूसी संस्कृति से अधिक मिलती-जुलती है। खामेनेई का यह कथित प्लान सीरिया के पूर्व तानाशाह बशर अल-असद के भागने के तरीके से मिलती-जुलती मानी जा रही है। यह वही मॉडल है जिसे असद ने नवंबर 2024 में अपनाया था, जब सरकार गिरने के बाद वो सीरिया से भागकर मॉस्को पहुंच गए थे।

---


## ब्रिटिश सांसद बॉब ब्लैकमैन का बड़ा बयान, बोले

# पीओके समेत पूरा जम्मू-कश्मीर भारत को मिलना चाहिए, वो उसी का अंग

एजेंसी ▶▶ जयपुर

ब्रिटिश सांसद बॉब ब्लैकमैन ने जम्मू और कश्मीर पर भारत के रुख के लिए अपने लंबे समय से चले आ रहे समर्थन को दोहराया है। ब्लैकमैन ने पीओके पर पाकिस्तान के अवैध कब्जे का विरोध करते हुए कहा कि पूरे जम्मू और कश्मीर को भारत के साथ फिर से मिला देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 को खत्म करने की उनकी मांग तीन दशक से भी ज्यादा पुरानी है और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की ओर से 2019 में लिए गए फैसले से जुड़ी नहीं है। जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशनल क्लब में एक हाई-टी कार्यक्रम में बोलते हुए, ब्लैकमैन ने कहा कि उनका यह रुख 1990 के दशक की शुरुआत में बना था, खासकर कश्मीर घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन के बाद। बॉब ब्लैकमैन ने कहा, "मैंने सिर्फ तब अनुच्छेद 370 को खत्म करने की बात नहीं की जब प्रधानमंत्री मोदी ने इसे अपने घोषणापत्र में शामिल किया और लागू किया। मैंने यह बात 1992 में कही थी, जब कश्मीरी पंडितों को जम्मू और कश्मीर से बाहर निकाल दिया गया था। उस समय की अपनी सक्रियता को याद करते हुए, ब्रिटिश सांसद ने कहा कि ब्रिटेन में विस्थापित समुदाय के साथ हुए अन्याय की ओर ध्यान दिलाने के लिए प्रयास किए गए थे।



ब्लैकमैन ने कहा, हमने उस समय एक बड़ी बैठक की थी ताकि लोगों से कहा जा सके कि यह गलत है, यह अन्याय है कि लोगों को सिर्फ उनके धर्म के कारण उनके पैतृक घरों से बाहर निकाला जा रहा था। ब्रिटिश सांसद ने कहा कि उन्होंने इस क्षेत्र में आतंकवाद की लगातार निंदा की है और जम्मू और कश्मीर के कुछ हिस्सों पर पाकिस्तान के नियंत्रण की आलोचना की है। ब्लैकमैन ने कहा, "मैंने ना केवल होने वाले आतंकवाद की निंदा की है।

---

## घटना के वक्त परिवार घर पर नहीं था

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के घर पर हमला, खिड़कियां तोड़ीं, 1 अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के ओहियो स्थित घर पर हमले की घटना के बाद एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। रिपोट्स के मुताबिक, घटना के समय वेंस परिवार घर पर नहीं था और अधिकारियों को नहीं लगता है कि हमलावर उपराष्ट्रपति के घर में घुसा था। मौके से मिली तस्वीरों में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के घर की टूटी खिड़कियां दिखाई दे रही हैं लेकिन इस समय यह साफ नहीं है कि असल में क्या हुआ था। एक अधिकारी के हवाले से बताया कि यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि हमलावर जेडी वेंस या उनके परिवार को निशाना बना रहा था या नहीं। घटना के बाद पुलिस और सीक्रेट सर्विस के लोग उपराष्ट्रपति के घर के अंदर देखे गए, हालांकि माना जा रहा है कि हमले के समय न तो वेंस और न ही उनका परिवार घर पर था। यह घटना नए साल की छुट्टियों के दौरान इलाके में बढ़ाई गई सुरक्षा के बाद हुई है। बताया जा रहा है कि मामले के विभिन्न एंगलों से जांचा जा रहा है कि आखिर वजह क्या था।


खिड़कियों को हुआ नुकसान

---

## सड़क हादसे में कृष्णा-आशा के दो बच्चे गंभीर रूप से घायल

# आंध्र प्रदेश के कपल की अमेरिका में दर्दनाक मौत, 10 दिन पहले ही हुई थी भारत से वापसी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश का एक कपल अमेरिका में भीषण सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसा इतना भयानक था कि दोनों पति-पत्नी की मौके पर मौत हो गई। वहीं, उनके दोनों बच्चों की हालत गंभीर है।

उन्हें नजदीकी अस्पातल में भर्ती किया गया है। 45 वर्षीय कृष्णा किशोर अमेरिका में सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे। वो अपनी 40 वर्षीय पत्नी आशा और 2 बच्चों के साथ अमेरिका में रहते थे। ये परिवार आंध्र प्रदेश के पालाकोल्लू से ताल्लुक रखता है। कुछ दिन पहले ही दोनों आंध्र प्रदेश स्थित अपने घर आए थे और 10 दिन पहले अमेरिका वापस लौट गए थे। हादसा अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में हुआ। हादसे के दौरान कार में कृष्णा और आशा के अलावा उनका बेटा और बेटी भी मौजूद थे।


मृतक दंपती

हादसे के बाद कृष्णा और आशा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। उनके दोनों बच्चों को इमरजेंसी में भर्ती किया गया है।

### यूएस में महिला की हत्या, आरोपी भारत से गिरफ्तार



भारतीय महिला निकिता गोडिशाला की अमेरिका में हत्या कर दी गई थी। निकिता का शव एक्स-बॉयफ्रेंड अर्जुन शर्मा के अपार्टमेंट में मिला था। अब इस मामले पर बड़ा खुलासा हुआ है। निकिता के एक्स-बॉयफ्रेंड अर्जुन को सोमवार को इंटरपोल पुलिस ने तमिलनाडु से गिरफ्तार कर लिया। अमेरिकी पुलिस ने दावा किया था कि अर्जुन हत्या के बाद भारत भाग गया है। इसके बाद जांच एजेंसियां इस मामले को लेकर सक्रिय हो गई थीं।

---

## एनसीसी के रिपब्लिक डे कैंप 2026 में पहुंचे उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने कहा

# एनसीसी का ध्येय एकता और अनुशासन, युवाओं का बढ़ाता है आत्मविश्वास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने ऑपरेशन सिंदूर तथा विभिन्न आपदा राहत अभियानों में एनसीसी कैडेट्स की सराहनीय सेवाओं का उल्लेख किया। उपराष्ट्रपति सोमवार को नई दिल्ली में एनसीसी के रिपब्लिक डे कैंप 2026 में पहुंचे थे। यहां उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित किया। इसी दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर व विभिन्न आपदा राहत अभियानों में एनसीसी कैडेट्स की सराहनीय सेवाओं का जिक्र किया।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि एनसीसी शिविर केवल प्रशिक्षण का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की विविधता में एकता, संवैधानिक मूल्यों और भविष्य के नेतृत्व की झलक प्रस्तुत करता है। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन बतौर मुख्य अतिथि नई दिल्ली में आयोजित एनसीसी रिपब्लिक डे कैंप के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने देश के निर्माण में एनसीसी की अहम भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि एनसीसी का ध्येय वाक्य 'एकता और अनुशासन' देश के युवाओं को आत्मविश्वासी, जिम्मेदार और सेवा-भावी नागरिक बनाने में लगातार महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि यही युवा विकसित भारत 2047 की नींव हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में उपराष्ट्रपति का कैंप पहुंचने पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया गया। इसके बाद उपराष्ट्रपति ने हॉल ऑफ फेम का दौरा किया। हॉल ऑफ फेम में उन्हें एनसीसी की गौरवपूर्ण विरासत, उपलब्धियों और विकास यात्रा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

उपराष्ट्रपति ने यहां विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉल्स का भी निरीक्षण किया। इन प्रदर्शनी स्टॉल्स में युवा आपदा मित्र योजना, ड्रोन प्रशिक्षण, और नई प्रौद्योगिकियों के उपयोग से जुड़ी पहल शामिल रहीं। उपराष्ट्रपति ने इस अवसर पर आपदा प्रबंधन की तैयारी और उभरती तकनीकों को अपनाने में एनसीसी की भूमिका की प्रशंसा की।

ऑपरेशन सिंदूर व आपदा राहत अभियानों में एनसीसी कैडेट्स की सेवा सराहनीय

28 राज्यों और 8 केंद्रशासित प्रदेशों से आने वाले कैडेट इस कैंप का हिस्सा बने

### 25 अलग-अलग मित्र देशों के युवा कैडेट भी शामिल


उपराष्ट्रपति कैडेट्स के साथ

*गौरतलब है कि रक्षा मंत्री व तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारी भी गणतंत्र दिवस के लिए लगने वाले विशेष एनसीसी कैंप में जाते हैं। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि इस वर्ष देश भर के 28 राज्यों और 8 केंद्रशासित प्रदेशों से आने वाले कैडेट इस कैंप का हिस्सा बने हैं। यहां एनसीसी गणतंत्र दिवस कैंप में कुल 2,406 कैडेट हैं। इनमें से 898 बालिका कैडेट शामिल हैं, जो इस साल कैंप में भाग ले रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह अब तक का सबसे बड़ा दल है। एनसीसी के इस कैंप में देश भर से आए कैडेट्स की भागीदारी तो है ही, लेकिन इसके साथ ही विदेशों से आए कैडेट्स भी इस कैंप का हिस्सा हैं। भारतीय कैडेट्स के अलावा 25 अलग-अलग मित्र देशों के युवा कैडेट और अधिकारी यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत इस कैंप में शामिल हो रहे हैं।*

---

## बांग्लादेशः वीडियो बनाकर किया वायरल

# हिंदू विधवा के साथ दुष्कर्म, आरोपियों ने पेड़ से बांधकर उसके काट दिए बाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। हाल ही के कुछ दिनों में 4 हिंदुओं की हत्या के बाद अब एक हिंदू विधवा महिला के साथ दरिंदगी का मामला सामने आया है। घटना झेनैदाह जिले के कालिगंज में नादिपारा इलाके में हुई। आरोप है कि यहां के दो स्थानीय बदमाशों ने 40 वर्षीय हिंदू विधवा महिला के साथ पहले बलात्कार किया और फिर उसे पेड़ से बांधकर उसके बाल काट दिए। इतना ही नहीं, आरोपियों ने इसका वीडियो भी बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस दुर्दांत कृत्य के बाद महिला बेहोश हो गई और स्थानीय लोगों ने उसे बेहोशी की हालत में सदर अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में महिला ने आरोपी शाहीन और उसके साथी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। बताया जा रहा है कि महिला ने करीब ढाई साल पहले शाहिन और उसके भाई से 20 लाख रुपये में 3 डेसिमल जमीन और एक दो मंजिला मकान खरीदा था। इसके बाद से ही शाहीन की महिला पर बुरी नजर थी। उसने इसके पहले कई बार महिला के साथ अश्लील व्यवहार करने की कोशिश की थी। जब महिला ने उसके प्रस्ताव ने इनकार कर दिया तो फिर शाहीन ने अलग-अलग तरीके से उसे परेशान करना शुरू कर दिया।

## खबर संक्षेप

### ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते में 250 गुम बच्चे घर लौटे

भोपाल। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) भोपाल रेल मंडल सिर्फ रेलवे संपत्ति और यात्रियों की सुरक्षा ही नहीं, समाज सेवा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी बखूबी निभा रहा है। आरपीएफ ने कई विशेष अभियानों के तहत यात्रियों की मदद, लावारिस सामान की वापसी, गुमशुदा बच्चों को उनके परिवार से मिलाने और अवैध टिकट दलालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। इसी के तहत साल 2025 में 250 गुमशुदा बच्चों को उनके परिवार से मिलाया। इससे उन परिवारों में दोबार खुशियां छा गईं। इन अभियानों के अंतर्गत ऑपरेशन अमानत, ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते, ऑपरेशन उपलब्ध और ऑपरेशन यात्री सुरक्षा ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं।

### नर्मदा जल की पाइप लाइन में लीकेज, पानी सप्लाई बाधित नहीं



भोपाल। पुलिस कंट्रोल रूप के पास से नर्मदा जल की गुजर रही मुख्य पाइप लाइन में सोमवार को लीकेज हो गया। जल कार्य विभाग के मैदानी अमले को फाल्ट को सुधारने के लिए गड्ढा खोदना पड़ा। इस काम में श्रमिकों को लगाया गया। फॉल्ट सुधारने का काम दिनभर चला। हालांकि इससे पानी सप्लाई बाधित नहीं हुई।

### नगर निगम के अमले ने शहर में अवैध रूप से बने शेड और चबूतरे तोड़े



भोपाल। ननि के अतिक्रमण विरोधी अमले ने अलग-अलग क्षेत्रों में अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बांसखेड़ी क्षेत्र में अवैध रूप से बने दो शेड, फतेहगढ़ में एक शेड, विजय नगर एवं अशोका गार्डन क्षेत्र में अवैध रूप से बने चबूतरे तोड़ने की कार्रवाई की। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने कोलार आलोक धाम, डीमार्ट चौराहा, प्रियंका नगर, बांसखेड़ी चौराहा, कोलार दानिश कुंज, कोटरा सुल्तानाबाद करुणाधाम, माता मंदिर, मेनिट चौराहा, न्यू मार्केट मल्टीलेवल पार्किंग, न्यू मार्केट गेमन इंडिया, लिंक रोड नम्बर-1, एमपी नगर जोन-2, शक्ति नगर आदि क्षेत्रों से भी अतिक्रमण हटाए।

### बड़नगर में भी रुकेगी भगत की कोठी-काचीगुड़ा एक्सप्रेस



भोपाल। भोपाल से बड़नगर जाने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। दरअसल, रेलवे की ओर से भोपाल मंडल होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 17606/17605 भगत की कोठी-काचीगुड़ा एक्सप्रेस ट्रेन का दो मिनट हाल्ट बड़नगर रेलवे स्टेशन पर शुरू किया है। इसके चलते भोपाल के यात्रियों को बड़नगर जाने के लिए एक ट्रेन की ओर सुविधा मिल सकेगी। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 17606 भगत की कोठी-काचीगुड़ा एक्सप्रेस का बड़नगर रेलवे स्टेशन सुबह 11:38 पर पहुंचेगी। जहां दो मिनट के हॉल्ट के बाद आगे रवाना होगी। इसी तरह काचीगुड़ा से चलने वाली गाड़ी संख्या 17605 काचीगुड़ा-भगत की कोठी एक्सप्रेस का बड़नगर रेलवे स्टेशन पर सुबह 06:05 बजे पहुंचेगी।

# श्रद्धालुओं ने धूमधाम से मनाया गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व, गुरुद्वारों में अरदास, नगर कीर्तन में उमड़े हजारों भक्त



गुरुद्वारे में गुरु से अरदास लगाते सिक्ख श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*शहर के विभिन्न गुरुद्वारों में लंगर और कीर्तन दरबार सजाया गया, इस दौरान नगर कीर्तन निकाला गया, विशेष धार्मिक आयोजन संपन्न किए गए।*

सिखों के दसवें गुरु साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व सोमवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर शहर के विभिन्न गुरुद्वारों में लंगर और विशेष कीर्तन दरबार सजाया गया। इस दौरान नगर कीर्तन निकाला गया। हमीदिया रोड गुरुद्वारा को विशेष रूप से फूलों से सजाया गया था। गुरुद्वारों में गुरुवाणी पाठ, शबद कीर्तन और अरदास जैसे विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर कीर्तन में उमड़ी हजारों की भीड़ उमड़ी। इस दौरान गुरु के लंगर में तमाम लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।



हमीदिया रोड स्थित गुरुद्वारे में कार्यक्रम।

### विराट हिंदू सम्मेलन कलश यात्रा के साथ संपन्न

विराट हिंदू सम्मेलन समिति की ओर से अभिरुचि बस्ती के 11 मंदिरों से महिलाओं द्वारा पीतांबरी वस्त्रों में कलश-यात्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम स्थल पर भव्य रंगोली, झंडा ऊंचा रहे हमारा और आदर्श हिंदू घर प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। शुभारंभ गौ-पूजन कर अभिरुचि क्षेत्र के ग्यारह मंदिरों के पंडित पुजारियों द्वारा 11 शंखों से शंखनाद कर हिंदू एकता के संकल्प के साथ हुआ। बस्ती के सभी सफाई कर्मियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया।

### कहीं भागीरथपुरा न बन जाए महाबली नगर, विकराल हो सकती है गंदे पानी-सीवेज की समस्या

# सीएम हेल्पलाइन में दर्ज कराई शिकायत सात बार रिमांइडर, समस्या जस की तस

***शिकायतकर्ता ने कहा, तीन साल से पानी की गुणवत्ता खराब, न टंकियों की सफाई हो रही है न पानी का ट्रीटमेंट***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएम और महापौर हेल्पलाइन की लगातार समीक्षा के बावजूद भी लोगों की शिकायतों पर अमल नहीं हो रहा है। कोलार के महाबलि नगर में रहने वाले एक शिकायतकर्ता ने पांच माह पहले पानी की गुणवत्ता ठीक नहीं होने और पानी की टंकियों की सफाई नहीं करने के संबंध में शिकायत दर्ज करवाई थी, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जबकि बीते पांच माह में वे सात बार रिमाइंडर भी दर्ज करवा चुके हैं।

कोलार के महाबलि नगर में रहने वाले शिकायतकर्ता डॉ. मोहन तिवारी ने बताया कि नगर निगम के अधिकारियों, वार्ड-80 एवं नगर निगम जोन-18 के अधिकारियों से शिकायतें कीं गईं। सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज करवाई और सात बार रिमाइंडर, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि सीएम हेल्पलाइन और महापौर हेल्पलाइन की लगातार समीक्षा होती है पिफर भी एल-1 अधिकारी शिकायतों की अनदेखी कर रहे हैं। इस संबंध में महापौर मालती राय का कहना है कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों पर तत्काल अमल होता है। अगर किसी को शिकायत है तो उनकी डिटेल मुझे भेजिए, कार्रवाई होगी।

शिकायतकर्ता के अनुसार कोलार क्षेत्र में भी गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। पानी का न कभी ट्रीटमेंट होता है और न कभी फिटकरी और क्लोरीन डाली जाती है। लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। कई शिकायतों के बाद भी कोई सुधार नहीं हो रहा है।

### निगम ने 241 स्थानों से लिए पानी के सैंपल


**132 स्थानों पर सीवेज चेम्बर भी साफ कराए**



टैकर के वाहन से पानी का सैंपल लेती कर्मचारी।

नगर निगम की अलग-अलग टीमों ने सोमवार को पानी के 241 सैंपल लिए और उनकी जांच की। इसके अलावा 223 लीकेज सुधारे गए और 132 स्थानों पर सीवेज के चैंबर साफ करवाए। विभिन्न माध्यमों से मिलीं 21 शिकायतों का निराकरण किया गया। महापौर मालती राय के निर्देश एवं निगम आयुक्त संस्कृति जैन के आदेश पर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के दलों ने शहर की झुग्गी बस्तियों से 233 सहित शहर के अन्य स्थानों से कुल 241 जल के नमूने लेकर गंध, रंग, स्वाद, रेसिडुअल क्लोरीन, पीएच, टरबीलिटी व बैक्टेरियल की जांच 8 परीक्षणशालाओं के माध्यम से कराई, जिसमें रेसिडुअल क्लोरिन पर्याप्त मात्रा में पाई गई साथ ही अन्य सभी मानक उपयुक्त पाए गए।

## शहर में लगे वॉल्व चैंबर भी गंदे पानी में डूबे, तीन से चार फीट तक गंदगी



इस तरह गंदगी से पटे पड़े हैं चैंबर।

**कहीं खुले हैं तो कहीं लोहे के ढक्कन से कवर्ड**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के बाद नगर निगम भोपाल ने भले ही गंदे पानी, सीवेज और लीकेज को सुधारने में जुट गया हो, लेकिन ओवरहैड टैंकों के पास जल प्रदाय के लिए बने वाल्व चैंबर गंदगी से पटे हैं। कई जगह तो इनमें बदबूदार पानी भरा हुआ है और पालिथीन व अन्य सामग्री पड़ी है। जहां यह चैंबर लोहे से कवर्ड हैं वहां भी पूरा चैंबर गंदगी से भरा हुआ है। निगम प्रशासन का तर्क है वाल्व चैंबर की सफाई करवाई जाएगी, लेकिन इससे दूषित पानी सप्लाई होने की कोई गुंजाइश नहीं है।

गोविंदपुरा हाईड्रेंट पर तो वाल्व चैंबर खुला हुआ है। इसमें बदबूदार पानी भरा है। जबकि अन्य सामग्री से भी यह वाल्व पटा हुआ है। इसी गंदगी के बीच वाल्व मैन पानी सप्लाई के लिए वाल्व खोलते हैं। ऐसे में यह पानी या इसकी कुछ मात्रा सप्लाई के साथ घरों में पहुंचने की आशंका रहती है। हालांकि इस सवाल पर निगम के जिम्मेदारों का कहना है कि वाल्व पूरी तरह से एयर वाल्व है।

**अधिकांश वॉल्व चैंबर गंदगी से ही पटे हैं**

गोविंदपुरा, अशोका गार्डन, एमपी नगर, काजी कैंप, छोला, भानपुर, करोंद, बाग फरहत अफजा सहित शहर के अधिकांश इलाकों में वाल्व चैंबरों में पानी और गंदगी भरी है। वाल्व मैन पानी सप्लाई के लिए वाल्व तो खोलते हैं, लेकिन इनकी सफाई करवाने की ओर जिम्मेदारों का ध्यान नहीं है।

### पीएचई की लैब में पानी की 16 जाचें

# स्टैंडर्ड पोर्टेबिलिटी टेस्ट करवा रहा निगम, हेवी मैटल टेस्ट नहीं

***निगम पानी के सैंपल लेकर गंध, रंग, स्वाद, पीएच, व बैक्टेरियल की करवा रहा जांच***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों की घटना के बाद निगम प्रशासन ने शहर में रोजाना 300 से ज्यादा अलग-अलग क्षेत्रों से पानी के सैंपल लेकर जांच करना तो शुरू की, लेकिन निगम की टीमें स्टैंडर्ड पोर्टेबिलिटी टेस्ट कर रही हैं जिसमें गंध, रंग, स्वाद, रेसिडुअल क्लोरीन, पीएच, टरबीलिटी व बैक्टेरियल की जांच शामिल है। इसमें हैवी मेटल की जांच शामिल नहीं है जबकि आम लोगों के पीएचई की लैब में 16 प्रकार की जांच करने की सुविधा है।

नगर निगम प्रशासन का कहना है कि पानी के स्टैंडर्ड पोर्टेबिलिटी टेस्ट करवाए जा रहे हैं। इसकी वर्तमान में जरूरत है। इसमें सभी जरूरी जाचें हो जाती हैं। नगर निगम की टीमें पानी के सैंपल की रोज इसी तरह जांच कर रही हैं। जिसमें रेसिडुअल क्लोरीन की पर्याप्त मात्रा अब तक ठीक पाई गई है इसके साथ ही अन्य सभी मानक उपयुक्त पाए गए। हालांकि विशेषज्ञ निगम द्वारा पानी के सैंपल की कर रहे जांच पर सवाल उठा रहे हैं। क्योंकि निगम के सैंपल की रिपोर्ट तीन से पांच घंटे में मिल रही है, जबकि सभी जरूरी जाचों के लिए सैंपल लैब में देने के तीन से पांच दिन रिपोर्ट मिलने में लगते हैं।

इस संबंध में नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि पानी के सैंपल का स्टैंडर्ड पोर्टेबिलिटी टेस्ट करवाया जा रहा है। इसमें पानी की सभी जरूरी जांचें हो जाती हैं। ताकि कोई भी गड़बड़ी नजर आ जाए।

**पीएचई की लैब में आम लोगों के लिए यह 16 जाचें जरूरी**

ओडोर, कलर, पीएच, टोटल डिसॉव्ल्ड सालिडस, टरबीलिटी, टोटल अल्कालिनी, टोटल हार्डनेस,रेसिडुअल क्लोरीन, क्लोराइड, सल्फेट, आयरन, टोटल अर्सेनिक, फलोराइड, निटरेट, टोटल कोलीफार्म बैक्टीरिया, ई कोली और थर्मो टोलरेंट कोलीफार्म बैक्टीरिया।

### असहज व्यवहार की शिकायत का आव्हान

# एसपीएमः महिला सुरक्षा एवं चुनौतियां विषय पर वर्कशॉप



जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद कॉलेज का स्टाफ एवं छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज में महिला उत्पीड़न निवारण समिति के तत्वावधान में कार्यस्थल पर महिला सुरक्षा एवं चुनौतियां विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम हुआ। शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना ने किया। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे किसी भी प्रकार के उत्पीड़न अथवा असहज व्यवहार से संबंधित शिकायत को बिना संकोच संबंधित समिति के समक्ष प्रस्तुत करें।

**विशाखा गाइडलाइंस को समझाया**

मुख्य वक्ता डॉ. माधवी लता दुबे, वरिष्ठ प्राध्यापक, समाजशास्त्र, शासकीय हमीदिया प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, भोपाल ने विशाखा गाइडलाइंस तथा उनके आधार पर निर्मित अधिनियम, 2013 की पृष्ठभूमि और महत्व को विस्तार से समझाया। संचालन एवं आभार प्रदर्शन प्रो. निशा यादव द्वारा किया गया।

# उमरियापान में सभी वार्डों का नाम परमवीर चक्र

### देश की पहली नगर परिषद का तमगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के कटनी जिले की ढ़ीमरखेड़ा तहसील में नवगठित नगर परिषद उमरियापान देश की ऐसी पहली नगर परिषद बन गई है, जहां नगरपरिषद के सभी 15 वार्डों का नाम परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर है। मप्र के गजट में 31 दिसंबर 2025 को विधिवत तौर पर वार्डों के विस्तार क्षेत्र और नामकरण की अधिसूचना का प्रकाशन हो गया है। कटनी कलेक्टर आशीष तिवारी की ओर से राजपत्र में प्रकाशित कराई गई अधिसूचना में सभी 15 वार्डों के नाम भारत के अमर शहीदों परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर रखे गए हैं। यह अनोखी पहल अमर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि देने के साथ आने वाली पीढ़ियों में राष्ट्रभक्ति और वीरता की भावना जागृत करने का जीवंत प्रयास है।

कार्यालय सहायक ग्रेड-3 पर दी नियुक्ति

# सांची विवि ने दी अनुकंपा नियुक्ति कुलसचिव ने सौंपा नियुक्ति पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार को सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में भृत्य स्वर्गीय देवकरण गोहिया की पत्नी रविता गोहिया को कार्यालय सहायक ग्रेड 3 के पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी गई। गोहिया का निधन 15 अगस्त 2025 को हो गया था। कुलसचिव प्रो. आरएन गुप्ता ने गोहिया को नियुक्ति पत्र सौंपा। रविता एमए हैं एवं उनकी शैक्षणिक योग्यता और सांची विवि अधिसूचना एवं मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग परिपत्र के आधार पर उन्हें भृत्य की जगह कार्यालय सहायक ग्रेड-3 पर नियुक्ति दी गई। रविता गोहिया को परिवीक्षा अवधि के दौरान सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण कर कंप्यूटर डिप्लोमा विवि में प्रस्तुत करना होगा। कुलगुरु प्रो. वैद्यनाथ लाभ एवं कुलसचिव प्रो. आरएन गुप्ता ने रविता को नियुक्ति प्रदान किए जाने पर बधाई दी।

### छोटी मूर्तियों से लेकर शिवलिंग और रुद्राक्ष-भगवान की पोशाक, हर प्रकार की पूजन सामग्री मौजूद

# भोपाल उत्सव मेले में हर धार्मिक सामान किफायती दामों पर उपलब्ध



भगवान की श्रृंगार सामग्री की मेले में एक दुकान।

**टीटी नगर दशहरा मैदान में बिखरी रोनक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर दशहरा मैदान में चल रहे भोपाल उत्सव मेले में गजब की रोनक देखने को मिल रही है। मंदिरों की सजावट के लिए भगवान श्रीकृष्ण के वस्त्र, बांसुरी, मोरपंख, मुकुट और बेलपत्र, नाग-नागिन जोड़ा, त्रिशूल, डमरू और शिवलिंग की खास रेंज भक्तों को आकर्षित कर रही है। पूजा की तमाम सामग्री मेला स्टाल पर उपलब्ध है। धार्मिक आइटम किफायती दामों पर उपलब्ध कराए गए हैं। छोटी मूर्तियों से लेकर बड़े शिवलिंग और रुद्राक्ष, तांबे का लोटा, गंगाजल, सिंदूर, रोली और मौली (कलावा), श्रृंगार और पूजन हेतु कच्चा सूत, अगरबत्ती, दीपक, घी और बाती, स्नान और श्रृंगार पीले या लाल वस्त्र, लकड़ी की चौकी और उस पर बिछाने के लिए नया लाल या पीला कपड़ा हर प्रकार की पूजन सामग्री मेले में उपलब्ध है। इस बाजार में आपको न सिर्फ पूजा सामग्री सस्ते में मिलेगी, बल्कि यहां से आप कम कीमत में एक से एक जरूरत और डेकोरेशन के समान भी खरीद सकती हैं। ऐसे में घर की सजावट से लेकर लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति, पूजा की थाली, भगवान की पोशाक, भगवान के श्रृंगार का सामान, दीपक और कई तरह की पूजा सामग्री की जरूरत होती है। लेकिन ये सब खरीदना अक्सर महंगा पड़ जाता है।

**भगवान की पोषाक भी उपलब्ध**

मेला समिति के महामंत्री सुनील जैनाविन ने बताया कि मेला स्थल पर लगे स्टाल पर भगवान की मूर्तियां, उनके श्रंगार का सामान, पूजा सामग्री के साथ-साथ यहां मंदिर की सजावट का सामान भी मिल जाएगा। आप यहां से भगवान के बर्तन, पाटा, मंदिर में बिछाने वाले कपड़े आदि सभी कुछ खरीद सकते हैं। यहां आपको भगवान जी की पोशाके भी मिल जाएंगी। अगर आप इस मेले में जा रही है, तो आपको साधारण से लेकर डिजाइनर शुभ-लाभ, बंधनवार, मालाएं और भगवान की फोटो आदि सभी कुछ किफायती रेट्स में मिल जाएगा। लोग बड़ी संख्या में भगवान के चरण, और अन्य धार्मिक प्रतीक खरीद रहे हैं।



मेले में बड़ी संख्या में रोजाना पहुंच रहे हजारों लोग।

**यहां खरीद सकते हैं कपड़े और दूसरे सामान**

जैनाविन ने कहा कि मेले में यहां आपको कपड़ों और दूसरे सामान की भरपूर वैरायटी मिल जाएगी। मेले में लगे स्टॉल्स पर ट्रेंडी विंटर वियर, हैंडमेड शॉल, जैकेट, स्वेटर और एथनिक ड्रेसेस किफायती दामों पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा बैग, ज्वेलरी, होम डेकोर, खिलौने और क्राफ्ट आइटम भी आसानी से खरीदे जा सकते हैं। हर स्टॉल पर कुछ न कुछ यूनिक मिलता है, जिससे शॉपिंग का मजा और बढ़ जाता है। अगर आप फैशन और बजट दोनों को ध्यान में रखते हुए खरीदारी करना चाहते हैं, तो यहां एक बार जरूर आएं,क्योंकि मेले का अवधि 11 जनवरी तक बढ़ा दी गई है।

# महिला सेल्समैन से होटल में दुष्कर्म, फोटो वायरल करने की धमकी देकर कर रहा था दैहिक शोषण

पहले से शादीशुदा है कंडक्टर, पूर्व में दर्ज हैं आपराधिक मामले

**पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने साफ इंकार कर दिया**

**मोबाइल पर कुछ अश्लील फोटो और वीडियो बना लिया था**



हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

अशोका गार्डन पुलिस ने 38 साल की महिला सेल्समैन की शिकायत पर बस कंडक्टर पर दुष्कर्म, दैहिक शोषण और ब्लैकमेल करने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी ने विधवा महिला को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए, फिर उसके अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 38 साल की महिला सेल्समैन का काम करती हैं। पति की मौत हो चुकी है। उनके 16 और 14 साल के दो बच्चे हैं। दो साल पहले उनकी मुलाकात विदिशा में रहने वाले गोलू उर्फ नेतराम से हुई। नेतराम बस में कंडक्टर है। मुलाकात के बाद दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया। इस बीच नेतराम ने साल 2024 में शादी करने का प्रलोभन देकर महिला से अशोका गार्डन की एक होटल में लेजाकर शारीरिक संबंध बनाए। इसी दौरान मोबाइल पर कुछ अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए। इसी फोटो और वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर वह महिला से लगातार संबंध बनाने लगा और ब्लैकमेल करने लगा। पिछले दिनों पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने साफ इंकार कर दिया। पीड़िता को पता चला कि वह पहले से शादीशुदा है। उसके खिलाफ चार-पांच प्रकरण भी दर्ज हैं।

### नर्स के साथ दुष्कर्म, आरोपी ने की दूसरी शादी

गौतम नगर पुलिस ने बताया कि मूलरूप से जिला बैतूल निवासी 25 साल की युवती यहां चौकसे नगर में रहती है और कोहेफिजा के एक निजी अस्पताल में नर्स है। इसी अस्पताल में रजनीश वर्मा मेल नर्स का काम करता है। एक ही अस्पताल में होने की वजह से दोनों के बीच दोस्ती हुई और फिर प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया। जनवरी 2021 में रजनीश ने युवती के घर जाकर उसे शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा दिया था। उसके बाद दोनों निशातपुरा और टीला इलाके में किराए का मकान लेकर लिव-इन में रहने लगे। आरोपी ने कई बार युवती के साथ संबंध बनाए। इस बीच युवती की नौकरी किसी दूसरे शहर में लग गई। इधर, आरोपी के माता-पिता ने रजनीश की शादी किसी और युवती से कर दी। यह बात पीड़िता को पता चली तो वह भोपाल लौट आई और आरोपी के घर पहुंचकर हंगामा कर दिया। पहले तो आरोपी ने कहा कि वह अपनी पत्नी को छोड़कर उससे शादी कर लेगा, लेकिन फिर शादी करने से साफ इनकार कर दिया। तब पीड़िता ने थाने जाकर आरोपी रजनीश वर्मा के खिलाफ दुष्कर्म, दैहिक शोषण व एससी-एसटी की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज करा दिया।

# रातीबड़ और टीटी नगर में दो युवकों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित सेमरी बाजयाफ्ता गांव में रहने वाले युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि विनोद अहिरवार पिता रामनारायण (35), सेमरी बाजयाफ्ता में रहता था और किराने के दुकान पर काम करता था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा तीन बच्चे है। सोमवार सुबह पत्नी ने उसे फंदे पर लटका देखा। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग घर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही पत्नी बयान देने की स्थिति में नहीं है। पुलिस का कहना है कि परिजन के बयान दर्ज किए जाएगे।

### घर में लगाई फांसी

इधर, टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित मद्रासी कॉलोनी में एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि रवि जाधव (37) मद्रासी कॉलोनी में रहता था। वह पुताई करने का काम करता था। पिछले पांच दिन से उसको काम नहीं मिला था। वह शराब पीने का आदी था। उसकी शादी नहीं हुई थी। रविवार को वह खाना खाकर सो गया था। सुबह भाई ने उसे फंदे पर लटका देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## खबर संक्षेप

### पवन जोत को प्रत्याशी बनाने की मांग



**औबेदुल्लागंज।** भाजपा नेता पवनजोत सिंह युवाओं में ज्यादा सक्रिय हैं और विधायक पटवा के वफादार हैं। पवन जोत सिंह को नगर परिषद का प्रत्याशी बनाया जाता है तो क्षेत्र का विकास तेजी से होगा। जीतू नंदवंशी, नंदू शर्मा, वागिश अग्रवाल, मनजीत सिंह, लखविंदर सिंह, सर्वेश गौर आदि ने पवनजोत सिंह को नगर परिषद के अध्यक्ष चुनाव में प्रत्याशी बनाने की मांग की है।

### दीपक की विस चुनाव लड़ने की तैयारी



**औबेदुल्लागंज।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता दीपक दुबे ने सोमवार को बताया कि मैं भोजपुर विधानसभा से चुनाव लड़ने की तैयारी में लगा हूं। उन्होंने बताया कि भोजपुर क्षेत्र में आम आदमी पार्टी के लगभग 8000 सदस्य बने हैं।

### बच्चियों से शराब की बिक्री, आबकारी अधिकारी से जवाब तलब




**भोपाल।** राजधानी के बैरसिया रोड पर तरावली रोड स्थित मजरे टोले पर रहने वाले पादरी समुदाय द्वारा बच्चों के जरिये देशी शराब की बिक्री कराए जाने के मामले में मानव अधिकार आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग के संज्ञान में आया है कि पादरी समुदाय के लोग अपनी झोपड़ियों में भट्टियों पर देशी शराब बनाते है और इनके परिवारों की महिला भट्टियों पर शराब तैयार करती हैं। इसके बाद अपने बच्चों के जरिये शराब की बिक्री की जाती है। मामले आयोग ने जिला आबकारी अधिकारी को जांच कराकर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1627 | | |
| दिन: | 235 | 04 | 248 |
| रात: | 148 | 37 | 179 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 135 | 91 | 560 |
| रात: | 678 | 11 | 470 |

## पुलिस ने मामला दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया

# आंबेडकर नगर मल्टी में न्यू ईयर पार्टी में विवाद... इलाज के दौरान युवक की मौत

**महिला पुलिसकर्मी की बेटी का जन्म दिन मनाने हरियाणा से आए थे युवक**

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल



मृतक के परिजनों ने चक्काजाम कर किया विरोध प्रदर्शन।

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित आंबेडकर नगर मल्टी में एक जनवरी को नए वर्ष के जश्न में पटाखे जलाने की बात को लेकर हुए विवाद में महिला पुलिसकर्मी के पति सहित उसके पांच दोस्तों ने मिलकर युवकों से मारपीट कर दी। इस दौरान आरोपियों ने डंडे से हमला किया था। सिर पर जोरदार डंडा लगने से एक युवक मौके पर ही गिर गया। खून अधिक बहने से उसकी हालत नाजुक थी। चार दिन चले इलाज के बाद सोमवार सुबह मौत हो गई। पुलिस ने उक्त मामले में महिला पुलिसकर्मी के पति और फौजी सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। युवक की मौत के बाद आरोपियों के खिलाफ हत्या की धाराएं बढ़ाई गई है।



विरोध प्रदर्शन के परिजनों को समझाइश देती पुलिस।

पुलिस के अनुसार जतिन पाठक (20) आंबेडकर नगर मल्टी में रहता था और प्राइवेट काम करता था। इसी इलाके में सुमित राउत (20) भी रहता है। गत 1 जनवरी की रात जतिन पाठक, सुमित राउत और उसके दोस्त मल्टी के नीचे नए वर्ष का जश्न मनाने के बाद अलाव जलाकर अलाव ताप रहे थे। इसी दौरान मल्टी में रहने वाला प्रकाश, पड़ोस में किराए से रहने वाली आर्मी मैन अमित और उसके दोस्त सुनील कुमार, मनीष, राहुल के साथ बेटी की बर्थ-डे पार्टी मनाने के बाद पटाखे जला रहे थे। वे फर्स्ट फ्लोर से पटाखे जलाकर नीचे फेंक रहे थे। इस पर जतिन और साथियों ने विरोध किया। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया और प्रकाश सहित उसके साथी घर से डंडे लेकर नीचे पहुंच गए। आरोपियों ने जतिन और उसके साथियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। डंडे से एकाएक हमला होने पर जतिन के साथ मौके से भाग निकले, जबकि जतिन पाठक के सिर पर डंडा लग गया। सिर पर जोरदार डंडा लगने से वह मौके पर ही गिर गया था। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई।

### गिरने के बाद भी डंडे से पीटा

मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में हट्टे-कट्टे युवक हाथ में डंडा लेकर घूमते नजर आ रहे है, जबकि जतिन पाठक पड़ा हुआ नजर आ रहा है। वह तड़प रहा था और काफी खून बह चुका था। बावजूद इसके आरोपियों ने उसके साथ बर्बरता करते हुए डंडे से फिर मारपीट की।

### ट्रेनिंग पर आया है अमित

पुलिस ने उक्त मामले में आरोपी प्रकाश, अमित, मनीष, सुनील कुमार और राहुल के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि अमित आर्मी में पदस्थ है। वह भोपाल में बड़े तालाब में चल रहे नौका प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए भोपाल आया हुआ है और आंबेडकर नगर मल्टी में किराए से रह रहा है। अमित के दोस्त मनीष, सुनील कुमार और राहुल हरियाणा के रहने वाले हैं और वह उज्जैन महाकाल के दर्शन करने आए थे। इस दौरान भोपाल आकर अमित के रूम पर रुके थे।

### रहवासियों ने किया चक्काजाम

सोमवार सुबह जतिन की मौत के बाद परिजन शव का पीएम कराने के बाद घर ले आए। दोपहर में परिजन और रिश्तेदार सहित पड़ोसी भदभदा विश्राम घाट के लिए निकले। इससे पहले चौराहा पर परिजन ने चक्काजाम कर दिया। परिजन का कहना था कि आरोपी प्रकाश की पत्नी पुलिस विभाग में है। लिहाजा पुलिस उसका संरक्षण कर रह है। उनकी मांग थी कि प्रकाश की पत्नी को भी आरोपी बनाया जाए। इधर पुलिस का कहना है कि विवाद के समय प्रकाश की पत्नी ड्यूटी पर थी। वह ड्यूटी से लौटी और स्कूटर से घायल जतिन को अस्पताल लेकर गई थी। वह मारपीट में शामिल नहीं थी।

**पटवारी ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला बोला, कहा- किसान विरोधी है सरकार**

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भोजपुर से शुरू की 'किसान जन आंदोलन यात्रा'

हरिभूमि न्यूज >> मंडीदीप

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोमवार को रायसेन जिले की भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में भोजेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण से प्रदेश किसान कांग्रेस द्वारा आयोजित 'किसान जन आंदोलन यात्रा' का शुभारंभ किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे।

यात्रा के शुभारंभ से पहले जीतू पटवारी ने भोजेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। सभा को संबोधित करते हुए पटवारी ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 20 वर्षों से भाजपा की सरकार है, जिसमें 18 वर्ष शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री रहे और अब केंद्रीय कृषि मंत्री हैं। उनके संसदीय क्षेत्र विदिशा सहित पूरे प्रदेश में किसान शोषित हैं। किसानों को नकली खाद-बीज मिल रहे हैं, फसल बीमा के नाम पर लूट हो रही है और उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा। भाजपा ने घोषणा पत्र में किसानों से गेहूं, धान और सोयाबीन की जो एमएसपी देने की बात कही उससे सरकार मुकर गई।



'किसान जन आंदोलन यात्रा' को संबोधित करते जीतू पटवारी।

### प्रदेशभर में निकाली जा रही यात्रा

पटवारी ने कहा कि इन मुद्दों को लेकर मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस प्रदेशभर में यह यात्रा निकाल रही है, जो किसानों की आवाज को बुलंद करेगी। रायसेन जिले में यात्रा का पहला दिन भोजपुर से शुरू होकर लोरकापिपलिया, सतलापुर, मंडीदीप होते हुए दाहोद में रात्रि विश्राम के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान मंडीदीप में यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान, सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल, पूर्व विधायक उदयपुरा देवेंद्र पटेल, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष रणजीत सिंह रघुवंशी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दीपेश मीणा सहित यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई और अन्य इकाइयों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण अमले ने शक्ति नगर में ढहाया अवैध पक्का निर्माण

**भोपाल।** नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने सोमवार को शक्ति नगर में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बने पक्के निर्माण को जेसीबी से ढहाने की कार्रवाई की। निगम के अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई मंगलवार को भी जारी रहेगी। यहां कम्पाउंडिंग की आढ़ में अवैध निर्माण कर लिया गया था, जिसकी शिकायत निगम को मिली थी। निगम के अतिक्रमण अमले ने भवन अनुज्ञा शाखा के नोटिस के बाद अतिरिक्त निर्माण को तोड़ा।



नगर निगम का अमला अवैध निर्माण तोड़ता हुआ।

# भव्य कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

अर्जुन नगर स्थित शिव मंदिर में हो रही कथा

हरिभूमि न्यूज >> औबेदुल्लागंज

अर्जुन नगर स्थित शिव मंदिर से सोमवार को कलश यात्रा प्रारंभ हुई, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल पर पहुंची। शिव मंदिर पर कथा व्यास पीठ पर कलश की स्थापना कर शिव महापुराण कथा का शुभारभ किया गया।

सोमवार को मंगल कलश यात्रा में पूर्व नपा अध्यक्ष हरप्रीत कौर बिट्टू, त्रिलोचन सिंह बिट्टू, वचन लोधी ने कथा पुराण को अपने सिर पर लेकर चले। शिव महापुराण कथा का आयोजन भोजपुर नारी शक्ति समिति प्रभात फेरी मंडल एकादशी ग्यारस महिला मंडल के तत्वावधान में किया जा रहा है। संरक्षक अनीता पांडे, अध्यक्ष आरती यादव ने बताया कि संगीतमय शिव महापुराण कथा दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगी। यह कथा 7 दिन तक चलेगी। कलश यात्रा में नपा अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि इंग्लैश यादव, पूर्व नपा अध्यक्ष एवं वर्तमान नपा अध्यक्ष नृत्य करते हुए चले। इस अवसर पर आनीता पांडे, सुनीता सैनी, कुसुम पटवा, राजाबाई, बबली शर्मा, मल्होत्रा यादव, पुजा लोधी, प्रियंका गुप्ता एवं कथावाचक राजेंद्र शास्त्री मौजूद रहे।



शिव महापुराण कथा से पूर्व कलश यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु।

### ग्रामीण क्षेत्र के नेता को बनाया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष

**औबेदुल्लागंज।** प्रेम तालाब पंचायत के इमरत सिंह दरबार के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनने से औबेदुल्लागंज के नेता कतार में रहे, मगर ब्लॉक अध्यक्ष नहीं बन पाए। कांग्रेस ने गुटबाजी खत्म करने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के नेता को ब्लॉक कांग्रेस की जिम्मेदारी दी, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में हर्ष है। वहीं औबेदुल्लागंज के कई नेता जो ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष बनने की राह देख रहे थे वे असमंजस में है कि कांग्रेस का यह पद ग्रामीण क्षेत्र में कैसे गया। किसान ब्लॉक अध्यक्ष सूरजमल गौर भी ग्रामीण क्षेत्र से ही नियुक्त हुए हैं। इससे कांग्रेस ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत आएगी।

# पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने की मांग को लेकर बैंक कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**यूनाइटेड फोरम ऑफ़ बैंक यूनियंस के नेतृत्व में अरेरा हिल्स में किया प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करो की मांग को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ़ बैंक यूनियंस के नेतृत्व में राजधानी भोपाल के सैकड़ों बैंक कर्मचारी और अधिकारियों ने यूको बैंक जोनल ऑफिस अरेरा हिल्स भोपाल के सामने एकत्रित होकर अपनी मांग को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इसके बाद सभा को फोरम में शामिल बैंक यूनियंस के पदाधिकारियों वीके शर्मा, दिनेश झा, प्रवीण मेघानी, दीपक रत्न शर्मा, अविनाश धमेजा, निर्भय सिंह ठाकुर, सुनील सिंह, संजय अहिरवार, सुमित मिश्रा, नजीर कुरेशी, सुबिन सिन्हा, संदीप चौबे, जेपी झवर आदि ने संबोधित किया।

वक्ताओं ने बताया कि यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने बैंक की शाखा और कार्यालयों में कार्यरत बैंकिंग उद्योग के 10 लाख बैंक कर्मचारी और अधिकारियों पर बढ़ते तनाव और दबाव के कारण पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह शुरू करने की मांग की थी। वर्ष 2015 में बैंक कर्मचारी और अधिकारियों के साथ हुए द्विपक्षीय समझौते में यह तय हुआ था कि हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को छुट्टी होगी और इसके बदले बाकी शनिवार, जिनमें आधा दिन बैंकों का कामकाज होता था, उनमें पूरे दिन का कामकाज होगा।



अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते बैंक कर्मचारी।

# शारिक मछली के गुर्गों का हथाईखेड़ा डेम पर कब्जा

कृषि स्थाई समिति की बैठक में रखा मुद्दा

**ठेका निरस्त होने के बाद भी मछली पकड़ने का काम जारी**

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

हथाईखेड़ा डेम का ठेका निरस्त होने के बाद भी शारिक मछली के गुर्गों का डेम पर कब्जा बरकरार है। शारिक के कर्मचारी डेम से मछली पकड़कर उसे बाजार में बेच रहे हैं, जबकि मत्स्य विभाग के अफसर इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। यह बात सोमवार को कलेक्टोरेट में रखी गई कृषि स्थाई समिति की बैठक में सामने आई। जिस पर जवाब देते हुए जिला मत्स्य अधिकारी शीरीश अग्निहोत्री ने कहा कि मछली पकड़ने का ठेका निरस्त होने के बाद तालाब से मछली पकड़ने का काम बंद है। अगर कोई मछली पकड़ते पाया जाएगा तो कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में डिप्टी डायरेक्टर कृषि सुमन प्रसाद ने एजेंडा पेश किया। जिस पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन जाट ने कहा कि शारिक मछली परिवार के मछुआरों के द्वारा मछली पकड़ने का काम जारी है, जबकि विभाग द्वारा रोक लगाई गई है फिर भी अवैध तरीके से मछलियां पकड़ी जा रही हैं। इधर सहायक संचालक उद्यान राजकुमार सगर ने बताया कि अनाज उद्योग, मसाला उद्योग, फल, सब्जी से जुड़े उद्योग लगाने के लिए अनुदान दिया जाता है।



कृषि स्थाई समिति की बैठक में चर्चा करते हुए।


**जेल अधीक्षक ने कहा, कोई गंभीर बीमारी नहीं**

# यासीन मछली को देर रात हमीदिया अस्पताल से डिस्चार्ज कर केंद्रीय जेल भेजा, नहीं है कोई गंभीर बीमारी

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

दुष्कर्म और एमडी ड्रग्स तस्करी मामले में जेल में बंद आरोपी यासीन मछली को रविवार रात हमीदिया अस्पताल से डिस्चार्ज कराकर केन्द्रीय जेल भेज दिया गया। करीब 11 दिन पहले उसे इलाज के लिए जेल से अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सुर्खियों में खबर आने के बाद यासीन मछली को जेल लौटाया गया।

दूसरी ओर जेल प्रबंधन का कहना है कि यासीन मछली को कोई गंभीर बीमारी नहीं है। इस बात की लिखित जानकारी कोर्ट को दी गई थी। जेल अधीक्षक राकेश भांगरे के मुताबिक विचाराधीन बंदी यासीन मछली को यूरिन में साधारण इंफेक्शन की शिकायत थी। जेल अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। उसे आराम भी मिल गया था। विगत 24 अक्टूबर को कोर्ट से लिखित आदेश जारी हुआ कि यासीन मछली को फौरन चेकअप के लिए हमीदिया अस्पताल भेजा जाए। उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कर लिया गया। उसे किसी बीमारी के चलते भर्ती किया गया था, इसकी कोई लिखित जानकारी जेल प्रशासन को नहीं दी गई। इस बीच हमीदिया अस्पताल से रविवार रात सूचना मिली कि यासीन मछली को डिस्चार्ज कर दिया गया है। इसके बाद उसे दोबारा जेल दाखिल कर लिया गया।



यासीन मछली को अस्पताल से ले जाते हुए।

### क्राइम ब्रांच ने चाचा-भतीजे को किया था गिरफ्तार

*गौरतलब है कि क्राइम ब्रांच ने 18 जुलाई 2025 को सैफ और शाहरुख नाम के दो ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार कर एमडी बरामद किया गया था। पूछताछ में उन दोनों ने यासीन मछली और उसके चाचा शाहवर अहमद उर्फ मछली के नाम का खुलासा किया। इसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।*

## आचार्य पाणिग्रही ने मां शशि गुरुकुल एकादश को हराया

# धोती-कुर्ता में खिलाड़ियों ने जड़े चौके-छक्के, संस्कृत में कॉमेंट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महर्षि मैत्री क्रिकेट-6 प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को पारंपरिक वातावरण में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल के डायरेक्टर प्रो. हंसधर झा एवं डिप्टी डायरेक्टर प्रो. गोविन्द पांडेय की विशेष रूप से उपस्थिति में किया गया। प्रतियोगिता की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि मैच की उद्घोषणा पूर्णतः संस्कृत भाषा में की जा रही है तथा सभी खिलाड़ी पारंपरिक धोती-कुर्ता पहनकर मैदान में उतर रहे हैं, जिससे भारतीय संस्कृति और खेल का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। अतिथियों ने संस्कृत एवं भारतीय परंपरा से जुड़े इस अनूठे आयोजन की सराहना करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उद्घाटन दिवस पर पहला मुकाबला पाणिनि गुरुकुल एवं मां शशी गुरुकुल के मध्य खेला गया, जिसमें पाणिनि गुरुकुल ने विजय प्राप्त की। इस मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दीपेश को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

वहीं, दूसरा मुकाबला गांधी नगर एवं हिंगलाज टीम के बीच हुआ, जिसमें गांधी नगर की टीम विजयी रही। इस मैच में शानदार खेल के लिए मयंक को मैन ऑफ द मैच चुना गया।



**महर्षि मैत्री क्रिकेट-6 प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ**

पारंपरिक धोती-कुर्ता पहनकर मैदान में उतरे खिलाड़ी।

### प्रतियोगिता में 27 टीमें ले रहीं हिस्सा

इस प्रतियोगिता में कुल 27 टीमें भाग ले रहीं हैं। इनमें प्रमुख रूप से पाणिनि गुरुकुल, मां शशी गुरुकुल, गांधी नगर, हिंगलाज, सहित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली, रामटेक (नागपुर), उज्जैन, इंदौर, जबलपुर, विदिशा, रायसेन, सीहोर, बाड़ी, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, गुना एवं भोपाल की विभिन्न टीमें शामिल हैं।





संस्कृत में कॉमेंट्री करते हुए।

### ये रहे मैच में सर्वश्रेष्ठ

| मैच | विजेता | मैन ऑफ द मैच |
|---|---|---|
| आचार्य पाणिग्रही विरुद्ध मां शशि गुरुकुल एकादश | आचार्य पाणिग्रही | दीपेश |
| हिंगलाज एकादश विरुद्ध गांधीनगर एकादशी | गांधीनगर | मयंक |
| मां नर्मदा खंड विरुद्ध बाहुबली एकादश | बाहुबली एकादशी | अमित तिवारी |
| बागेश्वर ब्लास्ट विरुद्ध वेंकटेश्वर बालाजी | वेंकटेश बालाजी | आशीष |
| रीवा एकादश विरुद्ध विश्वनाथ एकादशी | रीवा एकादशी | राघवेंद्र |

### प्रतिदिन पांच मुकाबले, फाइनल 9 को

प्रतियोगिता में प्रतिदिन 5 मुकाबले खेले जाएंगे तथा फाइनल मुकाबला 9 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में विजेता टीम को रु. 25,000 नगद पुरस्कार एवं सील्ड पुराण प्रदान किए जाएंगे। वहीं मैन ऑफ द मैच खिलाड़ियों को संस्कृत से संबंधित पुस्तकें एवं ग्रंथ भेंट किए जाएंगे। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य संस्कृत भाषा, वैदिक परंपरा एवं शास्त्रों के प्रचार-प्रसार के साथ युवाओं को भारतीय संस्कृति से जोड़ना है। परशुराम कल्याण बोर्ड, मध्यप्रदेश के अध्यक्ष पंडित विष्णु राजौरिया इस प्रतियोगिता के संयोजक हैं। आयोजन वैदिक ब्राह्मण युवा कल्याण समिति, भोपाल द्वारा किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष पंडित अभिषेक दुबे, सचिव अंकुर पाण्डेय एवं कोषाध्यक्ष अवनीश त्रिवेदी अभिषेक सुनील उपाध्याय अभिषेक दुबे हैं।



मंत्री सारंग धोती-कुर्ता में मैच का शुभारंभ करते हुए।

### मंत्री सारंग ने धोती-कुर्ता पहनकर खेली क्रिकेट

कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग की उपस्थिति से खिलाड़ियों का उत्साह दोगुना हो गया।



मंत्री सारंग ने स्वयं धोती-कुर्ता में मैदान में उतरकर चौके-छक्के लगाते हुए खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। वहीं क्षेत्रीय विधायक भगवान दास सबनानी ने भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। पूरे आयोजन में परशुराम कल्याण बोर्ड की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बोर्ड के अध्यक्ष पंडित विष्णु राजौरिया निरंतर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी हिंदू उत्सव समिति के उपाध्यक्ष बच्चन आचार्यभी विशेष रूप से उपस्थित थे।



स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी विद्यार्थी फोटो शूट करते हुए।

## स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के छात्रों का चंदेरी शैक्षणिक भ्रमण

स्कूल ऑफ डिज़ाइन के विद्यार्थियों ने पारंपरिक वस्त्र कला और सांस्कृतिक विरासत को जाना

**भोपाल।** स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) के स्कूल ऑफ डिज़ाइन द्वारा विद्यार्थियों के लिए ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी चंदेरी का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय पारंपरिक वस्त्र कला, हस्तशिल्प एवं स्थानीय संस्कृति से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना था।

### विश्वविद्यालय प्रशासन के मार्गदर्शन

यह शैक्षणिक भ्रमण विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, कुलगुरु डॉ. विजय सिंह, कुलसचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा, डीन एकेडमिक्स डॉ. वी. के. गुप्ता, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. विनोद कुमार शर्मा और स्कूल ऑफ डिज़ाइन की मेघा थापा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### चंदेरी बुनाई और पारंपरिक शिल्प का अनुभव

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने चंदेरी की समृद्ध सांस्कृतिक एवं वस्त्र विरासत को नजदीक से समझा, उन्हें चंदेरी बुनाई की प्रक्रिया सूत्र (यार्न) की तैयारी, रंगाई एवं करघे पर बुनाई की व्यावहारिक जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने स्थानीय बुनकरों एवं कारीगरों से पारंपरिक तकनीकों, शिल्प कौशल और उनके अनुभवों को जाना।

## एमसीयू के प्रो. पवित्र मॉरीशस में प्रस्तुत करेंगे शोध पत्र

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) के प्रो. पवित्र श्रीवास्तव विश्व हिन्दी दिवस 2026 के अवसर पर मॉरीशस में



आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। यह दो दिवसीय सम्मेलन 9 एवं 10 जनवरी को विश्व हिन्दी सचिवालय, मॉरीशस में आयोजित किया जा रहा है। यह सम्मेलन शिक्षा एवं मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारतीय उच्चायोग, मॉरीशस और भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित होगा। सम्मेलन में प्रो. श्रीवास्तव 'हिन्दी शिक्षण में नवाचार एवं संभावनाएं' विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। अंतरराष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन में भारत सहित विश्व के विभिन्न देशों से हिन्दी शिक्षक, हिन्दी सेवी एवं साहित्यकार सहभागिता कर रहे हैं।

## युद्ध के विरुद्ध शांति का सशक्त संदेश देने भारत भवन में पहली बार महाभारत समागम 16 से

### नौ दिवसीय समागम में नाटक, नृत्य-नाट्य, लोक एवं शास्त्रीय प्रस्तुतियां होंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाभारत की शाश्वत कथा को युद्ध नहीं, बल्कि शांति, संवाद और सभ्यतागत विवेक के महाकाव्य के रूप में प्रस्तुत करने वाला देश का पहला और अब तक का सबसे बड़ा सांस्कृतिक आयोजन महाभारत समागम 16 से 24 जनवरी तक के भारत भवन में आयोजित किया जाएगा। नौ दिवसीय इस समागम में नाटक, नृत्य-नाट्य, लोक एवं शास्त्रीय प्रस्तुतियां, कठपुतली समारोह, अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल, चित्र व शस्त्र प्रदर्शनी, चक्रव्यूह संरचना और इमर्सिव डोम थियेटर के माध्यम से युद्ध के विरुद्ध शांति का सशक्त संदेश दिया जाएगा।

वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी ने बताया कि आज पूरी दुनिया युद्ध, हिंसा और टूटती सभ्यताओं के संकट से गुजर रही है। ऐसे समय में महाभारत आत्ममंथन,



श्रीराम तिवारी, न्यासी सचिव

संवाद और करुणा का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण ने युद्ध रोकने के लिए संवाद और विवेक को प्राथमिकता दी। पांच गांव की मांग के माध्यम से उन्होंने यह स्पष्ट किया कि धर्म का मार्ग त्याग और सहमति से होकर जाता है। महाभारत में युद्ध की अनिवार्यता के साथ उसके दुष्परिणामों का भी गहन बोध मिलता है। उन्होंने बताया कि महाभारत युद्ध में 185 से अधिक जनजातियां सम्मिलित थीं, जो इसे केवल एक युद्ध नहीं, बल्कि सभ्यताओं का समागम बनाती हैं।

### अंतरराष्ट्रीय सहभागिता

इस समागम में भारत के साथ इंडोनेशिया, श्रीलंका और जापान के प्रतिष्ठित नाट्य एवं नृत्य समूह अपनी प्रस्तुतियां देंगे। आयोजकों के अनुसार भविष्य में इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तार दिया जाएगा। महाभारत आधारित नाटक व नृत्य-नाट्य अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह 10 चयनित फिल्में कठपुतली समारोह नेपथ्य, अस्त्र-शस्त्र, चक्रव्यूह एवं पताकाओं की प्रदर्शनी महाभारत आधारित चित्र प्रदर्शनी पुस्तकों का लोकार्पण सभ्यताओं की सांस एवं भूली बिसरी सभ्यताएं इमर्सिव डोम थियेटर में महाभारत फिल्म प्रदर्शन नौ दिनों तक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला समागम के अंतर्गत कथकली, छाऊ, ओडिसी, कुचिपुड़ी, यक्षगान, पंडवानी, संस्कृत नाटक, आधुनिक रंगमंच, कठपुतली और समकालीन विमर्श के माध्यम से महाभारत के विविध पक्षों को प्रस्तुत किया जाएगा। महाभारत समागम भारत भवन को नौ दिनों तक वैश्विक सभ्यताओं के संवाद और सांस्कृतिक चेतना का केन्द्र बनाएगा।

## मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी के पुरस्कारों के लिए 2 फरवरी तक कर सकेंगे आवेदन

**भोपाल।** उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग द्वारा उर्दू भाषा की श्रेष्ठ पुस्तकों पर वर्ष 2025 के लिए राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक स्तर के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके लिए 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2025 की अवधि में प्रकाशित पुस्तकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 2 फरवरी निर्धारित की गई है। पुरस्कारों की राशि 51,000 रुपये होगी। इन पुरस्कारों में मीर तकी मीर पुरस्कार (उर्दू शायरी) हकीम कमरूल हसन पुरस्कार उर्दू पत्रकारिता, शोध एवं आलोचना हामिद सईद खां पुरस्कार कहानी, लघु कथा शादां इन्दौरी पुरस्कार निबंध एवं अनुवाद जौहर कुरैशी पुरस्कार हास्य-व्यंग्य इब्राहीम यूसुफ पुरस्कार नाटक, दास्तान शामिल हैं। वहीं प्रादेशिक पुरस्कारों की राशि 31,000 रुपए निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत सिराज मीर खां सहर पुरस्कार उर्दू शायरी बासित भोपाली पुरस्कार कहानी, लघु कथा मोहम्मद अली ताज पुरस्कार रेखाचित्र, रिपोर्ताज़ नवाब सिद्दीक हसन खां पुरस्कार उर्दू पत्रकारिता आदि शामिल हैं।

## महिला उद्यमियों के सशक्तिकरण को लेकर आयोजित होंगे कार्यशालाएं, प्रदर्शनी

### एमएडब्लयूई की वर्ष 2026 की कार्ययोजना पर बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश एसोसिएशन फॉर वीमेन एंटरप्रेन्योर्स एमएडब्लयूई की वर्ष 2026 की कार्ययोजना को अंतिम रूप देने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी वर्ष में महिला उद्यमियों के विकास, प्रशिक्षण एवं व्यवसायिक विस्तार को लेकर कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। संस्था का उद्देश्य महिला उद्यमियों को स्थापित करना, उन्हें उपयुक्त मंच एवं अवसर प्रदान करना और उनके व्यवसाय का राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार करना है।



### 14 मार्च से शुरू होगी प्रदर्शनी

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जनवरी–फरवरी के दौरान महिला उद्यमियों के लिए व्यवसाय विकास, डिजिटल प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन मार्केटिंग एवं विपणन से संबंधित कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही विविधा प्रदर्शनी का आयोजन 14, 15 एवं 16 मार्च को जबलपुर में किया जाएगा।

### वर्षभर होंगी थीम आधारित कार्यशालाएं

बैठक में वर्ष 2026 के दौरान व्यवसाय प्रबंधन, ब्रांड प्रमोशन, वित्तीय प्रबंधन, डिजिटल साक्षरता, महिला स्वास्थ्य, साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यशालाएं आयोजित करने पर सहमति बनी। साथ ही प्रदर्शनियों को थीम आधारित रखने एवं उनके लिए उपयुक्त समय व स्थल चयन पर विशेष जोर दिया गया।

## स्थानीय खेल समाचार

### सीनियर और जूनियर वर्ग में कुल 27 इवेंट होंगे

## राष्ट्रीय ड्रैगनबोट रेस का रोमांच आज से मध्यप्रदेश के 60 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

- देशभर से एक हजार से अधिक खिलाड़ी लेंगे भाग
- सोमवार को खिलाड़ियों ने किया जमकर अभ्यास



**आज से 9 जनवरी तक आयोजित होगी चैंपियनशिप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के छोटे तालाब पर 14वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट सीनियर, जूनियर पुरुष व महिला ड्रैगन बोट चैंपियनशिप मंगलवार से प्रारंभ होने जा रही है। 9 जनवरी तक चलने वाली इस चैंपियनशिप में देशभर के एक हजार से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे है। मेजबान मप्र का भी 60 सदस्यीय दल इसमें भागीदारी कर रहा है। सभी टीमों के खिलाड़ियों ने सोमवार को जमकर अभ्यास किया है। मप्र कयाकिंग एवं कैनोइंग संघ के सचिव मयंक ठाकुर ने बताया कि चैंपियनशिप की तैयारी पूरी कर ली गई है। सभी टीमें भोपाल पहुंच गए है। टीमों के प्रशिक्षकों के साथ अनौपचारिक बैठक आयोजित हो गई है, जिसमें सभी को चैंपियनशिप की विधिवत जानकारी दी गई है। प्रतियोगिता में दो किमी, 500 मीटर और 200 मी. की स्पर्धा होगी।

इसमें सीनियर वर्ग में डी 20 व डी 10 के इवेंट होंगे, वहीं जूनियर वर्ग में सिर्फ डी 10 के इवेंट होंगे। इस चार दिवसीय मुकाबले में रंग बिरंगी ड्रैगन बोट दर्शकों को रोमांचित करेंगे। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में देशभर से 40 से अधिक तकनीकी अधिकारी भी अपनी सेवाएं दे रहे है।

### खेलमंत्री सारंग करेंगे शुभारंभ

प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को शाम चार बजे खेलमंत्री विश्वास कैलाश सारंग करेंगे। इस मौके पर विधायक भगवान दास सबनानी, महापौर मालती राय, भारतीय कयाकिंग एंव कैनोइंग संघ के अध्यक्ष व एशियन कैनो फेडरेशन के अध्यक्ष प्रशांत कुशवाहा, मप्र कयाकिंग एंव कैनोइंग संघ के अध्यक्ष पीएस बुंदेला, सचिव मयंक ठाकुर मौजूद रहेंगे।

### आज यह मुकाबले होंगे

2000 मी. सीनियर वर्ग में पुरुष, महिला व मिक्स डी-10 व डी 20 तथा जूनियर महिला पुरुष व मिक्स में डी-10 के मुकाबले आयोजित होंगे।

**वेस्ट जोन बैडमिंटन टूर्नामेंट में लेगी हिस्सा**



आरएनटीयू की टीम ग्वालियर पहुंची।

## आरएनटीयू की टीम आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर पहुंची

**भोपाल।** वेस्ट जोन बैडमिंटन टूर्नामेंट (पुरुष वर्ग) में भाग लेने रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की बैडमिंटन टीम आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर पहुंच गई है। टीम में बतौर कोच आशीष अर्गल और मैनेजर सतीश अहिरवार की अगुवाई में टीम खिताबी मुकाबले में दावेदारी पेश करेगी। यह टूर्नामेंट 6 से 11 जनवरी तक आयोजित होगा। पुरुष टीम में मृदुल भिरयानी बीबीए द्वितीय वर्ष, अगद बवेजा बीबीए द्वितीय वर्ष, अस्मित श्रीवास्तव बीबीए द्वितीय वर्ष,, आशय कर्दे बीए तृतीय वर्ष, विनय शर्मा बीकॉम तृतीय वर्ष, यशपाल यादव बीपीईएस तृतीय वर्ष, उज्जवल गोयल बीपीईएस प्रथम वर्ष मजबूत दावेदारी पेश करेंगे। खिलाड़ियों को प्रतिभागिता हेतु विश्वविद्यालय की प्रो-चांसलर डॉ अदिती चतुर्वेदी वत्स, कुलपति डॉ रवि प्रकाश दुबे, प्रति-कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता, कुलसचिव डॉ संगीता जौहरी और रायसेन जिले के जिला खेल अधिकारी श्री जलज चतुर्वेदी ने शुभकामनाएं दीं।

## खेल कोई भी हो, उसे खेलने वाला ही उसके महत्व को सही मायने में समझता है : राय

### महापौर ने 69वीं राष्ट्रीय स्तरीय शालेय क्रीड़ा राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

5 जनवरी से 9 जनवरी तक चलने वाली स्पर्धा में अंडर-14 एवं 19 वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ी ले रहे भाग भोपाल। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा भोपाल जिले में 69वीं राष्ट्रीय स्तरीय शालेय क्रीड़ा राइफल शूटिंग प्रतियोगिता 2025–26 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता 5 जनवरी से 9 जनवरी तक चलेगी। सोमवार को महापौर मालती राय ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शिवाजी नगर में आयोजित कार्यक्रम में प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में अंडर-14 एवं 19 वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती मालती राय ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल कोई भी हो, उसे खेलने वाला ही उसके महत्व को सही मायने में समझता है। भोपाल आए विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों से मेरा आग्रह है कि वे प्रतियोगिता के साथ-साथ भोपाल शहर का भ्रमण भी करें। महापौर राय ने कहा कि भोपाल की पहचान झीलों की नगरी के रूप में है। खिलाड़ी बोट क्लब में जाकर शिकारा भ्रमण का आनंद लें। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं।



शालेय क्रीड़ा राइफल शूटिंग प्रतियोगिता से पूर्व मार्च पास्ट करते हुए प्रतिभागी।



ध्वजा रोहण करतीं माहापौर मालती राय।

### 32 राज्यों के 1051 प्रतिभागी ले रहे भाग

स्पर्धा में उत्तरप्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गुजरात, हरियाणा, मध्यप्रदेश, दिल्ली, केरल, झारखंड, असम, बिहार, जम्मू-कश्मीर, चंडीगढ़, गोवा, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश सहित देश के 32 राज्यों के 880 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इनमें 433 बालक एवं 447 बालिका खिलाड़ी शामिल हैं। साथ ही 171 कोच भी शामिल हैं। इस प्रकार कुल 1051 प्रतिभागी प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं।

### तीन जगहों पर हो रही प्रतियोगिता

69वीं राष्ट्रीय स्तरीय शालेय क्रीड़ा राइफल शूटिंग स्पर्धा का आयोजन 3 जगहों पर किया जा रहा है। मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी, बिसनखेड़ी में पीप एवं पिस्ट्ल साइड, बाल भवन श्यामला हिल्सा में ओपन साइड एवं सरस्वती शिशु मंदिर शारदा विहार में केरवा डेम रोड में ओपन साइड स्पर्धा शामिल है।



# द केरल स्टोरी के मेकर्स ने की नई फिल्म की घोषणा

**मुंबई।** साल 2023 में निर्माता विपुल शाह 'द केरल स्टोरी' लेकर आए थे। सच्ची घटनाओं से प्रेरित यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। क्रिटिक्स ने भी फिल्म को सराहा था। अब मेकर्स एक बार फिर इसी तरह की कहानी लेकर आ रहे हैं। मेकर्स ने सोमवार को नई फिल्म की घोषणा कर दी है, जिसका नाम 'बियॉन्ड द केरल स्टोरी' है। हालांकि, इस फिल्म की स्टारकास्ट और डायरेक्टर पूरी तरह से अलग और नए हैं। सनशाइन पिक्चर्स और विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित इस फिल्म को कामाख्या नारायण सिंह निर्देशित करेंगे। मेकर्स द्वारा जारी किए गए वीडियो में अभी कोई सीन या कोई कलाकार नजर नहीं आया है।

लाइफ Style



# कल्याणी

## बॉलीवुड में करने जा रहीं डेब्यू

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'लोका चैप्टर 1' से सुर्खियां बटोरने वाली कल्याणी प्रियदर्शन के अब बॉलीवुड में डेब्यू करने की चर्चाएं हैं। कल्याणी रणवीर सिंह के साथ बॉलीवुड में कदम रख सकती हैं।अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन ने साल 2025 में सुपरहिट मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1: चंद्रा' में अपने अभिनय से काफी सुर्खियां बटोरीं।

फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों दोनों ने ही पसंद किया था। 'लोका' की सफलता के बाद अब ऐसा लगता है कि कल्याणी बॉलीवुड में भी अपना डेब्यू करने जा रही हैं। इसके लिए वो काफी उत्साहित हैं। ऐसी चर्चाएं उठ रही हैं कि कल्याणी प्रियदर्शन जल्द ही बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर सकती हैं। चर्चाएं ये भी हैं कि कल्याणी रणवीर सिंह की आगामी फिल्म 'प्रलय' से बॉलीवुड में कदम रखने वाली हैं। हालांकि, अभी तक इसकी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। लेकिन, ये चर्चाएं तेज हुईं कल्याणी की एक इंस्टाग्राम स्टोरी के चलते। दरअसल, हाल ही में कल्याणी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर साझा की और 'प्रलय' के निर्देशक जय मेहता को टैग किया। ये तस्वीर जोस सारामागो द्वारा लिखित उपन्यास 'ब्लाइंडनेस' की थी। इसे कल्याणी आजकल पढ़ रही हैं। कल्याणी ने इस गिफ्ट के लिए जय को धन्यवाद दिया। अपनी स्टोरी में जय को टैग करने के बाद से ही कल्याणी के बॉलीवुड डेब्यू की चर्चाएं तेज हो गई हैं। कल्याणी के नॉवेल 'ब्लाइंडनेस' की तस्वीर शेयर करने से उनके प्रलय में नजर आने की चर्चाएं इसलिए भी उठ रही हैं, क्योंकि इस किताब में हानि, दिशाहीनता और कमजोरी की एक इमोशनल कहानी है।

## हॉलीवुड मसाला




# 170 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

**लॉस एंजिल्स।** कोरियन सिनेमा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने वाले दिग्गज अभिनेता अह्न सुंग की का 74 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने महज एक बाल कलाकार के रूप में अभिनय की दुनिया में कदम रखा था और फिर धीरे-धीरे कोरियन सिनेमा के सबसे सम्मानित चेहरों में शुमार हो गए। करीब सात दशकों तक इंडस्ट्री में सक्रिय रहने वाले अह्न ने 170 से ज्यादा फिल्मों में काम किया और हर पीढ़ी के दर्शकों के दिलों में अपनी अलग पहचान बनाई।



# विक्टोरिया की मौत के कारण का खुलासा!

**लॉस एंजिल्स।** नए साल के पहले ही दिन पूरा हॉलीवुड उस वक्त सकते में आ गया, जब स्टार आइकन और ऑस्कर अवॉर्ड जीत चुके टॉमी ली जोन्स के घर से बेहद बुरी खबर आई। पता चला कि 1 जनवरी को उनकी बेटी विक्टोरिया जोन्स की मौत हो गई। वह महज 34 साल की थीं। विक्टोरिया की लाश सैन फ्रांसिस्को के एक होटल के कमरे में मिली। पहले जहां के मौत का कारणों को लेकर कोई जानकारी नहीं आ रही थी, वहीं अब खबर है कि विक्टोरिया की मौत शायद ड्रग ओवरडोज से हुई है। यह बात उनकी मौत से जुड़े इमरजेंसी डिस्पैच ऑडियो से पता चलती है। एक मैगजीन का दावा है कि उसके पास डिस्पैच ऑडियो है, जिसमें 911 इमरजेंसी कॉल को 'ओवरडोज के लिए कोड 3' और 'रंग में बदलाव' के रूप में कटैगराइज किया गया है।



# दीपिका नए टैलेंट को देंगी पहचान...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने जन्मदिन के मौके पर अपने फैंस को एक रिटर्न गिफ्ट दिया है। उन्होंने नई क्रिएटिव जेनरेशन को आगे बढ़ाने के लिए एक नया प्रोग्राम लॉन्च किया है। दीपिका पादुकोण ने अपने जन्मदिन पर नए और युवा क्रिएटिव टैलेंट को आगे बढ़ाने के लिए एक पहल शुरू की है। सच्ची कहानियों और नए टैलेंट को आगे बढ़ाने की सोच के साथ दीपिका ने 'द ऑनसेट प्रोग्राम' की शुरुआत की घोषणा की है। यह उनके क्रिएट विद मी प्लेटफॉर्म का अगला कदम है। इसका मकसद ऐसे नए क्रिएटिव आर्टिस्ट्स को मौका देना है, जो इंडियन फिल्म, टीवी और विज्ञापन की दुनिया में अपना करियर बनाना चाहते हैं। उनके टैलेंट सही मायनों में सामने आ सके इसलिए यह प्लेटफॉर्म बनाया गया है।



# विनीत ने शुरू की नई फिल्म की शूटिंग

**मुंबई।** विनीत कुमार सिंह ने नए साल की शुरुआत नई ऊर्जा और नए प्लान के साथ की है। 2025 उनके लिए शानदार रहा, जिसमें एक के बाद एक हिट फिल्में आईं। इनमें उनकी बड़ी सफलता 'छावा' भी शामिल है। अब 2026 की शुरुआत उनके लिए और भी धमाकेदार हो रही है। उन्होंने अपने नए प्रोजेक्ट को लेकर सोशल मीडिया हैंडल पर पूजा मुहूर्त का वीडियो और तस्वीरें शेयर की हैं। विनीत ने शूटिंग के पहले दिन की कुछ तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किए। इनमें टीम पूजा करती दिख रही है और विक्रम सेट पर काम करते नजर आ रहे हैं। एक वीडियो में विनीत अपनी को-स्टार सैयामी खेर के साथ आरती करते दिखे। टीम के बाकी लोग पीछे खड़े नजर आ रहे हैं। एक और क्लिप में विनीत भावुक होकर विक्रम को गले लगाते नजर आए।

## टीवी मसाला



# केबीसी के 17वें सीजन के खत्म होने पर अटका महसूस कर रहे बिग बी

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति का 17वां सीजन समाप्त हो चुका है। ऐसे में अमिताभ बच्चन को केबीसी के सेट की बहुत याद सता रही है। होस्ट अमिताभ बच्चन ने भावुक होकर सीजन को अलविदा तो कह दिया, लेकिन अब वह खुद को अटका हुआ महसूस कर रहे हैं। लोकप्रिय गेम शो केबीसी के सीजन 17 का ग्रैंड फिनाले 2 जनवरी को रात 9 बजे दिखाया गया। अब अपने ब्लॉग पर अमिताभ ने बताया कि सीजन खत्म होने के बाद उन्हें अटका हुआ सा महसूस हो रहा है। वे सामान्य कामकाज में वापस लौटने की कोशिश कर रहे हैं। अपनी ताजा पोस्ट में अमिताभ ने लिखा, 'सीजन खत्म हुए अभी कुछ ही दिन हुए हैं और दिन बहुत लंबे लग रहे हैं। काम की नैतिकता बनाए रखने का मन नहीं कर रहा। काम न करना एक गीले, बड़े बंजर इलाके में धीमी चाल चलने जैसा है।' उन्होंने आगे लिखा, 'इसमें अटक गया हूं... थके पैरों को बाहर निकालकर आगे बढ़ने की पूरी कोशिश करूंगा।' अमिताभ आखिरी बार फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में दिखे थे। नाग अश्विन के निर्देशन में बनी इस साइंस फिक्शन फिल्म में प्रभास, दीपिका पादुकोण और कमल हासन भी थे। अमिताभ ने अश्वत्थामा का रोल निभाया, जिसे दर्शकों ने बहुत पसंद किया। 'कल्कि 2898 एडी' का दूसरा भाग भी आएगा, जिसमें बिग बी अश्वत्थामा के किरदार को दोहराएंगे।

## गौरव को अब तक नहीं मिली जीती हुई कार



**नई दिल्ली।** टेलीविजन के लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' के विजेता गौरव खन्ना अपने व्लॉग में जीत को लेकर बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं। शो खत्म हुए एक महीने से ज्यादा का वक्त बीत चुका है, लेकिन गौरव को अब तक वह कार नहीं मिली है, जो उन्हें विजेता बनने पर इनाम के तौर पर दी जानी थी। हाल ही में अपने एक व्लॉग के जरिए गौरव ने इस मुद्दे पर हल्के-फुल्के अंदाज में बात की। गौरव खन्ना ने यह खुलासा अपने यूट्यूब चैनल पर डाले गए व्लॉग में किया, जिसमें उनके साथ 'बिग बॉस 19' के को-कंटेस्टेंट प्रणित मोरे भी नजर आए। दोनों शो के अनुभवों को याद करते हुए डिनर पर बातचीत कर रहे थे। इस दौरान गौरव ने मजाकिया लहजे में कहा कि वह अब भी हाथों से खाना खा रहे हैं, जैसे उन्होंने घर के अंदर सीखा था, जबकि प्रणित चम्मच का इस्तेमाल कर रहे थे। इसी बातचीत के बीच कार का मुद्दा भी सामने आ गया। जब प्रणित ने हंसी-मजाक में गौरव से कहा कि अपनी जीती हुई कार भी उन्हें दे दें, तो इस पर गौरव ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि उन्हें खुद अभी तक वह कार नहीं मिली है।

# एक्शन-रोमांस से लेकर सस्पेंस-कॉमेडी तक इस हफ्ते ओटीटी पर आएगा एंटरटेनमेंट का सैलाब



**नई दिल्ली।** नए साल की शुरुआत ओटीटी दर्शकों के लिए बेहद खास रहने वाली है। इसी हफ्ते मच अवेटेड वेब सीरीज, रियलिटी शोज और फिल्में अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर दस्तक देने को तैयार हैं। रोमांच से लेकर बिजनेस पिचिंग, जबरदस्त एक्शन, रोमांस, थ्रिलर और रियलिटी ड्रामा तक- हर तरह के कंटेंट से यह हफ्ता भरपूर रहने वाला है।

***मास्टरशेफ इंडिया सीजन 9*** : इस हफ्ते सबसे पहले दर्शकों को मास्टरशेफ इंडिया-हिंदी सीजन 9 देखने को मिलेगा। ये खाना बनाने का शो 5 जनवरी से सोनी लिव प्लेटफॉर्म पर शुरू गया है। यह कार्यक्रम सोनी टीवी चैनल पर भी उपलब्ध होगा और नए एपिसोड हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे दिखाई जाएंगे।

***शार्क टैंक इंडिया सीजन 5*** : 5 जनवरी को शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 भी रिलीज हो गया है। यह कार्यक्रम सोनी लिव प्लेटफॉर्म पर दिख रहा है। इस सीजन भी पहले की ही तरह कई तरह की नए बिजनेस पिचेस को शार्क के सामने पेश किया जाएगा।

***अखंडा 2*** : तेलुगु भाषा की एक बड़ी फिल्म अखंडा 2, 9 जनवरी को नेटफ्लिक्स प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। यह एक कल्पनात्मक और रोमांचक कथा है जिसमें दर्शकों को कथानक देखने को मिलेंगे। इस फिल्म में नंदमुरी बालकृष्ण कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं और यह पिछले भाग की कहानी को आगे बढ़ाएगी।

***दे दे प्यार दे 2*** : रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' भी 9 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर जारी होगी। अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह की इस फिल्म को सिनेमाघरों में कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला था। अब देखने वाली बात ये होगी कि ये फिल्म ओटीटी पर क्या कमाल दिखाती है।

***मास्क*** : तमिल भाषा की मास्क नामक एक्शन और रहस्य से भरी फिल्म 9 जनवरी को जी5 प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। यह फिल्म अपनी तेज रफ्तार कहानी और रोमांचक सीन के कारण दर्शकों के बीच उत्साह पैदा करेगी।

# नए साल की छुट्टियां मनाकर लौटे



*मुंबई। बॉलीवुड के सबसे चर्चित और पसंदीदा कपल ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन नए साल का जश्न मनाकर अब विदेश से भारत लौट चुके हैं। बेटी आराध्या के साथ एयरपोर्ट पर नजर आए ऐश्वर्या और अभिषेक की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनमें तीनों मुस्कराते हुए नजर आ रहे हैं। खास बात यह रही कि ऐश्वर्या ने फैंस और पैपराजी को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए हाथ हिलाकर अभिवादन किया। इस छोटे से जेस्चर ने सोशल मीडिया पर फैंस का दिल जीत लिया। कई यूजर्स ने इसे परफेक्ट फैमिली मोमेंट' बताया तो कुछ ने कपल को नए साल की बधाई दी। हालांकि, कई बार ऐसी अफवाहें आईं कि ऐश्वर्या और अभिषेक एक-दूसरे से अलग हो रहे हैं, लेकिन समय-समय पर कपल ने सभी अफवाहों पर विराम लगा दिया। इस दौरान तीनों ब्लैक कलर के साथ ट्विनिंग करते हुए नजर आए। इससे पहले न्यूयॉर्क से भी ऐश्वर्या और अभिषेक की कुछ तस्वीरें सामने आई थीं, जिनमें दोनों कपल गोल्स देते हुए नजर आए थे। बिना किसी शोर-शराबे के परिवार के साथ समय बिताना हमेशा से इस कपल की प्राथमिकता रही है।*

## ऑल हर फॉल्ट की सारा स्नूक को लिमिटेड सीरीज में चुना गया बेस्ट एक्ट्रेस

# टिमोथी बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, 'वन बैटल आफ्टर अनादर' का फिल्मों में रहा दबदबा

*लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स में से एक 31वें क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड्स 2026 का आयोजन 5 जनवरी को किया गया। इस साल का समारोह कई मायनों में खास रहा, जहां फिल्मों के साथ-साथ वेब और टीवी सीरीज ने भी अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई। अमेरिका के सांता मोनिका स्थित बार्कर हैंगर में आयोजित इस भव्य आयोजन में दुनियाभर के क्रिटिक्स द्वारा चुने गए बेहतरीन कलाकारों और क्रिएटर्स को सम्मानित किया गया।*

### 'वन बैटल आफ्टर अनदर' बनी बेस्ट फिल्म

इस साल की सबसे बड़ी विजेता बनकर उभरी 'वन बैटल आफ्टर अनदर', जिसने बेस्ट फिल्म का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया। इतना ही नहीं, फिल्म के निर्देशन के लिए मशहूर फिल्ममेकर पॉल थॉमस एंडरसन को भी सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवॉर्ड मिला। यह फिल्म अपनी दमदार कहानी, विजुअल ट्रीटमेंट और निर्देशन के चलते पहले से ही चर्चा में थी और अब अवॉर्ड्स में इसकी जीत ने इसे साल की सबसे प्रभावशाली फिल्मों में शामिल कर दिया है।

### जैकब बने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता

एक्टिंग कैटेगरी की बात करें तो टिमोथी चालमेट ने फिल्म 'मार्टी सुप्रीम' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता, जबकि जैसी बकली को 'हैमनेट' में शानदार प्रदर्शन के लिए बेस्ट एक्ट्रेस चुना गया। सपोर्टिंग रोल्स में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जहां जैकब एलॉर्डी ने 'फ्रैंकनस्टीन' के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का अवॉर्ड अपने नाम किया, वहीं एमी मैडिगन को 'वेपन्स' के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का सम्मान मिला।



**द स्टूडियो को बेस्ट कॉमेडी सीरीज का खिताब** : कॉमेडी और ड्रामा सीरीज की कैटेगरी में भी कई चर्चित नामों ने बाजी मारी। द स्टूडियो को बेस्ट कॉमेडी सीरीज का खिताब मिला, जबकि जीन स्मार्ट, जैनेल जेम्स और आइक बारिनहोल्ट्ज ने अपने-अपने अभिनय के लिए अवॉर्ड जीते। ड्रामा सीरीज में द पिटके नोआ वाइल और कैथरीन ला नासा, सेवेरेंस के ट्रैमल टिलमैन और प्लूरिबस की रिया सीहॉर्न को सम्मानित किया गया।

**गोल्डन को बेस्ट सॉन्ग का अवॉर्ड** : एनीमेशन और म्यूजिक की दुनिया में 'के-पॉप डेमन हंटर्स' ने खास पहचान बनाई। फिल्म को बेस्ट एनिमेटेड फीचर और इसके गाने 'गोल्डन' को बेस्ट सॉन्ग का अवॉर्ड मिला। वहीं 'स्क्विड गेम' को बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज सीरीज और 'द सीक्रेट एजेंट' को बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज फिल्म चुना गया। इस बार का समारोह इसलिए भी खास रहा क्योंकि इसमें कई नई कैटेगरीज जोड़ी गईं, जिनमें कास्टिंग और एंसेंबल जैसी श्रेणियां शामिल हैं।

***एडोलसेंस सीरीज ने भी जीते कई अवॉर्ड्स*** : *टीवी और लिमिटेड सीरीज कैटेगरी में 'एडोलसेंस' का जलवा साफ नजर आया। इस सीरीज के कलाकारों ने लगभग हर प्रमुख अभिनय श्रेणी में जीत दर्ज की। स्टीफन ग्राहम को लिमिटेड सीरीज में बेस्ट एक्टर, ओवेन कूपर को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर और एरिन डोहर्टी को बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। वहीं 'ऑल हर फॉल्ट' की सारा स्नूक को लिमिटेड सीरीज में बेस्ट एक्ट्रेस चुना गया।*

### विजेताओं की लिस्ट

| | |
|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ फिल्म | वन बैटल आफ्टर अनदर |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेता | टिमोथी चालमेट, 'मार्टी सुप्रीम' |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री | जेसी बकली, 'हैमनेट' |
| सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता | जैकब एलोर्डी, फ्रैंकनस्टाइन |
| सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री | एमी मैडिगन, वेपन्स |
| सर्वश्रेष्ठ युवा अभिनेता या अभिनेत्री | माइल्स कैटन, सिनर्स |
| सर्वश्रेष्ठ निर्देशक | पॉल थॉमस एंडरसन, वन बैटल आफ्टर अनदर |
| सर्वश्रेष्ठ मौलिक पटकथा | रायन कूगलर, सिनर्स |
| सर्वश्रेष्ठ रूपांतरित पटकथा | पॉल थॉमस एंडरसन, वन बैटल आफ्टर अनदर |
| सर्वश्रेष्ठ कास्टिंग और एन्सेंबल | फ्रैंसिन मैसलर, सिनर्स |
| सर्वश्रेष्ठ छायांकन | एडोल्फो वेलोसो, ट्रेन ड्रीम्स |
| सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्शन डिजाइन | फ्रैंकनस्टाइन |
| सर्वश्रेष्ठ संपादन | स्टीफन मिरियोन, एफ़ वनः द मूवी |
| सर्वश्रेष्ठ परिधान डिजाइन | फ्रैंकनस्टाइन |
| सर्वश्रेष्ठ हेयर और मेकअप | फ्रैंकनस्टाइन |
| सर्वश्रेष्ठ दृश्य प्रभाव | अवतारः फायर एंड ऐश |
| सर्वश्रेष्ठ स्टंट डिजाइन | मिशनः इम्पॉसिबल- द फाइनल रेकनिंग |
| सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड फीचर | के-पॉप डेमन हंटर्स |
| सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी | द नेकेड गन |
| सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म | द सीक्रेट एजेंट |
| सर्वश्रेष्ठ गीत | गोल्डन, के-पॉप डेमन हंटर्स |
| सर्वश्रेष्ठ संगीत | लुडविग गोरान्सन, सिनर्स |

# डेजर्ट वाइपर्स ने पहली बार जीता आईएलटी20 का खिताब, सैम करन ने खेली धुआंधार पारी

एजेंसी ▸▸| दुबई

डेजर्ट वाइपर्स ने तीसरी कोशशि में फाइनल की बाधा को आखरिकार पार कर लिया और दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में एमआई एमिरेट्स को 46 रनों से हराकर अपना पहला आईएलटी20 खिताब जीत लिया है।

वाइपर्स की इस ऐतिहासिक जीत के हीरो कप्तान सैम करन रहे, जो फाइनल के प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे। उन्होंने फाइनल में 51 गेंदों में नॉटआउट 74 रन बनाए। इस पूरे टूर्नामेंट में उन्होंने कुल 397 रन बनाए और कुल सात विकेट लिए। मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर के लिए करन को रेड बेल्ट और बेस्ट बैटर के लिए ग्रीन बेल्ट दोनों मिले।

### पिछले दो फाइनल में रही रनर-अप

पिछले दो आईएलटी20 फाइनल में रनर-अप रहने के बाद वाइपर्स तीसरी बार में खिताब जीतने में कामयाब रही। इस पूरे सीजन करन की टीम ने कमाल का प्रदर्शन किया। लीग स्टेज में सिर्फ़ दो मैच हारने के बाद उन्होंने उसी मोमेंटम को प्लेऑफ में भी बनाए रखा। पहले क्वालिफायर में एमआई एमिरेट्स को आसानी से हराया और फिर फाइनल में एक बार पोलार्ड की टीम को हार का स्वाद चखाया।

### फाइनल में पोलार्ड की एमआई को 46 रन से पीटा, डेजर्ट वाइपर्स ने तीसरी कोशिश में जीता खिताब




### सैम ने खेली 74 रन की पारी

फाइनल में पहले बैटिंग करते हुए डेजर्ट वाइपर्स ने 4 विकेट पर 182 रन का स्कोर बनाया, जिसमें सैम करन ने नाबाद 74 रन की पारी का अहम योगदान था। उन्होंने आठ चौके और दो छक्के लगाकर बीच के ओवरों में वाइपर्स की पारी को संभाला और फिर आखिर में तेजी से रन बनाए। उन्हें मैक्स होल्डन का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 32 गेंदों में 41 रन बनाए, जबकि फखर जमां ने शुरुआत में तेजी दी। डैन लॉरेंस ने एक तेज कैमियो के साथ पारी का शानदार अंत किया, जबकि एमिरेट्स ने आठ गेंदबाजों का इस्तेमाल किया, जिनमें फजलहक फारूकी सबसे सफल रहे। उन्हें दो सफलता मिली।

### वाइपर्स के गेंदबाजों का कमाल

इसके बाद वाइपर्स के गेंदबाजों ने एमआई को 182 रन का लक्ष्य हासिल करने नहीं दिया। नसीम शाह ने पावरप्ले में दो विकेट लिए, जबकि खुजैमा तनवीर और उस्मान तारिक ने बीच के ओवरों में रन नहीं बनने दिए। शाकिब अल हसन और पोलार्ड के बीच थोड़ी देर की साझेदारी ने कुछ टक्कर दी, लेकिन जैसे ही डेविड पायने ने निचले क्रम के बल्लेबाजों को आउट किया, एमआई की टीम 18.3 ओवर में 136 रन पर ऑल आउट हो गई।

## खबर संक्षेप



### स्क्वाश : अनाहत की सेमीफाइनल में एंट्री

**बर्मिंघम।** भारत की उभरती हुई खिलाड़ी अनाहत सिंह ने ब्रिटिश जूनियर अंडर-19 ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के महिला सेमीफाइनल में जगह बना ली है। बर्मिंघम विश्वविद्यालय में खेले गए क्वार्टरफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त इस किशोरी भारतीय खिलाड़ी ने मिस्र की बार्ब समेह को 11-4, 10-12, 11-9, 11-3 से हराया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला मिस्र की ही एक अन्य खिलाड़ी मलिका एल करास्की से होगा। दिल्ली की इस खिलाड़ी ने शुरुआती दौर में बाई मिलने के बाद दूसरे दौर में हांगकांग की विंग काई ग्लैडिस हो को 11-1, 11-3, 11-3 से हराया था। उन्होंने अंतिम 16 मुकाबले में मिस्र की मलाक एलमाराघी को 11-3, 11-3, 11-6 से हराया। भारत के दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यवीर दीवान ने पांच गेम के क्वार्टरफाइनल में मिस्र के यासीन कौरीतम को 9-11, 11-3, 10-12, 11-9, 12-10 से हराकर लड़कों के अंडर-17 वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

### डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर: आद्या और बिश्वास ने जीता खिताब



**वडोदरा।** आद्या बहेती और राजदीप बिश्वास ने आसान जीत के साथ डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर में क्रमशः लड़कियों और लड़कों के अंडर-11 एकल वर्ग का खिताब जीता। लड़कियों के अंडर-11 फाइनल में आद्या ने साक्ष्य संतोष को 15-13, 11-8, 12-10 से हराया जबकि बिश्वास ने लड़कों के फाइनल में शर्विल करामबेल्कर को 11-8, 11-6, 11-13, 11-4 से शिकस्त दी। लड़कों के अंडर-15 फाइनल में विवान दवे ने रिशान चट्टोपाध्याय को 9-11, 11-9, 11-6, 11-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वह अगले दौर में रुद्र जेना से भिड़ेंगे जिन्होंने अंडर-13 लड़कों के वर्ग के चैंपियन देव प्रणव भट्ट को 11-4, 11-8, 11-5 से हराया। लड़कियों के अंडर-15 वर्ग में शीर्ष वरीय एंकोलिका चक्रवर्ती, दूसरी वरीय नैशा रेवास्कर और उभरती हुई खिलाड़ी तनिष्का कालभैरव अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रहे।

### विश्व कप हर क्रिकेटर के जीवन में अहम : रजा

**केपटाउन।** जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा का मानना है कि खराब दौर से जूझ रही जिम्बाब्वे टीम आगामी टी20 विश्व कप में दमदार प्रदर्शन के जरिए विश्व क्रिकेट में फिर अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकती है।



जिम्बाब्वे को सात फरवरी से शुरू हो रहे टूर्नामेंट में ग्रुप बी में पूर्व चैंपियन आस्ट्रेलिया और श्रीलंका के साथ रखा गया है जबकि आयरलैंड और ओमान भी इसी ग्रुप में हैं। रजा ने कहा,' विश्व कप हर क्रिकेटर के जीवन में अहम है। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि जिम्बाब्वे को विश्व क्रिकेट में और सम्मान पाना है तो विश्व कप की भूमिका अहम होगी।'

**एशेज:** ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी में 166 रन, हेड शतक के करीब

# रूट का शतक, इंग्लैंड 384 रन पर मजबूत, हेड की आक्रामक पारी से ऑस्ट्रेलिया का पलटवार

एजेंसी ▸▸| सिडनी

जो रूट के मौजूदा एशेज श्रृंखला के दूसरे शतक से इंग्लैंड ने पांचवें टेस्ट मैच के दूसरे दिन बड़ा स्कोर बनाया लेकिन ट्रेविस हेड की आक्रामक बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में शानदार शुरुआत की। रूट की 160 रन की पारी के बदौलत इंग्लैंड की पहली पारी चाय के विश्राम से पहले 384 रन पर सिमटी गई। यह ऑस्ट्रेलिया में रूट का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट स्कोर है। दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में दो विकेट पर 166 रन बना लिए थे। हेड 87 गेंद में 91 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। वह पांच मैचों की श्रृंखला में अपने तीसरे शतक से नौ रन दूर हैं। बेन स्टोक्स ने दिन के आखिरी सत्र में जैक वेदरल्ड (21) और शानदार बल्लेबाजी कर रहे मार्नस लाबुशेन (48) को आउट कर दो सफलता हासिल की। रूट ने 242 गेंद में 160 रन बनाए और वह माइकल नेसेर को रिटर्न कैच देकर लौटे। नेसेर ने 60 रन देकर चार विकेट चटकाए। रूट ने अपनी पारी में 15 चौके जड़े।

### ऑस्ट्रेलिया की तेज शुरुआत

हेड और वेदरल्ड ने इसके बाद ऑस्ट्रेलिया को तेज शुरुआत दिलाई। दोनों से महज 10 ओवर के अंदर टीम के स्कोर को 50 रन तक पहुंचा दिया। इसके बाद गेंदबाजी के लिए आए स्टोक्स ने वेदरल्ड को पगबाधा कर ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका दिया। हेड ने आक्रमक पारी जारी रखते हुए 55 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने इस दौरान श्रृंखला में 500 रन के आंकड़े को भी पार किया। हेड और लाबुशेन ने 105 रन की साझेदारी के साथ इंग्लैंड की मुश्किलें बढ़ा दी लेकिन स्टोक्स ने दिन के आखिरी ओवरों में लाबुशेन को गली में कैच कराके टीम को बड़ी सफलता दिलाई। हेड के साथ रात्रि प्रहरी नासेर (एक रन) क्रीज पर मौजूद हैं।




### ट्रैवस का बड़ा कारनामा

पांचवे टेस्ट की पहली पारी में हेड ने अपनी रनों की रफ्तार को बनाए रखा और 63 रन के स्कोर पर पहुंचते ही एशेज 2025-26 में अपने 500 रन पूरे कर लिए। ऐसा करने वाले वह पहले खिलाड़ी बन गए। मौजूदा एशेज सीरीज में हेड 500 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज हैं। उनके आसपास भी कोई नहीं हैं। हेड ने एशेज में 500 रन का आंकड़ा छूते ही बड़ा कमाल कर दिया है। दरअसल, ट्रैविस हेड 21वीं सदी में एशेज सीरीज में 500 से ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई ओपनर बन गए हैं। इससे पहले डेविड वॉर्नर ने एशेज 2013-14 में 500 से ज्यादा रन बनाने का कारनामा किया था।

### स्टोक्स ने की बड़े कीर्तिमान की बराबरी

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच की पहली पारी में बेन स्टोक्स ने अभी तक दो विकेट हासिल किए हैं। इसी के साथ वह टेस्ट में इंग्लैंड के लिए संयुक्त रूप से ज्यादा विकेट लेने वाले कप्तान बन गए। उन्होंने इंग्लैंड के बॉब विलिस की बराबरी कर ली है। इन दोनों प्लेयर्स ने इंग्लैंड के लिए टेस्ट कप्तान के तौर पर कुल 77-77 विकेट हासिल किए हैं। अभी पांचवें टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी में 8 विकेट गिरने और बाकी हैं। इसके अलावा दूसरी पारी भी बची हुई है। अगर इसमें बेन स्टोक्स एक और विकेट ले लेते हैं, तो वह इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले कप्तान बन जाएंगे और बॉब विलिस का रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

### स्टोक्स-लाबुशेन के बीच तीखी बहस


एशेज के पांचवें मुकाबले के दूसरे दिन मैदान पर माहौल गर्मा गया। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन के बीच तीखी बहस देखी गई। ट्रेविस हेड ने इंग्लैंड के कप्तान की गेंदों पर लगातार बाउंड्री लगाकर 29वां ओवर खत्म किया, जिसने स्टोक्स को गुस्सा दिला दिया था। जब स्टोक्स ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के पास से गुजरे, तो उन्होंने लाबुशेन से कुछ कहा और उनकी ओर इशारा किया, जिसके बाद टकराव बढ़ गया। इसके बाद स्टोक्स मुड़े और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के पास गए। उन्होंने ट्रैविस हेड के कंधे पर हाथ रखा। दोनों के बीच कुछ बातचीत हुई। इस बीच अंपायर को दखल देना पड़ा।

### पोंटिंग की बराबरी पर पहुंचे रूट

इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने टेस्ट शतकों के मामले में ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग की बराबरी कर ली है। रूट ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध एशेज सीरीज के पांचवें मैच की पहली पारी में 160 रन की पारी खेली। यह उनका 41वां टेस्ट शतक रहा। टेस्ट करियर में पोंन्टिंग ने 168 टेस्ट मैच खेले और 41 शतक लगाए। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहा टेस्ट रूट का इंग्लैंड के लिए 163वां टेस्ट है। टेस्ट इतिहास में सर्वाधिक शतकों के मामले में सचिन तेंदुलकर शीर्ष पर हैं, जिन्होंने 200 मुकाबलों की 329 पारियों में 51 शतक लगाए हैं।

## जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स से अलग हुए चोपड़ा, एक दशक पुराना नाता तोड़ा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ एक दशक पुराना रिश्ता तोड़ दिया है और अब वह अपनी खिलाड़ी प्रबंधन फर्म वेल स्पोटर्स शुरू करेंगे। चोपड़ा 2016 में जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स से जुड़े थे। चोपड़ा ने कहा,' पिछले एक दशक से हमारा सफर विकास, विश्वास और उपलब्धियों से भरा रहा है। मेरे कैरियर में जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स की अहम भूमिका रही है और उनके सहयोग और दृष्टिकोण के लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगा।' उन्होंने कहा,' इस अध्याय को खत्म करने के साथ मैं उन्हीं मूल्यों को अपने सफर के अगले चरण में लेकर जा रहा हूं।' जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स के सीईओ दिव्यांशु सिंह ने कहा,' नीरज के साथ काम करना हम सभी के लिए शानदार अनुभव रहा। उनकी सफलता की कहानी श्रेष्ठता और लक्ष्य के प्रति हमारे साझे फलसफे को दर्शाती है। हमने मिलकर जो भी उपलब्धियां अर्जित की हैं, उस पर हमें गर्व है और हम उन्हें भविष्य के लिये शुभकामना देते हैं।'



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2, भोपाल

निविदा सूचना 31 वर्ष 2025-26 — भोपाल, दिनांक 31/12/2025

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 2025_ PWDRB _ 472053_ 1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 1 में स्थित डी एक्स-ए, डी एक्स-बी, डी एक्स-सी, डी एक्स-डी, डी एक्स-ई, टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 2 | 2025_ PWDRB _472054_ 1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 1 में स्थित डी-टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संघारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 3 | 2025_ PWDRB _472055_ 1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 1 में स्थित ई-टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संघारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 4 | 2025_ PWDRB _472056_ 1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 1 में स्थित ई एफ, ई जी, ई एच, ई के-टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संघारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 5 | 2025_ PWDRB _472057_ 1 | चार इमली स्थित सेक्शन क्रमांक 1 में स्थित डी-21 से डी-40, (सीबीआई) एवं डी-7/1 से डी-7/4 टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संघारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 6 | 2025_ PWDRB _472058_1 | चार इमली स्थित सेक्शन क्रमांक 1 में स्थित ई-11/1 से ई-11/12, टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संघारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 7 | 2025_ PWDRB _472060_ 1 | चार इमली स्थित सेक्शन क्रमांक 1, के आवासों डी एवं ई टाईप में विभिन्न अनुरक्षण संघारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य एवं जल-अवरोधक का कार्य। | प्रथम | 40.00 |
| 8 | 2025_PWDRB _472062_1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 1 में स्थित डी टाईप बंगलों में विभिन्न अनुरक्षण संघारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य एवं अन्दर, बाहर पुताई पेंन्ट कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 9 | 2025_ PWDRB _472063_ 1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 1 में स्थित ई टाईप बंगलों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य एवं अन्दर, बाहर पुताई एव पेंन्ट कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 10 | 2025_ PWDRB _472064_ 1 | चार इमली स्थित सेक्शन क्रमांक 2 में स्थित बी-1, से बी-6, टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संघारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 11 | 2025_ PWDRB _472065_ 1 | चार इमली स्थित सेक्शन क्रमांक 2 में स्थित बी-7 से बी-12, टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संघारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 12 | 2025_ PWDRB _472066_ 1 | चार इमली स्थित सेक्शन क्रमांक 2, के आवासों सी-2/1 से सी-2/12, टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 13 | 2025_PWDRB _472067_1 | चार इमली स्थित सेक्शन क्रमांक 2. के आवासों सी-2/13 से सी-2/25, टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 14 | 2025_ PWDRB _472068_ 1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 2 में स्थित डी-3/1 से डी-3/21, एवं डी-4/21, डी-4/17, तक, टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 15 | 2025_PWDRB _472070_1 | चार इमली स्थित सेक्शन क्रमांक 2. के आवासों बी, सी, डी एवं ई टाईप में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य एवं जल-अवरोधक का कार्य। | प्रथम | 40.00 |
| 16 | 2025_PWDRB _472072_1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 2 में स्थित बी टाईप बंगलों में विभिन्न अनुरक्षण संघारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य एवं अन्दर, बाहर पुताई एव पेंन्ट कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 17 | 2025_PWDRB _472073_1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 2 में स्थित सी एवं डी टाईप बंगलों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य एवं अन्दर, बाहर पुताई, पेंन्ट कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 18 | 2025_ PWDRB _472095_1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 3 में स्थित बी 12 से बी-23 तक टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 19 | 2025_PWDRB _472100_ 1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 3 में स्थित डी टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 20 | 2025_ PWDRB _ 472106_1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 3 में स्थित ई एन-1/1, से ई एन-1/27 एवं ई एन-2/1, से ई एन-2/30, तक टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संघारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 21 | 2025_ PWDRB _ 472114_ 1 | श्यामला हिल्स स्थित सेक्शन क्रमांक 3 में स्थित बी-7, एव 'बी-8, तक टाईप लोकायुक्त एवं उपलोकायुक्त आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 22 | 2025_ PWDRB _472120_1 | चार इमली स्थित सेक्शन क्रमांक 3, के आवासों बी, सी, डी एवं ईएन, टाईप में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य एवं जल-अवरोधक का कार्य। | प्रथम | 40.00 |
| 23 | 2025_ PWDRB _472123_1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 3 में स्थित सी टाईप बंगलों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य एवं अन्दर, बाहर पुताई एव पेंन्ट कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 24 | 2025_PWDRB _472127_ 1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 3 में स्थित डी टाईप बंगलों में विभिन्न अनुरक्षण संघारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य एवं अन्दर, बाहर पुताई एवं पेंन्ट कार्य । | प्रथम | 60.00 |
| 25 | 2025_PWDRB _ 472129_ 1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 4 में स्थित एफ-5, एवं एफ-6 टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 26 | 2025_ PWDRB _ 472132_1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 4 में स्थित एफ-8, एवं एफ-9, टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संघारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 27 | 2025_ PWDRB _ 472136_ 1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 4 में स्थित ई-7, एवं ई-6ए से ई-6सी तक टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संघारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 28 | 2025_ PWDRB _ 472140_1 | चार इमली स्थित सेक्शन क्रमांक 4, के आवासों ई, एवं एफ टाईप में विभिन्न अनुरक्षण संघारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य एवं जल-अवरोधक का कार्य। | प्रथम | 40.00 |
| 29 | 2025_ PWDRB _ 472144_ 1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 4 में स्थित ई-7, एवं ई-6ए से ई-6सी तक टाईप बंगलों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य एवं अन्दर, बाहर पुताई एव पेंन्ट कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 30 | 2025_ PWDRB _ 472148_1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 4 में स्थित एफ-5, एवं एफ-6 टाईप बंगलों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य एवं अन्दर, बाहर पुताई एव पेंन्ट कार्य। | प्रथम | 60.00 |

उपरोक्त वेबसाइट आनेंलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय एवं जमा करने की अंतिम तिथि 16/01/2026 जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लो.नि.वि. संधारण संभाग**
**क्रमांक 2, भोपाल**

जी-23964/25

स्वच्छता ही सेवा


**मलेशिया ओपन**

## नए सत्र की मजबूत शुरुआत पर सेन और सिंधु की नजर




एजेंसी ▸▸| कुआलालंपुर

लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु समेत भारतीय खिलाड़ी मंगलवार 6 जनवरी से शुरू हो रहे सत्र के शुरुआती 1450000 डॉलर ईनामी राशि वाले मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में उतरेंगे तो उनकी नजरें मजबूती से शुरुआत करने पर लगी होंगी।

भारतीय खिलाड़ियों के लिए 2025 अच्छा नहीं रहा, जिसमें शीर्ष खिलाड़ी चोटों और खराब फॉर्म से जूझते रहे। अब फोकस शुरू ही से अच्छा प्रदर्शन करके अगले सप्ताह दिल्ली में होने वाले इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट की तैयारी पुख्ता करने पर होगा।


पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद लगातार खराब फॉर्म से जूझ रहे लक्ष्य सेन ने आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 जीतकर लय हासिल की। अलमोड़ा के 24 वर्ष के लक्ष्य हांगकांग ओपन के फाइनल में भी पहुंचे थे। वह सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह के खिलाफ पहले मैच में उसी लय को कायम रखना चाहेंगे।

### शेट्टी का सामना मलेशिया के खिलाड़ी से

आयुष शेट्टी का सामना पहले दौर में पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मलेशिया के ली जी जिया से होगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू के लिए पिछला साल निराशाजनक रहा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू पैर की चोट के कारण अक्टूबर के बाद से खेल नहीं सकी हैं। वह पहले दौर में चीनी ताइपै की सुंग शुओ युन से खेलेंगी। दूसरी बार ओडिशा ओपन खिताब जीतने वाली उन्नति हुड्डा का सामना तोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और चौथी वरीयता प्राप्त चीन की चेन यू फेइ से होगा। बाए घुटने की चोट के कारण छह महीने बाद लौट रही मालविका बंसोड की टक्कर पूर्व विश्व चैम्पियन थाईलैंड की रेचानोक इंतानोन से होगी।

### चेक गणराज्य के जैकब सिंगल्स जीतने वाले बने दूसरे सबसे युवा

## मेन्सिक ने यूनाइटेड कप में जीत के साथ किया आगाज







एजेंसी ▸▸| सिडनी

यूनाइटेड कप में चेक गणराज्य के 20 साल जैकब मेन्सिक ने नॉर्वे के कैस्पर रूड के खिलाफ 7-5, 7-6(6) से जीत दर्ज की। जैकब मेन्सिक ने दोनों सेटों में आखिर तक संयम बनाए रखा। उन्होंने पहले सेट में 5-5 पर एक महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया। इसके साथ एक सेट की बढ़त के लिए सर्व किया। दूसरे सेट में 5-4 पर मैच खत्म करने में नाकाम रहने के बाद जैकब मेन्सिक ने शानदार वापसी की।

वह दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में 3/5 से पीछे थे, लेकिन अगले छह में से पांच प्वाइंट जीते। पिछले साल मियामी में एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के विजेता मेन्सिक ने दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में 5/6 पर सेट प्वाइंट का सामना करते हुए क्रॉस-कोर्ट फोरहैंड पास मारा। 20 साल के मेन्सिक यूनाइटेड कप के इतिहास में सिंगल्स मैच जीतने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। उनसे पहले स्टेफानोस सकेलारिडिस ने 18 साल की उम्र में जीत दर्ज करते हुए इतिहास रचा था। यह कारनामा उन्होंने साल 2023 में किया था। यूनाइटेड कप में पदार्पण करते हुए और सीजन का अपना पहला मैच खेलते हुए मेंसिक ने जीत दर्ज की।

### मैं बहुत खुश हूं : बारबोरा

*क्रेज्सिकोवा ने कहा, मैंने लंबे समय तक नहीं खेला। मुझे जो चोट लगी थी वह सच में बहुत दुर्भाग्यपूर्ण थी। मैं बहुत खुश हूं कि मैं यहां हूं। मैं खेल सकती हूं। मैं इसका आनंद ले सकती हूं। मैं मुकाबला कर सकती हूं। मैं बहुत खुश हूं कि आखिरकार एक मैच खत्म कर पाई।*




## करप्शन के खिलाफ सरकार का बड़ा फैसला

# दागी अफसर पर केस चलाने की अनुमति अब संबंधित विभाग देगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू की जांच में दोषी पाए जाने के बाद भी अफसरों पर कार्रवाई की अभियोजन स्वीकृति नहीं मिलने की वजह से सरकार ने अब भ्रष्टाचार और घोटालों को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करते हुए अब अभियोजन स्वीकृति का अधिकार सीधे विभागों को दे दिया है। सरकारी महकमों में भ्रष्टाचार में लिप्त, रिश्वतखोर, वित्तीय अनियमितताएं, गबन-घोटाले में लिप्त अफसरों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति अब इन अफसरों को नियुक्त करने वाले विभाग स्वयं देंगे।

इनके लिए सामान्य प्रशासन विभाग और विधि विभाग के पास प्रस्ताव नहीं भेजना होगा। केवल उनके अभिमत इनमें लिए जाएंगे।

इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने मध्यप्रदेश शासन कार्य आवंटन नियमों में संशोधन कर दिया। जीएडी ने किया कार्य आवंटन नियमों में संशोधन है। कार्य आवंटन नियमों के नियम दो में अनुसूची में बदलाव करते हुए अब यह किया गया है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 218 और विशेष, अन्य अधिनियमों में के अधीन लोक सेवकों के विरुद्ध अभियोजन की स्वीकृति में अब सीधे विभागों को ही अधिकार दे दिए गए है जो उन दागी अफसरों के नियोक्ता विभाग है।

इसमें मध्यप्रदेश राज्य शासन के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 196, 197 और 299 के अधीन किए गए दांडित अपराधों तथा आपराधिक षड्यंत्र के अपराधियों के अभियोजन के लिए भारतीय नागरिक सुरक्ष संहिता 2023 की धारा 217 के अधीन पूर्व अनुमति और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218 तथा विशेष, अन्य अधिनियमों के अंतर्गत लोक सेवकों के विरुद्ध अभियोजन की मंजूरी देने के अधिकार अब सीधे विभाग को दिए गए है।

### जांच एजेंसियों को मिलेगी मदद और कोर्ट में पहुंचेंगे केस

सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों को कहना है कि अभी तक भ्रष्टाचार के मामले में विभाग अनुमति कई मामलों में नहीं देता था लेकिन अब उसी को बाध्य कर दिया गया है। ऐसे में अभी जो जांच एजेंसियों के पास केस पेंडिंग है। वह भी कोर्ट तक पहुंचेंगे और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हालांकि यह बात और है कि अफसर कोशिश विभाग की तरफ से दागी अफसर को बचाने की की जाती है। ऐसे कई मामले मध्य प्रदेश में उदाहरण के तौर पर आए हैं। फिर भी उम्मीद है कि नए बदलाव से भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को जेल भेजा जाएगा।

## कृषक कौशल विकास योजना अंतर्गत किया सात दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण

# भोपाल दुग्ध संघ का छग के अधिकारियों के साथ पशुपालकों और स्वसहायता समूह की महिलाओं ने किया भ्रमण


दुग्ध संघ का भ्रमण करते हुए स्व-सहायता समूह की महिलाएं।


दुग्ध संघ के अधिकारियों के साथ स्व-सहायता समूह की महिलाएं।

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश एमपी स्टेट को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (एमपीसीडीएफ) अंतर्गत सहकारी दुग्ध संघों के संयंत्र का भ्रमण छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिला अंतर्गत विकासखंड बिलहा एवं तखतपुर की महिला स्वसहायता समूह और पशुपालकों के 20 सदस्यों का दल मध्यप्रदेश भोपाल आया और भोपाल दुग्ध संघ सहित मध्यप्रदेश के सहकारी दुग्ध संघों में जाकर सांची डेयरी और पशुआहार केन्द्रों का शैक्षणिक भ्रमण कर रहे हैं। भ्रमण दल ने एमपीसीडीएफ भोपाल के प्रबंध संचालक डॉ. संजय गोवाणी और भोपाल दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रीतेश जोशी से मुलाकात कर कृषक कौशल विकास योजना की जानकारी प्राप्त की।

### महिलाओं को दुग्ध व्यवसाय से जुड़ने किया प्रेरित

डॉ.गोवाणी ने भ्रमण दल के सदस्यों को नूतन वर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अधिक से अधिक महिलाओं को दुग्ध व्यवसाय को सहकारिता से जुड़कर करने के लिए प्रेरित किया, ताकि उनका आर्थिक स्तर सशक्त हो सके और जीवन स्तर में बढ़ोतरी हो सके। डॉ. गोवाणी ने दूध उत्पादन की वैज्ञानिक पद्धति से भी अवगत कराया और कैसे दुग्ध उत्पादन व्यवसाय में महिलाओं को सहकारिता में भागीदारी सुनिश्चित करें, इसके भी बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर एमपीसीडीएफ भोपाल के ग्रुप हेड फील्ड ऑपरेशन एवं ग्रुप हेड समन्वय भी उपस्थित रहे।

### भ्रमण दल इंदौर और उज्जैन भी जाएगा

जानकारी में भ्रमण दल के अधिकारियों ने बताया कि पशुचिकित्सा सेवाएं बिलासपुर छत्तीसगढ के संयुक्त संचालक डॉ. जेएसएस तवर के मार्गदर्शन पर मध्यप्रदेश सांची डेयरी देखने आया है और कृषक कौशल विकास योजना के योजना संचालक डॉ. वीरेन्द्र पिल्लई का भी सहयोग रहा है। बताया कि भ्रमण दल इंदौर और उज्जैन में भी सांची डेयरी और सांची पशुआहार केन्द्रों का भी भ्रमण करेगा तथा विशेषज्ञों से संवाद करके वैज्ञानिक तकनीक की भी जानकारी से अवगत भी होंगे।

### एम्स भोपाल से उड़ान भरेगी एयर एम्बुलेंस

**भोपाल।** अब एम्स भोपाल से ही एयर एम्बुलेंस के लैंड और टेकऑफ कराने की तैयारी चल रही है। इसे लेकर संस्थान में हेलीपैड बनाने का प्रस्ताव सोमवार को भारत सरकारी की स्टैंडिंग फाइनेंस कमेटी में रखा गया है। इसके अलावा 200 बेड का कैंसर अस्पताल (ऑन्कोलॉजी सेंटर), 150 बेड का अपेक्स ट्रॉमा सेंटर, यूरोलॉजी विभाग में रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम और वर्चुअल ऑटोप्सी जैसे प्रोजेक्ट की डिटेल प्रेजेंटेशन भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने दी। सांसद शर्मा ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव को एक हजार करोड़ रुपए के विस्तार का प्लान सौंपा है। जिसमें गर्भवती महिलाओं के लिए भी सुविधाओं के विस्तार का प्रोजेक्ट शामिल हैं। उम्मीद है कि इन प्रोजेक्ट के लिए जल्द ही बजट सैंक्शन हो जाएगा। बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी, मिनिस्ट्री ऑफ फाइनेंस का प्रतिनिधिमंडल, भोपाल सांसद, एम्स भोपाल के निदेशक डॉ. माधवानंद कर, एम्स भोपाल के डिप्टी डायरेक्टर संदेश जैन समेत अन्य लोग मौजूद रहे। कैंसर मरीजों के लिए 200 ऑक्सीजन सपोर्ट बेड और 20 वेंटिलेटर युक्त आईसीयू बेड वाला अपेक्स ऑन्कोलॉजी सेंटर बनाया जाएगा।

## छानबीन समिति की रिपोर्ट पहुंची पुलिस मुख्यालय, रिपोर्ट में जाति को लेकर आपत्ति

# दो बार की डीपीसी के बाद भी चूके अमृत मीणा फिलहाल नहीं बन सकेंगे आईपीएस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य पुलिस सेवा (एसपीएस) के 1997 बैच के अधिकारी अमृत मीणा को फिलहाल भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अवार्ड नहीं मिल सकेगा। उनके मामले में गठित छानबीन समिति ने जांच पूरी कर ली है। यह रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय तक पहुंच गई है। रिपोर्ट में उनकी जाति को लेकर आपत्ति सामने आई है। जांच में पाया गया है कि वे उस अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग से संबंधित नहीं हैं, जिसके आधार पर उन्होंने लाभ लिया था।

सूत्रों की मानी जाए तो छानबीन समिति की रिपोर्ट जल्द ही डीजीपी के समक्ष रखी जाएगी। इसके बाद पुलिस मुख्यालय और शासन स्तर पर निर्णय लेकर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। अमृत मीणा के कारण प्रदेश में पहली बार राज्य पुलिस सेवा से आईपीएस अवार्ड को लेकर विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक दो बार करनी पड़ी। दूसरी बार हुई डीपीसी में उनके मामले में छानबीन समिति की अंतिम रिपोर्ट नहीं आने के कारण आईपीएस अवार्ड का एक पद खाली रखा गया था। अब जांच पूरी होने के बाद उनका आईपीएस अवार्ड होना फिलहाल संभव नहीं दिख रहा है।



फाइल फोटो

### दो बार हुई डीपीसी, फिर करनी पड़ी निरस्त

गौरतलब है कि आईपीएस में पदोन्नति के लिए 21 नवंबर को दिल्ली में डीपीसी हुई थी, जिसमें एसपीएस के 1997 और 1998 बैच के कुल 15 अधिकारियों के नामों पर विचार किया गया। इनमें से पांच अधिकारियों को आईपीएस अवार्ड देने की अनुशंसा की गई थी। मीणा के संबंध में छानबीन समिति के निष्कर्ष नहीं आने तक एक पद रोक कर रखा गया था और चार ही अफसरों को आईपीएस अवार्ड किया गया था। इससे पहले 12 सितंबर को हुई डीपीसी प्रक्रिया में अमृत मीणा के मामले के चलते पेंच फंस गया था, जिसके बाद डीपीसी निरस्त कर दी गई थी।

### डीपीसी में 15 अफसरों के नाम पर चर्चा की गई थी

फिलहाल यह भी तय नहीं है कि मीणा के लिए होल्ड कर रखा गया। आईपीएस अवार्ड का यह पद उनके बाद वाले अफसर को दिया जाएगा या नहीं। अमृत मीणा का चयन वर्ष 1995-96 में एमपीपीएससी परीक्षा के जरिए डीएसपी पद के लिए हुआ था। परीक्षा के दौरान उन्होंने स्वयं को अनुसूचित जनजाति वर्ग का बताया था। मीणा ने विदिशा जिले की लटेरी तहसील से एसटी का जाति प्रमाणपत्र बनवाया था। वर्ष 2003 से पहले सिरोंज क्षेत्र में मीणा जाति को एसटी का दर्जा प्राप्त था, इसी आधार पर प्रमाणपत्र बनवाया गया था। उनकी जाति को लेकर शिकायत के बाद मामले की जांच हुई। इस संबंध में वर्ष 2023 में उनके खिलाफ केस भी दर्ज किया गया था।

## जीएमसी में दो दिनी मेडिको लीगल एक्सपर्ट्स का राष्ट्रीय सम्मेलन

# देशभर से आए विशेषज्ञों ने फोरेंसिक पोस्टमार्टम के विषयों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के गांधी मेडिकल कॉलेज में मेडिको लीगल एक्सपर्ट्स एसोसिएशन का 2 दिवसीय 8वां वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन 3 एवं 4 जनवरी को संपन्न हुआ। सम्मेलन की थीम 'फोरेंसिक मेडिसिन में नई तकनीकी सीमाएं: नवाचार एवं एकीकरण' रही। सम्मेलन का उद्घाटन राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा नरेंद्र शिवाजी पटेल ने किया। सम्मेलन में पूरे देश से आए फोरेंसिक मेडिसिन विशेषज्ञ संकाय सदस्यों ने पोस्टमार्टम सूक्ष्मजैविकी, वर्चुअल पोस्टमार्टम करने की तकनीक, फोरेंसिक ऊतक विकृति विज्ञान, फोरेंसिक विषविज्ञान जैसे विषयों पर व्याख्यान देते हुए संबंधित प्रश्नों के उत्तर भी दिए। फोरेंसिक मेडिसिन विषय में कृत्रिम बुद्धिमत के उपयोग विषय पर पैनल चर्चा भी हुई। वहीं मेडिको लीगल परामर्श के महत्व विषय पर भी पैनल चर्चा में उच्च न्यायालय के भूतपूर्व जज जस्टिस वेद प्रकाश शर्मा भी पैनलिस्ट के रूप में सम्मिलित हुए। देश के विभिन्न प्रदेशों से आए फोरेंसिक मेडिसिन संकाय सदस्यों एवं स्नातकोत्तर छात्रों द्वारा रिसर्च पेपर, पोस्टर्स की प्रस्तुति भी दी गई। इसमें जीएमसी भोपाल के डॉ. मिहिर राय को बेस्ट पेपर अवॉर्ड और डॉ. वर्धा अग्रवाल को बेस्ट पोस्टर अवॉर्ड प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रियंवदा, डॉ अनुराधा एवं डॉ धीरज सिंह वर्मा ने किया।


राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करते मंत्री पटेल व अन्य अतिथि।

# कुख्यात अपराधी जुबेर एवं सहयोगी को 3 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** शहर के कुख्यात अपराधी जुबेर मौलानाएवं उसके गुर्गे शुभम राय को डांसर युवती को जान से मारने की धमकी देकर बंधक बनाकर उसके साथ अश्लील छेड़छाड़ करने के आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती पल्लवी द्विवेदी ने भादंसं की धारा- 341,342, 354, 34, 506 भाग -2 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास और 2200-2200 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक राजेश सिंह द्वारा पैरवी की गई थी। भीम नगर जहांगीराबाद निवासी युवती विवाह समारोह में डांसर के रूप में काम करती है। वर्ष 2017 में वो एक विवाह समारोह में डांस कर रही थी, इसी दौरान कुख्यात अपराधी जुबेर मौलाना एवं उसके गुर्गों ने जान से मारने की धमकी देकर युवती को बंधक बनाकर उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए जबरन डांस करने पर मजबूर किया था ।

- युवती को बंधक बनाकर डांस कराने का मामला

# एमबीबीएस छात्र की प्रेमिका के बयान दर्ज करेगी कोलार पुलिस

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित सागर प्रीमियर टावर में तीसरी मंजिल से कूदकर आत्महत्या करने वाले एमबीबीएस छात्र का शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया गया। परिजन उसका शव लेकर अपने पैतृक गांव रीवा के लिए निकल गए। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि छात्र ने प्रेम प्रसंग के चलते यह कदम उठाया है। हालांकि उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। उसके साथ रहने वाले तीनों रूप पार्टनर से पुलिस ने पूछताछ की थी। पूछताछ में पता चला कि उसकी गर्लफ्रेंड से कहासुनी हुई थी। इसी बात को लेकर वह परेशान था। पुलिस छात्र के मोबाइल की सीडीआर निकलवा रही है। साथ ही पुलिस उसकी प्रेमिका को भी पूछताछ के लिए बुला सकती है।

उल्लेखनीय है कि सचिन सिंह बघेल पिता धनेंद्र सिंह बघेल (21) मूलतः रीवा का रहने वाला था। उसके पिता धनेंद्र सिंह सूरत में कपड़ा मिल में काम करते हैं। निजी कॉलेज से एमबीबीएस थर्ड ईयर के सचिन ने सागर प्रीमियम टावर में किराए का फ्लैट लिया था। वहां अपने साथी अनूप अर्पित और मनोज के साथ रह रहा था।

- शनिवार सुबह करीब पौने 7 बजे बालकनी से लगा दी छलांग

## नगरीय प्रशासन एवं विकास के अधिकारियों ने दिए निर्देश

# शहरी इलाकों में सीपीएचईईओ के मैन्युअल को लेकर कार्य योजना बनाने के लिए हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में पानी सप्लाई को लेकर केंद्रीय लोक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण अभियंत्रण संगठन द्वारा जारी मैन्युअल के अनुसार कार्य योजना बनाने और निगरानी करने की व्यवस्था करने को लेकर समीक्षा बैठक हुई है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास के अधिकारियों ने 20 बिंदुओं चर्चा की और निर्देश दिए। बैठक में लीकेज ढूंढने, सुधार करने लिए अभियान चलाने, पानी और सीवेज संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए कंट्रोल रूम बनाने,पानी की टेस्टिंग के लिए विषय संबंधित मैन पावर हायर करने के निर्देश दिए गए हैं।

### लीकेज ढूंढने, सुधार के अभियान चलाने दिए निर्देश

## भोपाल रेल मंडल ने बनाई एक विशेष टीम

# ट्रेनों में दिव्यांग रियायत कार्ड के लिए ऑनलाइन करें आवेदन, भोपाल में अब तक 1283 को किए जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेल मंडल ने रेलवे दिव्यांग रियायत कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन सुविधा शुरू की है। कई दिव्यांगों अभी भी इसी जानकारी न होने से लाभ नहीं ले पा रहे हैं। मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में भोपाल रेल मंडल ने शारीरिक रूप से दिव्यांग यात्रियों की सुविधा और यात्रा को आसान बनाने के लिए भोपाल रेल मंडल लगातार प्रयासरत है। इसी के तहत ऐसे दिव्यांगों के लिए एक विशेष टीम बनाई गई है, जो दिव्यांगों को जल्द से जल्द कार्ड बनाकर दे रही है। अब तक मंडल ने 1283 से अधिक लोगों को रेलवे दिव्यांग रियायत कार्ड जारी किए गए हैं। इन कार्डों के से दिव्यांग यात्रियों को किराए में छूट के साथ परिचारक के साथ यात्रा की सुविधा प्रदान की जाती है।



### यह दस्तावेज अपलोड करने होंगे

रियायत कार्ड बनवाने के लिए दिव्यांग यात्रियों को जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र, एक पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, और रियायत प्रमाणपत्र (व्यक्ति जो बिना सहचर यात्रा नहीं कर सकता, डॉक्टर द्वारा प्रमाणित किया गया हो) को वेबसाइट पर अपलोड करना होता है। दस्तावेजों के वेरिफिकेशन के बाद कार्ड जारी किया जाता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930